राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-241
लखनऊ, रविवार 21 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





लोक मर्यादा को तार-तार कर रहे विपक्षी गठबंधन के नेता : नंद गोपाल नन्दी 03

देश को मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए न कि मजबूर : अनुराग ठाकुर 12


# हाईस्कूल में प्राची व इण्टर में शुभम टॉपर

## यूपी बोर्ड के सचिव ने मुख्यालय पर घोषित किया परिणाम, हाईस्कूल में 89.55 व इण्टर में 82.60 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण

### 259 केन्द्रों पर महज 12 दिनों में पूरा किया गया कॉपियों का मूल्यांकन

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा-2024 का परिणाम माध्यमिक शिक्षा निदेशक-सभापति डॉ महेन्द्र देव एवं यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने शनिवार को बोर्ड मुख्यालय पर घोषित किया। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में कुल 89.55 प्रतिशत तथा इण्टर में 82.60 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। दसवीं में सीतापुर की प्राची निगम एवं इण्टर में शुभम वर्मा ने टॉप किया है।

निदेशक ने बताया कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 22 फरवरी से 09 मार्च तक कुल 8265 परीक्षा केन्द्रों पर हुई थी। इस वर्ष 55,25,308 परीक्षार्थियों ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। जिसमें 10वीं में 29,47,335 एवं 12वीं में 25,78,007 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। हाईस्कूल में 27,49,364 एवं इण्टर में 24,52,830 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

उन्होंने बताया कि यूपी बोर्ड ने कापियों का मूल्यांकन 259 केन्द्रों पर महज 12 दिनों में पूरा कर लिया। यूपी बोर्ड की ओर से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 01 लाख 47 हजार 097 परीक्षकों की नियुक्ति की गई थी। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 2 करोड़ 85 लाख कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। 16 से 30 मार्च के बीच कापियों का मूल्यांकन हो गया था। निर्धारित किए गए कुल 259 मूल्यांकन केंद्रों में से 83 राजकीय और 177 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को मूल्यांकन केंद्र थे। यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि हाईस्कूल में 24,62,026 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें 12,38,422 बालक एवं 12,23,604 बालिकाएं हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 एवं बालिकाओं का 93.40 प्रतिशत है। इसी प्रकार इण्टर में कुल 20,26,067 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें 10,43,289 बालक एवं 9,82,778 बालिकाएं हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78 तथा बालिकाओं का 88.42 प्रतिशत है। इस प्रकार बालिकाओं ने बाजी मारी है। इस अवसर पर अपर क्षेत्रीय सचिव विभा मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




### कैदियों ने बोर्ड परीक्षा में लिखी कामयाबी की इबारत

**10वीं में 89 तो 12वीं 87 कैदी हुए उत्तीर्ण**

**लखनऊ।** गाजियाबाद, आगरा, लखनऊ की जेल सहित उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद कैदी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। 10वीं कक्षा की परीक्षा में गाजियाबाद की जेल से 17, आगरा जेल से आठ, मथुरा जेल से छह, रामपुर जेल से पांच, बरेली जेल से नौ और लखनऊ जेल से नौ कैदी परीक्षा में शामिल हुए और ये सभी उत्तीर्ण हुए। यूपी बोर्ड के मुताबिक, प्रदेश के 30 जनपदों की जेलों में बंद कुल 91 कैदी 10वीं की परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 89 कैदी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इसके अनुसार इसी तरह, 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 105 कैदी शामिल हुए जिसमें से 87 उत्तीर्ण हुए।

### हाई स्कूल में प्राची निगम 98.50 प्रतिशत अंक व इण्टर में शुभम वर्मा 97.80 प्रतिशत अंक पाकर बने टॉपर



**हाईस्कूल टॉप टेन में 159 व इण्टर में 408 बच्चे शामिल**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) द्वारा शनिवार को घोषित परीक्षा परिणाम में सीतापुर से हाईस्कूल की प्राची निगम एवं इण्टर में शुभम वर्मा रहे। टॉप टेन हाईस्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत (591/600) अंक पाकर तथा इण्टर में शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत (489/500) अंक पाकर टॉप किया है। जबकि हाईस्कूल में कुल 159 तथा इण्टरमीडिएट में 408 विद्यार्थी टॉप टेन की सूची में शामिल हैं। यूपी बोर्ड के जारी परिणाम के अनुसार हाईस्कूल में द्वितीय स्थान पर फतेहपुर की दीपिका सोनकर 98.33 प्रतिशत, सीतापुर की नव्या सिंह एवं स्वाती सिंह 98 प्रतिशत, जालौन की दीपांशी सिंह सेंगर, प्रतापग? से अर्पित तिवारी 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। सीतापुर की वैष्णवी, जालौन की इशिका, प्रयागराज से राज सिंह फतेहपुर से दीपिका देवी व अम्बेडकर नगर से नमिता वर्मा ने 98.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट की परीक्षा में द्वितीय स्थान पर 97.60 प्रतिशत के छह छात्र, 97.40 प्रतिशत के साथ पांच छात्र तृतीय स्थान, 97.20 प्रतिशत के सात छात्र चतुर्थ, 97 प्रतिशत के 17 छात्र पांचवें स्थान पर हैं। इस प्रकार दसवें स्थान तक कुल 408 छात्र शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री योगी ने सफल छात्राओं-छात्रों को दी बधाई

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की दसवीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। साथ ही उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए परिश्रम, लगन और धैर्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और गुरुजनों को हार्दिक बधाई। आप सभी नए उत्तर प्रदेश का स्वर्णिम भविष्य हैं। ऐसे ही परिश्रम, लगन और धैर्य के साथ आप सभी जीवन की हर परीक्षा में सफल हों, यही कामना है। मां शारदे की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे।

## पीएम के नेतृत्व में भारत ने सुशासन का मॉडल दुनिया को दिया : योगी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व में यूपी की आठ सहित देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए हैं। अबतक के रुझान इस बात को बहुत स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करते हैं कि पूरे देश में आम जन का मत मोदी सरकार के लिए प्रचंड रूप से सामने आ रहा है। स्वभाविक रूप से पीएम के नेतृत्व में देश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है, यह अद्भुत और अभिनंदनीय है।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधी आबादी तो पूरी तरह से मोदी के सुरक्षा के मॉडल को अंगीकार कर रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सुरक्षित माहौल के साथ सुशासन का मॉडल भारत ने पूरी दुनिया को दिया है। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा शासित राज्यों में मोदी के मार्गदर्शन में सुरक्षा का बेहतर मॉडल दिया है, इसका हालिया उदाहरण रामनवमी का सकुशल आयोजन है। जबकि अपने तुष्टिकरण की नीति के लिए कुख्यात पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार के कारण वहां रामनवमी की शोभायात्राओं पर हमले हुए हैं। सनातन आस्था को आहत करने की किस हद तक कुचेष्टाएं हो रही हैं, यह एक बार फिर वहां देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल ऑफ लॉ है। मोदी के नेतृत्व में भाजपा पूरे देश और प्रदेशों में सुरक्षा का बेहतर माहौल देने का कार्य किया किया है।

प्रथम चरण के जो रुझान देखने को मिले हैं, पूर्ण विश्वास है कि सातों चरण में भी यही माहौल देखने को मिलेगा। योगी ने राजस्थान के चुनावी दौरे पर निकलने से पहले कहा कि राजस्थान परिवारवाद नहीं बल्कि राष्ट्रवाद, विकास, सुरक्षा और सुशासन के मोदी मॉडल को स्वीकार करते हुए प्रचंड बहुमत के साथ जिताने का कार्य करेगा।

### भाजपा की दस वर्ष में पहचान झूठ व लूट की बनी



**मेरठ, समृद्धि न्यूज।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को मेरठ में मेरठ–हापुड़ लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार सुनीता वर्मा के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने कहा कि दस साल में भाजपा की पहचान झूठ और लूट की बन गई है। हापुड़ रोड स्थित हाजीपुर गांव में आयोजित जनसभा में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि मेरठ सीट के टिकट को लेकर बहुत चर्चा हुई है। सामने वाले दल ने भी बहुत चर्चा की। पहले चरण के चुनाव से खबरें आ रही है कि पश्चिम की हवा भाजपा का सफाया करने जा रही है। भाजपा का पहला शो ही फ्लॉप हो गया है। इनके घिसे–पिटे डायलॉग भी जनता सुनना नहीं चाहती है। भाजपा के नेताओं की कहानी भी कोई सुनना नहीं चाहता है। भाजपा की दस वर्ष में पहचान झूठ और लूट की बनी है। भाजपा जितना झूठ किसी दल ने नहीं बोला होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने तीन काले कानून लागू किए थे, उस समय यहां के किसानों ने दिल्ली में जाकर धरना दिया था। पुलिस किसानों के ट्रैक्टरों को पकड़ लेती थी। किसान घबराया नहीं और सालों तक लड़ता रहा। किसानों के आंदोलन से घबरा कर सरकार को तीनों काले कानून वापस लेने पड़े। किसान एमएसपी की कानूनी अधिकार की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार सुन नहीं रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन के जितने पर किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। किसान खुशहाल होने पर गरीबी अपने आप मिटनी शुरू हो जाएगी। जिस सरकार ने किसान को धोखा दिया हो और नौजवानों को परेशान किया हो, वह सरकारी नहीं बचेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के पेपर लीक होने से नौजवान निराश है।

## संक्षिप्त समाचार

### नलिन प्रभात एनएसजी के महानिदेशक नियुक्त

**नयी दिल्ली/ शिमला।** भारतीय पुलिस सेवा( आईपीएस) के आंध्रप्रदेश कैडर के वरिष्ठ अधिकारी नलिन प्रभात को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी ) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वह अभी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अतिरिक्त महानिदेशक पद पर तैनात हैं। वह नया पद संभालने पर वेतनमान में सोलहवें स्तर के अधिकारी होंगे। वर्ष 1992 बैच के आईपीएस के रूप में श्री नलिन प्रभात का सेवाकाल 31 अगस्त 2028 तक है। केन्द्र सरकार ने ओडिशा कैडर की 1992 बैच की आईपीएस अधिकारी सपना तिवारी को खुफिया ब्यूरो में विशेष निदेशक बनाया गया है। वह अभी इसी एजेंसी में अतिरिक्त निदेशक हैं।

### कांग्रेस ने ओडिशा से तीन, बंगाल से एक प्रत्याशी किए घोषित

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने ओडिशा से लोकसभा के लिए तीन तथा पश्चिम बंगाल से एक सीट का उम्मीदवार आज घोषित किया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन सभी सीटों के उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। ओडिशा की क्योंझर (एसटी) सीट से विनोद बिहारी नायक को पूर्व में घोषित प्रत्याशी मोहन हम्ब्राम की जगह नया उम्मीदवार बनाया गया है जबकि राज्य की संबलपुर सीट से दुलालचंद प्रधान तथा अस्का से देवोकांत शर्मा को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

### लोस चुनाव : 227 उम्मीदवारों ने किया नामांकन पत्र

**गांधीनगर।** गुजरात में लोक सभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन 227 और विधान सभा के लिए 13 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। राज्य की मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पी. भारती की ओर से आज यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया है कि नामांकन पत्र भरने के अंतिम दिन 19 अप्रैल को 227 और विधान सभा के लिए 13 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। राज्य में 26 लोकसभा सीटों के लिए आम चुनाव और पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव के लिए 12 अप्रैल शुक्रवार से नामांकन पत्र दाखिल करना शुरू हो गया, 13 और 14 अप्रैल तथा 17 अप्रैल बुधवार को रामनवमी की छुट्टी रही।

### 1.32 करोड़ के मादक पदार्थ के साथ सात गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की एंटी नार्कोटिक्स सेल (एएनसी) की टीम ने शनिवार को मुंबई के मलाड, वसई और कुर्ला में छापेमारी कर 1.32 करोड़ रुपये की हेरोइन और मेफेड्रोन के साथ सात लोंगो को गिरफ्तार किया है।

## अवैध ऑनलाइन विदेशी मुद्रा व्यापार मामले में 2.7 करोड़ रुपए जब्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने पीएमएलए, 2002 प्रावधान के तहत ऑक्टाएफएक्स अवैध ऑनलाइन विदेशी मुद्रा व्यापार मामले में 2.7 करोड़ रुपये की बैंक धनराशि जब्त की है।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि ईडी की मुंबई टीम ने ऐप और वेबसाइट की तलाशी अभियान के दौरान 2.7 करोड़ रुपये की बैंक धनराशि जब्त की है। इस तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए हैं। ईडी ने बताया कि इसके लिए 18 अप्रैल को धन-शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय ब्रोकरों अर्थात् ऑक्टाफैक्स ट्रेडिंग के माध्यम से अवैध ऑनलाइन विदेशी मुद्रा व्यापार के मामले में चल रही जांच के हिस्से के रूप में तलाशी अभियान चलाया गया था। ऑक्टाएफएक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स ऑक्टाएफएक्स और उनकी संस्थाओं ने विदेशी मुद्रा व्यापार की आड़ में निवेशकों को धोखा दिया।

## छत्रपति संभाजीनगर में युवती का धर्म परिवर्तन कर किया निकाह, तीन लोगों पर मामला दर्ज

एजेंसी

**मुंबई।** छत्रपति संभाजीनगर जिले में एक इंजीनियर युवती का धर्म परिवर्तन कराने और उसके साथ निकाह करवाने के आरोप में तीन लोगों के विरुद्ध सतारा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

इस मामले की गहन छानबीन पुलिस कर रही है। समाचार लिखे जाने तक किसी आरोपित को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। पुलिस के अनुसार पीड़िता सतारा इलाके में रहती है। आरोपितों ने उसे पहले प्रेम जाल में फंसाया। उसके बाद उसका जबरन धर्म परिवर्तन भी करवाया गया। इसके बाद उसे काजी के पास ले जाकर उसके कपड़े और बाल जमा करवाए गए । वहां उसे नमाज पढ़ने के लिए भी मजबूर किया गया। बाद में आरोपितों ने खाली बांड पर जबरन हस्ताक्षर कर उस युवती से निकाह कर लिया। इसके बाद तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। धोखाधड़ी की शिकार होने का एहसास होने पर युवती किसी तरह इनके चंगुल से बचकर शुक्रवार को देर रात सतारा पुलिस स्टेशन में पहुंची और तीनों के विरुद्ध मामला दर्ज करवाया। आरोपितों की पहचान ताहेर तैयब पठान, तैय्यब शब्बीर पठान और आयशा ताना पठान के रूप में की गई है।



### प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे 25 छात्र फूड प्वाइजनिंग से बीमार

**मुंबई।** पुणे जिले के कडुस इलाके में स्थित दक्षिणा फाउंडेशन नामक संस्थान में शुक्रवार रात को 25 छात्र फूड प्वाइजनिंग से बीमार हो गए। इन सभी को रात में ही पुणे ग्रामीण अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इनमें से पांच लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। कडुस में दक्षिणा फाउंडेशन में जेईई और आईआईटी जैसी विभिन्न प्रतियोगी प्री-परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए देश के विभिन्न राज्यों के छात्र आए हैं। शुक्रवार रात के भोजन का मेन्यू आलू सब्जी चपाती और दाल चावल था। भोजन बनने के बाद रात को 550 विद्यार्थियों ने यहां भोजन किया था। इसके बाद देर रात इनमें से 25 छात्र उल्टी-दस्त से पीड़ित हो गए।

## सपा विधायक इरफान सोलंकी केस में आठवीं बार टला फैसला

समृद्धि न्यूज

**एमपी-एमएलए कोर्ट ने नियत की 26 अप्रैल की तारीख**

**कानपुर।** महाराजगंज जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ दर्ज आगजनी के मामले में आठवीं बार शनिवार को फैसला टल गया। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र त्रिपाठी ने अगली तारीख 26 अप्रैल नियत की है।

कोर्ट कुछ बिन्दुओं पर बचाव पक्ष से लिखित में बहस करना चाहती है जिसको लेकर निर्देशित किया गया है। यानी 26 अप्रैल को भी फैसला नहीं आएगा और सिर्फ लिखित बहस अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से होगी। सीसामऊ सीट से सपा विधायक इरफान सोलंकी व उसके भाई रिजवान समेत एक दर्जन लोगों पर आरोप है कि अपने आवास के पास ही नजीर फातिमा के प्लॉट पर कब्जा करना चाहते थे। इसी को लेकर साजिशन आरोपितों ने प्लॉट पर बनी झोपड़ी में आग लगा दी थी। मामले की सुनवाई कानपुर एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही है और शनिवार को एक बार फिर कोर्ट ने फैसला यह कहते हुए टाल दिया कि कुछ बिन्दुओं पर लिखित बहस की जरुरत है।

### महानदी हादसे में मृतक परिजनों को चार-चार लाख की सहायता राशि की घोषणा

**रायगढ़।** ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में शुक्रवार को महानदी में नौका पलटने से उसमें सवार करीब 70 लोगों में से सात की मौत हो गई और एक व्यक्ति अभी भी लापता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मृतकों के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने के संबंध में निर्देश आज जिला प्रशासन को दिए। पुलिस ने बताया कि हादसे के दौरान नौका में पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के खारसिया के रहने वाले करीब 50 लोग सवार थे जो ओडिशा के बारगढ़ जिले के पथरसेनी कुडा स्थित मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे।

## कोर्ट ने खारिज की सिसोदिया की अंतरिम जमानत, अब 30 को फैसला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बवेजा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों और सिसोदिया के वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश 30 अप्रैल के लिए सुरक्षित रख लिया। आम आदमी पार्टी के नेता ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते दोनों मामलों में अंतरिम जमानत याचिका भी दायर की है। हालांकि सिसोदिया के वकील ने शनिवार को अदालत को बताया कि नियमित जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित किए जाने के कारण वह याचिका निरर्थक हो गई है।



### चेन्नई हवाई अड्डे पर 5,000 रेड इयर स्लाइडर कछुए जब्त

**चेन्नई।** चेन्नई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल पर मलेशिया की फ्लाइट से लाए गए दो सूटकेसों से लगभग 5,000 रेड इयर स्लाइडर कछुए (कछुए की प्रजाति) जब्त किए। हालांकि इस जब्ती के बाद शनिवार को ही इसे वापस मलेशिया भेज दिया गया। मैक्सिकन मूल रेड इयर स्लाइडर कछुए की भारत में काफी मांग है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने उन दो सूटकेसों की जांच की जो शुक्रवार रात बाटिक एयर की उड़ान से यहां लाए गए थे और चेक इन के दौरान दोनों सूटकेस लावारिस हालत में मिले।

## मुरादाबाद से बीजेपी प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का निधन

**सीएम योगी ने निधन पर व्यक्त किया शोक**

समृद्धि न्यूज



**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के मुरादाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का निधन हो गया है। उन्होंने शनिवार शाम 6:30 बजे दिल्ली एम्स में 71 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। सीएम योगी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

कुंवर सर्वेश को बीजेपी की ओर से जब टिकट मिला था, वह तभी से अस्पताल में भर्ती थे। वह कैंसर से पीड़ित थे। इस सीट पर 19 अप्रैल यानी शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत वोटिंग हुई थी। मुरादाबाद में करीब 60 फीसदी मतदान हुआ था, जबकि इसी सीट पर साल 2019 में 65.39 फीसदी वोटिंग हुई थी। सर्वेश सिंह के खिलाफ सपा से रुचि वीरा मैदान में हैं। पेशे से बिजनेसमैन कुंवर सर्वेश कुमार को उत्तर प्रदेश के बाहुबली नेताओं में से एक माना जाता था। साल 2014 में सर्वेश सिंह मुरादाबाद से सांसद बने थे। सांसद बनने से पहले वह ठाकुर द्वारा विधानसभा सीट से 4 बार विधायक चुने गए थे।

**जनसभा** प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा

## खतरनाक मानसिकता को बढ़ावा दे रही है कर्नाटक सरकार

### मेरा लक्ष्य भारत को प्रगति और सुधार के साथ 21वीं सदी में ले जाना : मोदी

एजेंसी



**बेंगलुरु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक और राज्य की राजधानी बेंगलुरु में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर 'गंभीर चिंता' व्यक्त करते हुये कांग्रेस सरकार पर खतरनाक मानसिकता को बढ़ावा देने का शनिवार को आरोप लगाया।

श्री मोदी ने यहां चुनावी सभा को संबोधित करते हुये हुबली में एमसीए की छात्रा नेहा हिरेमथ की बर्बर हत्या और रामेश्वरम कैफे विस्फोट सहित कई खतरनाक घटनाओं का हवाला दिया गया और राज्य सरकार पर खतरनाक मानसिकता को बढ़ावा देने के लिये जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा, यहां कांग्रेस सरकार जिस तरह के विचारों और मानसिकता को बढ़ावा दे रही है, वह बहुत खतरनाक है। यहां हमारी बेटियों पर हमले हो रहे हैं, बाजार में बम गिराये जा रहे हैं। भजन-कीर्तन करने पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाले प्रशासन के तहत बढ़ती उथल-पुथल के सबूत के रूप में महिलाओं पर हाल के हमलों, बाजारों में बमबारी और धार्मिक समारोहों के दौरान हमलों की ओर इशारा करते हुये स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

मोदी ने बेंगलुरु और कर्नाटक के निवासियों से सतर्क रहने का आग्रह करते हुये अपील की कि वे कांग्रेस से बहुत सतर्क रहें। उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर उन्हें झूठे आरोपों से निशाना बनाने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने देश के विकास पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हुये कहा कि उनका लक्ष्य भारत को प्रगति और सुधार के साथ 21वीं सदी में ले जाना है। श्री मोदी ने विपक्ष की चुनाव प्रचार रणनीति पर निशाना साधते हुये उन पर पुरानी रणनीतियों को दोबारा इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

### सरकार बनी तो गरीब परिवार की महिला को देंगे एक लाख



**भागलपुर (बिहार)।** राज्य के भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 150 से अधिक सीटें नहीं मिलने वाली है। यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि देश के अरबपतियों का मोदी सरकार ने 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया। आईएनडीआईए की सरकार बनेगी तो जितना कर्ज पूंजीपतियों का माफ किया गया, उतना कर्ज किसानों का भी माफ किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि यूपीए शासन काल में किसानों का कर्ज माफ हुआ था लेकिन भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों का जितना कर्ज माफ किया उतनी राशि से कई बार किसानों का कर्ज माफ हो सकता है। आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद गरीब परिवार की एक महिला सदस्य के खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर कर दिया जाएगा। हर महीने में 8,500 रुपये डाल दिए जाएंगे।

# यूपी बोर्ड के परीक्षाफल में 10वीं के नौ व 12वीं के 17 मेधावी टॉप टेन में शामिल

## हाई सकूल में नइला उबैद व इण्टरमीडिएट में सुनाक्षी चन्दन, सक्षम जिला टॉप

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

यूपी बोर्ड के हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही इण्टर कालेजों में मेधावियों को बधाई व हर्षोल्लास का माहौल बन गया। जिले में हाई सकूल में 42426 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें से 38031 परीक्षार्थी सफल हुए हैं 89.64 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं इण्टरमीडिएट में 31951 छात्र परीक्षा दिए हैं जिसमें 85.25 प्रतिशत 27237 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम आते ही शिक्षक व प्रधानाचार्य अभिभावकों एवं छात्रों को फोन करके कालेज बुलाया और उन्हें मालाफूल पहनाकर बधाई दी गई। वहीं छात्र अपने सहपाठियों को बधाई देने में पीछे नही रहे। फिलहाल इस बार के परीक्षाफल में सीतापुर के छात्रों ने बाराबंकी को पीछे कर दिया। सीतापुर जिले के ही हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट के छात्रों ने टॉप किया है। 10वीं के यूपी की टाप टेन सूची में बाराबंकी से 09 छात्र-छात्राएं स्थान लाने में कामयाब हुए। श्रीसाई इण्टर कालेज जैदपुर शाखा की छात्रा नइला उबैद ने 97.67 प्रतिशत अंक लाकर 5वां स्थान व बीआरजीपी इण्टर काले बरैया के छात्र ऋषि सोनी 97.33 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश में सातवां स्थान और महारानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल इण्टर कालेज की छात्रा तफसीर फातिमा तथा श्री सुन्दरलाल इण्टर कालेज औरैला के छात्र शुभ वर्मा ने संयुक्त रूप से 97.17 प्रतिशत अंक लाकर 8वां स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश सूची में नवें स्थान पर बाराबंकी जिले के तीन छात्र महारानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल इण्टर कालेज से अर्पिता जायसवाल, सरस्वती विद्या मंदिर लखपेड़ाबाग से युवराज वर्मा तथा बीआरजीपी इण्टर कालेज बरैया सूरतगंज की छात्रा खुशी पाण्डेय ने 97 प्रतिशत अंक लाकर 9वां स्थान बनाया है। 10वें स्थान पर दो छात्राएं एमआरएलबी से काव्या शुक्ला, श्री साई इण्टर कालेज से कीर्ति मौर्या ने 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। सभी छात्र-छात्राओं व मेधावियों को अभिभावकों के साथ उन्हें बधाई मिल रही हैं।

इण्टरमीडिएट के परीक्षा परिणाम की प्रदेश टाप टेन की सूची में 03 छात्र-प्रतिभा इण्टर कालेज नरैनी की छात्रा सुनाक्षी श्रीवास्तव श्री साई इण्टर कालेज के छात्र सक्षम तिवारी व चन्दन यादव ने 97 प्रतिशत अंक लाकर टाप टेन की सूची में पांचवा स्थान लिया वहीं 7वें स्थान पर रामसेवक यादव स्मारक इण्टर कालेज बड़ेल की छात्रा सुहानी वर्मा ने 96.60 तथा श्री साईं इण्टर कालेज के 05 छात्र-छात्राएं रौनक सोनी, श्रद्धा वर्मा, जूली वर्मा, हर्षित राज और शास्वत गुप्ता ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 7वां स्थान प्राप्त किया है।








### सफाई कर्मी के बेटे ने बनाया टॉप टेन में स्थान



आनंद विहार इंटर कॉलेज के छात्र अमन सिंह ने हाईस्कूल में बनाया यूपी टॉप टेन में स्थान, अमन के पिता सफाईकर्मी है, आनंद विहार स्कूल के प्रबंधक शैलेंद्र सिंह ने बताया अमन काफी मेधावी छात्र है, जिसकी हर संभव मदद विद्यालय प्रशासन द्वारा की जाती है।

### रिद्धिमा मिश्रा ने अर्जित किया 96 प्रतिशत अंक, मिल रही बधाइयां



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के परीक्षा मैं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ बधाई दी है। इसी क्रम में नगर के ब्रम्हनान वार्ड निवासी भारतीय जीवन बीमा निगम के दिनेश मिश्रा की सुपुत्री रिद्धिमा मिश्रा ने रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल इंटर कॉलेज से पढ़ाई करते हुए हाई स्कूल की परीक्षा में 96प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने मिश्रा परिवार विद्यालय और हैदरगढ़ का मान बढ़ाया है। रानी लक्ष्मी बाई विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अखिलेश प्रताप सिंह ने उज्जवल भविष्य के साथ शुभकामनाएं प्रदान की है।

### मेधावियों की पहली पसंद आईएएस बनना



**सिरौलीगौसपुर।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटर के टॉपरों की टॉपटेन लिस्ट में अपना नाम आने के बाद आईएएस व जेआई बनना चाहते हैं छात्र। यूपी हाईस्कूल में आठवा स्थान हासिल करने वाले चिरैन्धा पुरवा के रहने वाले शुभ वर्मा पुत्र राकेश कुमार वर्मा आईएएस के माध्यम से देश की सेवा करना चाहते हैं। वही केवलापुर निवासी नूरिन बानो पुत्री हनीफ ने इंटरमीडिएट में नौवां स्थान पाने के बाद जेआई बनना चाहती है।तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के श्री सुंदरलाल इंटर कॉलेज औरेला सैदनपुर का जिले में रहा दबदबा। इस विद्यालय से हाईस्कूल में छात्र व इंटरमीडिएट में छात्रा ने यूपी टॉप टेन में जगह बनाई। यह खबर कालेज प्रबन्धक को मिली तो पूरे विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया विद्यालय में प्रबन्धक राकेश दीक्षित, आशुतोष यादव, प्रधानाचार्य राजकुमार आदित्य दीक्षित सहित पूरे विद्यालय परिवार ने टॉपरों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में बदोसराय निवासिनी नन्दनी पाण्डेय पुत्री किंकर पाण्डेय ने बाराबंकी जनपद में छठा स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।वही किंतूर की रहने वाली हुमा पुत्री अरसद अंसारी ने हाईस्कूल में जनपद में दसवाँ स्थान हासिल किया और अपने माता पिता के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन किया। टॉपर छात्र छात्राओं ने इस सफलता का श्रेय सबसे पहले विद्यालय के गुरुजनों व उसके बाद माता पिता व भाइयों को दिया।इस अवसर पर प्रबंधक राकेश दीक्षित में बताया कि हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राएं लगातार विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। इस बार हमारे विद्यालय के दो छात्र यूपी टॉप टेन व चार छात्र जनपद टॉप टेन में स्थान बनाया है। हमारा विद्यालय बराबर बच्चों को आगे बढ़ाने का कार्य करता रहेगा।

### नइला उबैद की सफलता से नगरवासियों में हर्ष, दे रहे बधाईया



जैदपुर। यूपी बोर्ड के रिजल्ट आते ही जैदपुर कस्बे मे खुशी की लहर दौड़ गयी।जैदपुर के श्री साईं इंटर कालेज की हाई स्कूल छात्रा नायला उबेद ने यूपी में पांचवें व जिले में पहला स्थान प्राप्त करने पर बधाई देने वालों का तांता लग गया।बताते चलें कि जैदपुर के मोहल्ला कटारी टोला निवासी मदरसा नूरूल उलूम के शिक्षक अबु उबैदा की पुत्री नायला उबेद ने यूपी बोर्ड के परीणाम में यूपी में 97.67 प्रतिशत मार्क लाकर 5वां स्थान व जिले में पहला स्थान हासिल कर अपने मां बाप का नाम रोशन करने के साथ स्कूल व कस्बे का नाम रोशन किया है। जिससे आज उनके घर में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।ज्ञात हो कि पढ़े लिखे घराने से तअल्लुक रखने वाली नायला उबेद के भाई डाक्टरी की पढ़ाई कर रहा है।नायला उबैद भी पढ़कर डाक्टर बन समाज की सेवा करना चाहती है।नायला ने अपनी कामयाबी में माता पिता टीचर का सहयोग प्राप्त होने की बात बताते हुए बताया कि मेहनत और लगन से कभी पीछे नहीं हटना चाहिये तरक्की मिलने से कोई रोक नहीं सकता है।पिता उबु उबैदा ने बताया नायला बचपन से पढने मे बहुत तेज थी। और आगे डाक्टर बनने का सपना इंशाअल्लाह पूरा होगा। वहीं छोटा इमामबाड़ा निवासी मुन्ना इलेक्ट्रॉनिक रईस की पुत्री तमहीद रईस ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी एक अलग पहचान बनायी और मां बाप का सिर ऊंचा करने वाली तमहीद के परिवार में रात तक लोग हौसला अफजाई के लिये देखे गये।जबकि अंजलि वर्मा व सपा नेता अजमत अली बब्बू शेख की पुत्री असमां शेख ने 94.2 प्रतिशत परीणाम लाने पर परिवार मे खुशी का माहौल बन गया।जबकि जैदपुर कस्बे के पत्रकार शहाबुद्दीन सिद्दीकी के पुत्र मो अरमान के काफी अच्छे परिणाम आने पर परिवार के लोगो ने फूल माला पहनाकर हौसला अफजाई एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बच्चे के उज्जवल भविष्य की कांमना की गयी।इस मौके पर शहाबुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा रहता है।मेहनत और लगन से किये गये हर काम का अच्छा परिणाम मिलता है। काम के साथ हर माता पिता के बच्चो की शिक्षा पर ध्यान देने से यही बच्चे एक दिन देश का नाम रोशन करेगे।

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में घायल पत्रकार की इलाज के दौरान मौत



**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज।** मार्ग दुर्घटना में घायल हुए कस्बे के रहने वाले एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। मितौली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मितौली कस्बे के रहने वाले धीरज मिश्रा पुत्र कालिका प्रसाद मिश्रा (40) एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार थे। गुरुवार को वह घर से सीतापुर जनपद के महोली कस्बे में एक शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान महोली थाना क्षेत्र के बड़ागाँव-महोली मार्ग पर बेहड़ गांव के पास उनकी कार के सामने एक आवारा पशु आ गया। आवारा पशु को बचाने के चक्कर मे कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे चालक धीरज मिश्रा व गोला निवासी उनका साथी पंकज गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने डायल112 को सूचना दी। मोके पर पहुची पुलिस व ग्रामीणों ने घायलों को एम्बुलेंस से महोली सीएचसी भेजा। जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल सीतापुर रेफर किया गया। जहाँ पर डॉक्टरों ने गम्भीर हालात देखते हुए लखनऊ रेफर किया। शुक्रवार देर शाम लखनऊ के एक निजी अस्पताल में पत्रकार धीरज मिश्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई है वही साथी पंकज का इलाज जारी है। धीरज मिश्रा के शव को परिजन घर ले आए। जहाँ शनिवार को मितौली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा गया। दोपहर बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया , धीरज मिश्रा के छोटी बेटी है।

### बीमारी से ग्रस्त भाई, बहन की नहीं देख सका विदाई, शादी से कुछ घंटे पहले मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** गंभीर बीमारी से पीड़ित एक भाई अपनी बहन की बारात का स्वागत नहीं कर सका और बरात आने से कुछ घंटे पहले ही उसकी मौत हो गई। थाना लोनी कटरा अंतर्गत ग्राम जगन्नाथपुर मजरे देवीपुर में 10 वर्ष पूर्व ही माँ-बाप का साया उठने के बाद एकलौती बहन के हाथ पीले करने की जिम्मेदारी भाइयों की थी। तीन भाइयों में एकलौती बहन मीना 25 की बारात आज आनी थी। मीना के दो बड़े भाइयों राम समुझ व रामशरण का विवाह पहले ही हो चुका है। मीना से छोटा भाई गंभीर बीमारी के चलते लखनऊ स्थित एक अस्पताल में भर्ती था। बहन की शादी के चलते भाई राम सिंह अस्पताल से छुट्टी लेकर घर आया था। लेकिन शनिवार को घर पर जब हंसी खुशी बहन की शादी की तैयारी चल रही थी, उसी दौरान राम सिंह ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिवार में खुशियों की बजाय गम का साया पसर गया। मीना के भाइयों ने बताया घटना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन होनी को कौन टाल सकता है। भाई का अंतिम संस्कार और बहन की शादी दोनों साथ-साथ औपचारिक रूप से निपटाए जाएंगे।

# मिल न चलने के कारण नाराज किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन



**खैरटिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बेलरायां चीनी मिल लगातार दो दिनों से बन्द होने से परेशान किसानों ने जीएम बंगले का घेराव किया। जीएम के बाहर न निकलने से गुस्साए किसानों ने बेलरायां चौराहे पर जाम लगा दिया।

सरजू सहकारी चीनी मिल के द्वारा किसानों को एकदम से पर्चियां दे दी गई जिसकी वजह से किसान अपना अपना गन्ना लेकर मिल आ गए लेकिन दो दिनों से मिल बन्द है जिसकी वजह से दो किलोमीटर लम्बा जाम लग गया।किसान भी कड़कड़ाती धूप में सड़कों पर रहने को मजबूर है जिससे गुस्साए किसानों ने सुबह जीएम राहुल यादव के बंगले पर पहुच गए लेकिन दो घंटे खड़े रहने के बावजूद जीएम किसानों से नही मिले। गुस्साए किसानों ने बेलरायां चौराहे पर पहुंच कर ट्रैक्टर ट्रॉली लगा कर जाम लगा दी। लगभग दो घंटे बाद जीएम किसानों से मिलने को तैयार हुए। इस दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि दो दिनों से मिल बन्द है। मिल यार्ड में न तो पानी है और न ही छाया। किसान चौबीसों घंटे धूप में रहने को मजबूर है। किसानों का कहना है कि करोड़ो रूपये मिल रिपेयरिंग के नाम पर खर्च किये जाते है लेकिन मिल कभी सही नही चल पाती। हर तरफ से किसानों का ही नुकसान होता है। इस समय गेहू कटाई चल रही है लेकिन किसान दस दस दिन मिल में पड़ा रहता है समय से गन्ना न निकल पाने के कारण दूसरी फसल भी नही बो सकते। हर तरफ से किसान ही मारा जाता है। अधिकारी ए सी में बैठकर आराम फरमा रहे हैं।

मौके पर पहुचे पूर्व उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह ने किसानों से बात कर जीएम से वार्ता की जिस पर जीएम राहुल यादव ने बताया कि चैन टूट गई जिसको जल्द ही ठीक कर मिल को चालू कर दिया जाएगा। इस दौरान कपिल,जोगेंद्र सिंह,मलकीत सिंह, अजय कुमार,राइस अहमद, सतीश कुमार, लोकेश कुमार सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# धौरहरा से बसपा प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन के तीसरे दिन 29द्धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से श्याम किशोर अवस्थी ने रिटर्निंग अफसर के समक्ष अपना नामांकन पत्र दो सेट में दाखिल किया।

वही 28द्खीरी संसदीय क्षेत्र से कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

### धौरहरा से तीन लोग ले गए नामांकन पत्र

नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन शनिवार को धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए निर्धारित आरओ कक्ष से 03 व्यक्ति नामांकन पत्र लेकर गए है। वही 28द्खीरी संसदीय क्षेत्र से ना तो किसी ने नामांकन पत्र प्राप्त किया और नहीं दाखिल किया।

# ऑनलाइन फूड डिलीवरी एप का शुभारंभ

## अब घर बैठे 40 मिनट में मिल सकेगा गरमा-गरम भोजन



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार को कस्बे के ब्रम्हनान वार्ड में जोमैटो की तर्ज पर शुरू किए गए गुड ईट ऑनलाइन फूड डिलीवरी सिस्टम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत के अध्यक्ष आलोक तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया एवं पूर्व उप बेसिक शिक्षा अधिकारी माता प्रसाद अवस्थी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

नगर अध्यक्ष आलोक तिवारी ने युवा नेता रोहित मिश्रा द्वारा शुरू किए गए इस ऑनलाइन फूड डिलीवरी एप की सराहना करते हुए कहा कि आपके द्वारा उठाया गया यह कदम युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है कि कैसे हम कम पूंजी में एक बड़ा व्यापार शुरू कर सकते हैं। वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने कहा कि रोहित मिश्रा द्वारा उठाया गया यह कदम मिल का पत्थर साबित होगा इसके साथ ही हैदरगढ़ के प्रसिद्ध व्यंजन दूर-दूर तक पहुंचेंगे और हैदरगढ़ का नाम भी रोशन होगा ऐप बेस्ड फूड डिलीवरी सर्विस द्वारा यह सुविधा पुनः ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू की जा रही है। इसके अलावा माता प्रसाद अवस्थी बैजनाथ मौर्य माता-पिता धाम के प्रमुख सेवादार पंकज मिश्रा ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। गुड ईट के संस्थापक रोहित मिश्रा द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं उनके प्रति आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से दादा हरिशरण मिश्रा हनुमान प्रसाद विश्वकर्मा सभासद सूरज दीक्षित शिवा वर्मा द्वारिका प्रसाद अवस्थी आशीष साहू कुलदीप मिश्रा शशांक सिंह अली रिजवी प्रिंस प्रतीक सरगम करुणेश द्विवेदी भारत सिंह गोपाल मौर्य अंशु शर्मा अमन साहू आदि मौजूद रहे।

### आग लगने से घर की सारी गृहस्थी जलकर राख

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** थाना लोनीकटरा अंतर्गत मनिकापुरवा मजरे भितरी गांव में देर रात आग लगने से पूरा घर जलकर नष्ट हो गया।घर में रखी गृहस्थी के अलावा 15 हजार रुपये की नगदी भी जल कर खाक हो गई । सूचना पाकर पहुंचे फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाया तब तक सारी संपत्ति व घर जलकर राख हो चुका था। लोनी कटरा थाना क्षेत्र के मनिकापुरवा गाँव में बीती रात मुकेश के घर पर रामायण का अखण्ड पाठ चल रहा था, देर रात रामायण पढ़ने वालो को गृह स्वामी की पत्नी चाय बनाने गयी तभी चाय बनाते समय छप्पर में आग लग गई ।आग लगी देख जहां सब लोग भाग निकले वहीं मुकेश का छोटा भाई हरिकेश आग बुझाने लगा जिससे उसका हाथ व मुंह झुलस गया, सूचना पर पहुची पुलिस व फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई।

# गंभीरतापूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें मतदान कार्मिक : जिलाधिकारी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आज जो लोग यहां पर पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी प्रथम के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं उन्होंने पूर्व में भी निर्वाचन के दौरान किसी न किसी पद पर रहते हुए निर्वाचन संपन्न कराया होगा। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में आप सब मतदान कार्मिकों की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। आप सभी लोग अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें । उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिक अपनी जिम्मेदारी की अहमियत को समझते हुए प्रशिक्षण के दौरान मतदान से संबंधित सभी जरूरी प्रक्रियाओं के बारे में परी की से जानकारी हासिल करें और निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के क्रम में मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने में अपना योगदान निभाए। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार आज जीआईसी ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्मिकों को निर्देशित किया की गंभीरता पूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में गैर हाजिर मतदान कार्मिकों के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत दंडनीय कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अ0सुदन ने मतदान प्रक्रिया के बारे में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बारे में पीठासीन तथा मतदान कार्मिकों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि सभी मतदान कार्मिक पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें और प्रशिक्षण के दौरान बताई जा रही समस्त प्रक्रियाओं को ध्यान से सुने और समझे। यदि किसी कार्मिक को किसी प्रकार की शंका है, तो तत्काल अपने मास्टर ट्रेनर से पूछ ले। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही न बरती जाए।

# सीडीपीओ ने की आंगनवाड़ी केंद्रों की जांच कई आंगनबाड़ी मिली अनुपस्थित

**खैरटिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की जिसमे भैरमपुर व तकियापुरवा में अनुपस्थित मिली आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को सूचित किया है। सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी ने शनिवार को भैरमपुर व तकियापुरवा में आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जिसपर मौके पर भैरमपुर में पूजा वर्मा व चुन्नी देवी सगी देवरानी व जेठानी है जोकि दोनो अनुपस्थिति मिली। ग्रामीणों से जानकारी की गई तो पता चला कि दोनों ही महीनों से नही आती है। इसी



तरह तकियापुरवा केंद्र पर जांच की गई तो रेहाना अनुपस्थिति मिली जोकि लखीमपुर में रहती तथा केंद्र पर नही आती है न ही हाटकुक का खाना बनता है। मौके पर मिले ग्रामीणों ने उनसे लिखित में शिकायत की है जिसके आधार पर उच्चाधिकारियों को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया है।

# यूपी बोर्ड : 12वीं में स्मृति सिंह तो दसवीं में कृष्ण गुप्ता ने किया जिला टॉप

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार की दोपहर 2:00 बजे यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं के परीक्षा के नतीजे घोषित हो गए। नतीजे देखकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। पूर्व की तरह इस बार भी लखीमपुर खीरी में छात्राओं ने बाजी मार ली। लखीमपुर खीरी के गोला स्थित सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा स्मृति सिंह ने इंटरमीडिएट में 97प्रतिशत अंक अर्जित कर जिला टॉप व प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया वहीं एरा बाल विद्या मंदिर खमरिया के दसवीं कक्षा के छात्र कृष्ण गुप्ता ने 95.83प्रतिशत अंक अर्जित कर जिला टॉप किया है। इंटरमीडिएट में कुल रिजल्ट 78.02प्रतिशत रहा जिसमें कुल परीक्षार्थी 45079 ने परीक्षा दी थी जिसमें 33510 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए वहीं कक्षा 10 में स्कूल रिजल्ट 81.84 प्रतिशत रहा जिसमें पंजीकृत छात्रों की संख्या 52736 थी जिसमें 40634 बच्चे उत्तीर्ण हुए।

आदर्श इंटर कॉलेज मितौली खीरी विद्यालय के इंटरमीडिएट की छात्रा आरजू गुप्ता पुत्री प्रदीप गुप्ता ने 88.4प्रतिशत अंक प्राप्त कर सम्मान विद्यालय का गौरव बढ़ाया। शिवांकी पुत्री राम सिंह ने 74प्रतिशत तथा शिवांगी पुत्री प्रकाश ने 62प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। हाई स्कूल के छात्र सोनू पुत्र रमेश कुमार 89.8प्रतिशत साधना पाल पुत्री लाल बहादुर ने 84.5 प्रतिशत तथा सोनू पुत्र डालचंद ने 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय ,तृतीय प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरजू गुप्ता ने हिंदी में 96 व अंग्रेजी में 92 अंक तथा समस्त विषयों में से सम्मान सहित अंक प्राप्त किये।



स्मृति सिंह



कृष्ण गुप्ता

### एच बी कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं ने रचा इतिहास

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में कस्बे के एच बी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र मुन्तज़मि खां पुत्र कबीर खां ने 548/600 अंक प्राप्त कर क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल किया। मोहम्मद बिलाल पुत्र मोहम्मद अहमद 526/600 अंकों के साथ द्वितीय व सहरोज रजा ने 523/600 अंको निसात खान ने 517/600 अंक प्राप्त कर विद्यालय, घर, परिवार के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मुन्तज़मि खान का सपना डॉक्टर तो वही मोहम्मद बिलाल इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। सफलता के इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रबंधक गुल मोहम्मद रजा, प्रधानाचार्य मोहम्मद असलम रज़ा व सभी शिक्षक, शिक्षकाओं ने सभी सफल छात्र छात्राओं को मीठा खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया ।

### कक्षा दसवीं के टॉप पांच परीक्षार्थी

1- कृष्ण गुप्ता 95.83- एरा बाल विद्या मंदिर खमरिया
1- तेजस्वी नारायण शर्मा- 95.83 सरस्वती विद्या मंदिर गोला
2- प्रतीक सिंह चौहान- 95.50- अनंत राम इंटर कॉलेज लखीमपुर
3- भूमि मौर्य 95.33 सनातन धर्म
4- नैंसी वर्मा 95.17 विद्या निकेतन गोला
4- सौरभ वर्मा 95.17 पंडित दीनदयाल उपाध्याय
4- आयुष 95.17- विद्या मंदिर चौखड़िया
4- शिवांश वर्मा 95.17 स्वामी विवेकानंद तोड़कपुर
5- बरखा मिश्रा 95प्रतिशत किसान इंटर कॉलेज फरधान
5- अंशिका गुप्ता 95प्रतिशत विद्या मंदिर गोला

### कक्षा 12वीं के टॉप पांच परीक्षार्थी

1-स्मृति सिंह 97प्रतिशत विद्यानिकेतन गोला
2- सचिन कुमार वर्मा 96.80 आदर्श विद्या मंदिर शास्त्री नगर लखीमपुर
3- अक्षत पांचाल 96.40 विद्या मंदिर गोला
4-अभय प्रताप सिंह 95,.60 विद्या मंदिर गोला
5-वैष्णवी गुप्ता 95.40 विद्या निकेतन गोला
5-अनन्या रस्तोगी 95.40, चन्द्र प्रभा खमरिया

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक

## 94 केन्द्रों पर आयोजित सास बहू ननद सम्मेलन में लगभग चार हजार सदस्यों ने किया प्रतिभाग

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए आज जनपद के 94 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 3993 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान-मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

बाल विकास परियोजना बंकी के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कर समस्त प्रतिभागियों को



आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया उपस्थित प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ लेते हुए अन्य को भी मतदान करने हेतु प्रेरित किया है। सिरौलीगौसपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र में सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को बताया गया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान आवश्यक है। प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ ग्रहण ली। उपस्थित प्रतिभागी ने कहा कि हम पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान करेंगे।

सूरतगंज के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मतदान करने हेतु सम्मेलन किया गया जिसमें प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिये उनका एक वोट भी अहम है इसलिये मतदान अवश्य करें। प्रतिभागियों ने कहा कि जैसे हमारे स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार आवश्यक है उसी प्रकार स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। फतेहपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को जागरुक किया गया कि जिस तरह से शरीर को स्वस्थ रखने के लिये पौष्टिक आहार आवश्यक है उसी तरह मतदान आवश्यक है इसलिये मतदान आवश्य करें। उपस्थित प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वह पहले मतदान करेंगे उसके बाद अन्य काम करेंगे। बाल विकास परियोजना त्रिवेदीगंज के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को समझाया गया कि मतदान एक पर्व है जिसमें सभी लोग मिलकर प्रतिभाग करें और अपना बहुमूल्य वोट अवश्य डालें। प्रतिभागियों ने कहा कि एक-एक वोट कीमती है हम वोट डालने अवश्य जायेंगे।

# लोक मर्यादा को तार-तार कर रहे विपक्षी गठबंधन के नेता : नंद गोपाल नन्दी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/प्रयागराज।** शिवसेना उद्धव गुट के नेता और सांसद संजय राउत ने अमरावती से भाजपा उम्मीदवार नवनीत राणा पर विवादास्पद बयान दिया है। संजय राउत के इस आपत्तिजनक बयान पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कड़ी आपत्ति जताई है।

मंत्री नन्दी ने जारी बयान में कहा है कि एक सम्मानित महिला सांसद के विरुद्ध नचनिया जैसे अभद्र, अमर्यादित व घोर आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग संजय राउत की ओछी सोच और मानसिक दिवालियेपन का प्रमाण है। जहां एक ओर प्रधानमंत्री मोदी विभिन्न क्षेत्रों में मातृ शक्ति की भागीदारी, हिस्सेदारी और प्रतिनिधित्व के लिए सतत प्रतिबद्ध हैं तो वहीं दूसरी ओर विपक्ष उन्हें अपमानित कर रहा है। नन्दी ने कहा कि, जो यह दिखाता है कि इंडी गठबंधन वास्तव में घमंडिया गठबंधन है। जिसके नेता आए दिन लोकमर्यादा को तार-तार कर रहे हैं। इस प्रकार की बेशर्म बयानबाजी पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, डिम्पल यादव, शरद पवार, सुप्रिया सुले, तेजस्वी यादव जैसे इंडी गठबंधन के दूसरे नेताओं की चुप्पी दिखाती है कि ये सभी इस अपराध के सह अभियुक्त हैं। अंत में नन्दी ने कहा कि कौरवों की भरी सभा में पांचाली के चीरहरण पर मौन रहने वालों का अंत कैसे हुआ, यह हम सब जानते हैं। इस घमंडिया गठबंधन का हश्र भी ठीक उसी तरह होना सुनिश्चित है।

# उत्तर प्रदेश में मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राज्य सरकार गंभीर

- उप्र में 22 अप्रैल से चार मई तक चलेगा सड़क सुरक्षा परवाड़ा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राज्य सरकार बेहद गंभीर है। इसी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिवहन विभाग को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं।

इसी क्रम में परिवहन विभाग ने मार्ग दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सभी जनपदों में आगामी 22 अप्रैल से 04 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ मनाया जाएगा। दरअसल, ओवरस्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग एवं ड्रंकन ड्राइविंग मार्ग दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण होते हैं। यह एक मैन मेड डिजास्टर है इसलिये इसमें कमी लाने के लिये अवेयरनेस बिल्ट करने की जरूरत है। यह एक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण मुद्दा है।



### स्कूली वाहनों का कराया जाए फिटनेस टेस्ट

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत प्रदेश के सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस तथा वाहन चालकों के मेडिकल फिटनेस की जांच करायी जायेगी। सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराया जायेगा। कॉमर्शियल चालकों के लिए हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से जारी किये जायेंगे। ओवरलोडिंग को टास्क फोर्स द्वारा सोर्स प्वाइंट ही रोका जायेगा। इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये समय-समय पर निर्गत आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। इस तरह से बहुत लोगों की जिन्दगी को बचा सकते हैं।

### मार्ग दुर्घटनाओं का एनालिसिस कर एक्शन लिया जाए

निर्देश दिया गया है कि सभी मण्डल एवं जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से होनी चाहिये। इसके लिये सभी मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी दिन निर्धारित करें। बैठक में सड़क-सड़क दुर्घटनाओं का जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर उनके भी सुझाव लिये जायें इसके अलावा बैठक में विषय विशेषज्ञों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर सकते हैं। समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं का एनालिसिस कर एक्शन लिया जाये। एक्शन का रिजल्ट धरातल पर भी दिखना चाहिये। किसी भी चालक का लगातार तीन बार से अधिक चालान होने पर उसका लाइसेंस निरस्त किया जाये। इसके बावजूद भी उल्लंघन करने पर उसके वाहन का पंजीयन निरस्त कराया जाये। इसके अतिरिक्त जनपद में उपलब्ध क्रिटिकल केयर फैसिलिटी का भी समय-समय पर निरीक्षण करें, ताकि सड़क दुर्घना से प्रभावित व्यक्तियों को जनपद में ही उपचार मिल सके। आपदा मित्रों को दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को बचाने की भी ट्रेनिंग दी गई है। मार्ग दुर्घना होने पर उन्हें भी सूचित करने की व्यवस्था की जाये।

## खबरें एक नजर में

### भुईयां देवी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा व भंडारे का आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के चौक डिपो अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि चौक डिपो के वितरक सत्य प्रकाश दीक्षित द्वारा भुईयां देवी मंदिर मल्लापुर में प्रथम श्रीमद् भागवत कथा एवं भंडारे का आयोजन किया जो 10 अप्रैल से 18 अप्रैल तक कथा करने वाले पंडित शुभम मिश्रा नैमिष धाम के द्वारा संपन्न किया गया। इस कथा में समस्त क्षेत्र के वासीगढ़ ने बड़े हर्षोल्लास के साथ श्रीमद् भागवत की कथा सुनी श्री राधा रानी की असीम कृपा एवं अतुल्य आशीर्वाद प्राप्त हुए। इस मौके पर रमाकांत शुक्ला, वेद प्रकाश तिवारी, अंकुर दिक्षित, राजेंद्र सिंह, संजय अवस्थी, विनीत शुक्ला, नीरज शुक्ला, संदीप बाजपेई, आदेश शुक्ला, रामकिशोर मिश्रा, अखिलेश दीक्षित, राहुल यादव आदि उपस्थित होकर सहयोग किया है। अतः आपसे निवेदन है कि उपरोक्त कार्यक्रम अपने समाचार पत्र मैं फोटो सहित प्रकाशित करने की कृपा करें।

### राजद ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के समर्थन में राष्ट्रीय जनता दल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने उत्तर प्रदेश के अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। जारी सूची के मुताबिक स्टार प्रचारकों में क्रमशः इकराम लारी,विद्युत सिंह,डॉ लोलारख उपाध्याय,रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, राकेश यादव,अफरोज खान,मो.इश्तियाक खान,ममता मेहरोत्रा, गौतमलाल श्रीवास्तव, मनोज कुमार यादव, अरविंद यादव,महेंद्र सिंह राणा, मो.तलहा ,मेहताब साबरी,महेश गौतम, आबिद रजा, देशराज यादव,सुभाष यादव,कपित शुक्ला और प्रदीप कुमार पाल शामिल हैं।

### राजभर की बातों को गम्भीरता से लेने की जरूरत नहीं : निषाद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सपा के प्रत्याशी राम भुआल निषाद ने सुल्तानपुर में मीडिया से बात करते हुए सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को राजनीति का जोकर कह दिया। निषाद की प्रेस कांफ्रेंस में सपा के साथ ही कांग्रेस के नेता भी शामिल रहे, लेकिन जिले से सपा के एकमात्र विधायक ताहिर खान नदारद रहे। इस दौरान पार्टी में गुटबाजी के सवाल पर सपा प्रत्याशी ने कहा कि विधायक ताहिर खान अस्वस्थ होने के कारण नहीं आए। विधायक ताहिर खान ने बताया कि वे पारिवारिक कारणवश प्रेस कांफ्रेंस में शामिल नहीं हो सके थे। इस दौरान जब राम भुआल से पूछा गया कि सुभासपा अध्यक्ष व पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने एक दिन पहले राहुल गांधी व अखिलेश यादव को बच्चा कहा है। तब उन्होंने कहा कि राजभर राजनीति के जोकर हैं। उनकी बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है।

### बिल्डिंग के तीसरे-फ्लोर से गिरी मेड की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में महिला मेड बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर से नीचे गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। मेड के नीचे गिरने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। गोमती नगर विस्तार इलाके के मलेशेमऊ स्थित एमआई रसल कोर्ट अपार्टमेंट में सर्वजीत सिंह परिवार संग फ्लैट नम्बर 303 में रहते हैं। वह और उनकी पत्नी बैंक में काम करती हैं। शनिवार सुबह करीब आठ बजे सर्वजीत अपार्टमैंट में टहल रहे थे और पत्नी कमरे में मौजूद थी। एक नौकरानी झाड़ू पोछा कर रही थी। रहीमाबाद के अमृत खेड़ा निवासी मोहिनी (20) गमलों में पानी डाल रही थी। काफी देर तक कमरे में न आने पर सर्वजीत की पत्नी ने आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने रिसेप्शन पर फोन किया तो बताया गया कि मोहिनी नीचे गिर गई है। सर्वजीत और स्थानीय लोगों की मदद से उसे लोहिया अस्पताल लेकर गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोहिनी 23 दिनों से सर्वजीत सिंह के यहां काम करती थी। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि परिजनों ने अभी तक किसी पर कोई आरोप नहीं लगाए हैं। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

### ब्राह्मण को अपना वोट बैंक समझने की भूल न करें पार्टियां : अवस्थी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ब्राह्मण बाहुल्य लखनऊ पूर्व विधानसभा से किसी भी पार्टी द्वारा किसी ब्राह्मण को टिकट न दिये जाने एवं विभिन्न मुद्दों को लेकर ब्राह्मण समाज में भारी नाराजगी है। लखनऊ प्रेस क्लब में शनिवार को आयोजिक प्रेस वार्ता में लगभग 50 संगठनों के प्रतिनिधियों ने सभी राजनैतिक पार्टियों को चेतावनी दी कि इन विषयों पर यदि ध्यान नहीं दिया गया तो सभी ब्राह्मण संगठन पूरे देश में ब्राह्मण प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने का संकल्प ले सकते हैं और आवश्यकता पड़ने पर अपने प्रत्याशी उतारने पर भी विचार कर सकते हैं। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा है यदि सभी पार्टियों ने अपना रवैया नहीं बदला तो ने केवल लखनऊ पूर्व विधान सभा, अपितु पूरे देश के ब्राह्मण एकजुट होकर निर्णय लेने के लिए बाध्य होंगे।

# प्रशासन ने जब्त किए 492 लाइसेंसी शस्त्र

- लोस चुनाव के मद्देनजर आयोग लगातार कर रहा कार्रवाई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखते हुए अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत अपराधिक व्यक्तियों के 492 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये हैं। वहीं, 4291 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शनिवार को बताया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों की टीमें ताबड़तोड़ कार्रवाईयां कर रही है। प्रदेश में सघन जांच के लिए 513 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट एवं 1859 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। इसी क्रम में 16 मार्च से 19 अप्रैल तक पुलिस विभाग ने अपराधिक व्यक्तियों के 492 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये। 4291 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,57,190 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 19,28,329 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 7168 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7189 कारतूस, 2856.5 किलोग्राम विस्फोटक व 376 बम बरामद कर सीज किये गये। अवैध शस्त्र बनाने वाले 2817 केन्द्रों पर रेड डालते हुए 138 केन्द्रों को सीज किया गया।

19 अप्रैल को भी पुलिस विभाग ने अपराधिक व्यक्तियों के तीन लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 37,327 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 156 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 134 कारतूस 03 किलोग्राम विस्फोटक व 08 बरामद कर सीज किये गये। अवैध शस्त्र बनाने वाले 98 केन्द्रों पर रेड डालते हुए 03 केन्द्रों को सीज किया गया।

### उड़नदस्तों ने जब्त की अवैध शराब और नकदी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 19 अप्रैल तक 31399.69 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2951.14 लाख रुपये नकद, 4061.32 लाख रुपये कीमत की शराब, 21074.87 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2156.05 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.30 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 19 अप्रैल को 147.05 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 22.43 लाख रुपये नकद धनराशि, 46.43 लाख रुपये कीमत की 17355.70 लीटर शराब एवं 78.18 लाख रुपये कीमत की 18416 ग्राम ड्रग जब्त की गयी। 19 अप्रैल को प्रमुख जब्ती मेंअमेठी की तिलोई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 30 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 150 ग्राम ड्रग, बरेली की मीरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 28 लाख रुपये की 280 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

### निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1859 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,57,190 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 19,28,329 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है।

# हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा में एलपीएस का शानदार प्रदर्शन




समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यू.पी. बोर्ड हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के वर्ष 2023-24 के परीक्षा परिणाम जारी किये गये। जिसमें लखनऊ पब्लिक कॉलेज, बी-ब्लाक, राजाजीपुरम शाखा के हाईस्कूल के 61 विद्यार्थियों में 05 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक व इण्टर में 61 छात्र-छात्राओं में 08 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

हाईस्कूल में भैरवी मौर्या ने 92.33त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा आर्ची सिंह 90.67 प्रतिशत , आराध्य ईशान तिवारी 90.33त्न , समीक्षा राजपूत 90.33त्न और रिया सिंह यादव ने 90.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट में श्वेता प्रजापति ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तर प्रदेश में सातवां तथा राजधानी में दूसरा स्थान प्राप्त किया साथ ही अंजुल कुमार ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में छठा स्थान, कोकब ने 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में आठवाँ स्थान, सौम्या वर्मा ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में नवाँ स्थान और आर्यन अस्थाना ने 95त्न अंक कर जिले में दसवाँ स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थापक एवं महाप्रबन्धक डॉ. एस.पी. सिंह ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा यह परीक्षा परिणाम बच्चों के अथक परिश्रम, शिक्षक - शिक्षिकाओं के उचित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के हार्दिक सहयोग से संपन्न हुआ है । मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि मेरे सभी छात्र-छात्राएं जीवन में सफलता की बुलंदियों पर पहुचें और देश के जिम्मेदार नागरिक साबित हों।

# गायत्रीपुरम की आयुषी को इण्टर में राजधानी में मिली छठवीं रैंक




- 95.80 प्रतिशत पाकर कॉलेज के साथ-साथ अपने परिवार का नाम किया रोशन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** शिक्षा की शुरुआत घर से होती है तो परिवार में बच्चे आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार रहते हैं। उन्ही में से एक गायत्रीपुरम की रहने वाली आयुषी वर्मा हैं, जो रविवार को आये कक्षा 12 के रिजल्ट में 95.80 प्रतिशत पाकर अभिनव गर्ल्स इण्टर कॉलेज के साथ-साथ अपने परिवार का नाम रोशन किया है।

आयुषी ने बताया कि उन्होंने दिन में दो घण्टे और रात में दो घण्टे की पढ़ाई की जिसका परिणाम आप सबके सामने है। उसने बताया कि पीसीएम ग्रुप से पढ़ाई कर रही हूं। आगे आईएएस बनने का सपना है। आयुषी के पिता ने बताया कि बेटी जहां तक पढ़ेगी वहां तक पढ़ाया जायेगा। पढ़ाई में कोई कसर नही रखूंगा। आयुषी ने बताया कि मां ग्रहणी होने के बाद मेरी पढ़ाई में सहयोग करती है। मां ने हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### बसपा प्रत्याशी मास्टर छोटेलाल गंगवार का परचा खारिज

**लखनऊ/बरेली ।** बढ़ते तापमान के बीच सुबह सियासी पिच पर बसपा प्रत्याशी के पर्चा खारिज होने की ख़बर से बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं में बेचैनी बढ़ा दी। जानकारी के मुताबिक बरेली लोकसभा से बसपा प्रत्याशी मास्टर छोटे लाल गंगवार का नामांकन पत्र ख़ारिज कर दिया गया। वहीं आंवला के बसपा प्रत्याशी सय्यद आबिद अली की नामांकन प्रकिया विचारधीन बताई जा रही है। फिलहाल बसपा के ज़िलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों में खामिया दिखाकर उनके पर्चे को ख़ारिज किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरी पार्टियों के प्रत्याशियों की खामियों को भी पूर्ण किया जा रहा हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये सत्ता का दवाब हैं जो अधिकारियों पर साफ तौर पर देखा जा सकता है। वहीं लोकसभा 24 आंवला प्रत्याशी आबिद अली ने कहा कि बसपा के सिंबल पर एक अन्य फर्ज़ी प्रत्याशी लोकसभा 24 आंवला जलालाबाद निवासी सत्यवीर सिंह पुत्र राजपाल सिंह को बसपा का प्रत्याशी दर्शाया गया। जिसको लेकर आबिद अली ने आरोप लगाया कि सत्यवीर ने फर्जी तरिके से बहन मायावती के हस्ताक्षर व मोहर लगाकर नामांकन पर्चा दाखिल किया है ।

# अवध क्षेत्र की सभी 16 लोकसभा सीटों पर लिया जीत का संकल्प




- अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय चुनाव संचालन समिति की बैठक आयोजित
- प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने सभी पदाधिकारियों को दिया जीत का मंत्र

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** शुक्रवार को भाजपा के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय निराला नगर में अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय चुनाव संचालन समिति की बैठक लेने पहुंचे प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह (संगठन) ने सभी पदाधिकारियों को जीत का मंत्र देते हुए बूथ पर होने पर पार्टी के विभिन्न अभियानों पर चर्चा की तथा उसको प्रभावी ढंग से संगठन के बूथ स्तर तक लागू करने पर जोर दिया। धर्मपाल सिंह ने बैठक लेते हुए प्रत्येक विधानसभाओं में मोर्चों के सम्मेलन कराने एवं शक्ति केन्द्रों पर पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन से लेकर बूथ स्तर पर महिला, युवा, किसान, पिछड़ा अनुसूचित वर्ग के समाज के साथ बैठक करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने भी पहली बार बने वोटरों से संपर्क साधने पर बल दिया तथा अवध क्षेत्र के सभी 16 लोकसभाओं पर जीत के लिए संकल्प लिया। इस बैठक में क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी दीपक तिवारी, प्रदेश के महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय व क्षेत्र के महामंत्री सहित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

अवध क्षेत्र के इस बैठक की जानकारी क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी दीपक तिवारी ने दी।

# आज का छात्र विश्व की उच्चतम शिक्षा पाने के लिए है आतुर : गीता गांधी किंगडन

- सीएमएस में कैरियर काउन्सलिंग कार्यशाला का आयोजन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल एवं कालेज बोर्ड, अमेरिका के संयुक्त तत्वावधान में कैरियर काउन्सलिंग कार्यशाला का आयोजन सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों ने कॅरियर विशेषज्ञों से सलाह व मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं विदेश के प्रख्यात विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा के अवसरों पर गहन जानकारी प्राप्त की। इस कार्यशाला में 800 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि 20 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने छात्रों को उच्चशिक्षा हेतु दाखिले की प्रक्रिया, स्कॉलरशिप व अन्य जानकारियों के साथ ही छात्रों के उज्जवल भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की और कैरियर से सम्बन्धित इस अवसर पर छात्रों ने दाखिले से लेकर अपनी रूचि के अनुसार विषयों का चुनाव व विदेश में रहन-सहन से सम्बन्धित अपनी तमाम जिज्ञासाओं पर खुलकर प्रश्न पूछे और समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि आज का छात्र विश्व की उच्चतम शिक्षा पाने को आतुर है, ऐसे में यह कार्यशाला छात्रों की जिज्ञासाओं के समाधान हेतु अत्यन्त प्रासंगिक है।

पहल

## केजीएमयू और साई समझौते के तहत खिलाड़ियों के मेडिकल केयर पर एक साथ कर रहे काम

# साई में खिलाड़ियों के लिए लॉन्च किया गया मेडिकल कार्ड

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के खिलाड़ियों के लिए लखनऊ सेंटर पर मेडिकल कार्ड लांच किया गया है। खिलाड़ियों की स्वास्थ्य सुविधाएं और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है।

साई के स्थानीय निदेशक आत्म प्रकाश और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल ने एनसीओई का मेडिकल कार्ड लांच किया गया है। इस दौरान डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल ने खिलाड़ियों के वेलफेयर और उनके मेडिकल केयर के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मेडिकल एक्सपर्ट के तौर पर खिलाड़ियों से बातचीत की।इसमें उन्हें खिलाड़ियों की हेल्थ केयर की जरूरतें और चिंताओं के बारे में समझने को मिला है। इस कार्यक्रम में खेल के मैदान में बुनियादी ढांचे की सुविधाओं के साथ में विश्व स्तरीय सुविधाओं की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। इसके साथ ही फिजियोथैरेपी और मेडिकल सेक्शन के साझे प्रयास से खिलाड़ियों के हेल्थ केयर और रिहैबिलिटेशन पर चर्चा हुई है। खिलाड़ियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई), नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई), लखनऊ और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) ने एमओयू किया हुआ है। इसी के तहत केजीएमयू के स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल, डॉक्टर पुरूषोत्तम गांधी, डॉक्टर अभिषेक सैनी ने एनसीओई लखनऊ के साई सेंटर पर पहुंचे थे।

### लिवर रोग में खतरनाक है उपवास : आरके धीमन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यकृत यानी की लिवर की बीमारी की समस्या विश्व स्तर पर तेजी से बढ़ रही है। लिवर रोगों की बढ़ती समस्या, इसके कारणों और इनसे बचाव के तरीकों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है। इसी के चलते राजधानी स्थित एसजीपीजीआई के हेपेटोलॉजी विभाग में शनिवार को विश्व लिवर दिवस मनाया और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए लिवर रोगों के बढ़ते बोझ के बारे में ज्ञान और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन एसजीपीजीआई के निदेशक और हेपेटोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डाक्टर आरके धीमन, प्रोफेसर अमित गोयल ने किया। इस सेमिनार में संस्थान के 100 से अधिक नर्सिंग छात्रों और नर्सिंग स्टाफ संकाय और स्टाफसदस्यों ने भाग लिया। डॉ.आरके धीमन ने बताया कि लिवर की बीमारियां आमतौर पर शराब, वायरल हेपेटाइटिस और फैटी लिवर के कारण होती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में फैटी लीवर रोग एक महामारी की समस्या है।

## कब थमेगी अपने ही युवाओं से खून की होली

छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षाबलों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। जवान नक्सलियों के अड्डे तक पहुंचने के लिए 20 घंटे तक पैदल चले हैं। नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। देश के 10 राज्यों में 70 जिलों में नक्सलवाद का प्रभाव है। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य झारखंड जहां 16 जिले हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित 14 जिले शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद नक्सलियों को आशंका थी कि सरकार उनके खिलाफ अभियान तेज करेगी और हुआ भी ऐसा ही। राज्य की नई सरकार ने शान्ति का प्रस्ताव भी सामने रखा था लेकिन नक्सल नेताओं की तरफ से इस प्रस्ताव पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। वहीं दूसरी तरफ पुलिस और सुरक्षाबलों को बस्तर में फ्री हैण्ड कर दिया गया हैं। ऐसे में पिछले तीन महीनों में नक्सलियों को कई बड़े नुकसान उठाने पड़े हैं। अब तक जहां माओवादियों के बटालियन स्तर के नेता ही ढेर हुए थे तो इस बार शंकर राव जैसे डिवीजन लेवल का नेता पुलिस के गोली का शिकार हुआ हैं। ऐसे में नक्सली प्रदेश में पूरी तरफ से बैकफुट में हैं। अब लगातार सवाल किये जा रहे हैं कि आखिर कब तक छत्तीसगढ़ को इस नक्सल दंश से छुटकारा मिल पायेगा और बस्तर में खून की होली थमेगी। सरकार, सुरक्षा बलों एवं स्थानीय लोगों की संयुक्त कोशिशों का परिणाम है कि पिछले एक दशक में वामपंथी अतिवाद संबंधी घटनाओं, मौतों और उनके भौगोलिक प्रसार में काफी कमी आई है। जहाँ वर्ष 2010 में वामपंथी अतिवाद से प्रभावित ज़िलों की संख्या 96 थी वहीं वर्ष 2018 में प्रभावित ज़िलों की संख्या 60 रह गई है। वर्ष 2009 में जहाँ नक्सलवाद की घटनाओं और इन घटनाओं में मरने वालों की संख्या क्रमश 2258 व 1005 थी वहीं वर्ष 2018 में यह संख्या घटकर क्रमश 833 एवं 240 रह गई।

# भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए घातक है युद्ध की आहट

**डॉ. अजीत रानाडे**

3 3 वर्षों में पहली बार एक विदेशी राष्ट्र ने 13 अप्रैल (शनिवार) को इजरायल पर हमला किया। आखिरी बार 1991 में इराक ने इजरायल पर क्रूज मिसाइलों से हमला किया था। यह ईरान था जिसने पिछले सप्ताह के अंत में इजरायल में विभिन्न इलाकों पर 360 से अधिक मिसाइल और ड्रोन प्रक्षेपित किए थे। यह हमला धीमी गति से चलने वाले ड्रोन (जो ईरान से इजरायल तक जाने में छह घंटे से अधिक समय लेते हैं), तेज क्रूज मिसाइलों और बहुत उच्च गति वाली बैलिस्टिक मिसाइलों का एक संयोजन था जो ध्वनि की गति से भी तेज हैं।

ईरान के विदेश मंत्री ने इजरायल पर इस सुनियोजित हमले को लेकर पड़ोसी देशों को 72 घंटे की चेतावनी दी थी। उधर इजरायल लगभग 99 प्रतिशत मिसाइलों और ड्रोन को रोकने में कामयाब रहा और इसलिए उसका बहुत नुकसान नहीं हुआ। यह परिष्कृत मिसाइलरोधी रक्षा प्रणाली- आयरन डोम के कारण संभव हुआ जिसे इजरायल ने अमेरिकी और ब्रिटिश मदद से बनाया था और इस बार जॉर्डन की धरती पर भी तैनात किया गया था। रक्षा के उन कुछ घंटों के लिए अनुमानित खर्च लागत लगभग 1.1 बिलियन डॉलर थी। रक्षा आपूर्तिकर्ताओं, मुख्य रूप से अमेरिकी कंपनियों को इस तरह की तैनाती से लाभ होगा। बेशक, दो साल पहले शुरू हुए यूक्रेन युद्ध के कारण हथियार प्रणालियों के अमेरिकी निर्माताओं को पहले ही काफी फायदा हुआ है। ईरान द्वारा उस रात ड्रोन और मिसाइलों से किए हमले की लागत शायद एक अरब डॉलर के करीब है। इजरायल द्वारा 1 अप्रैल को सीरिया के दमिश्क में ईरानी दूतावास पर किए हमले के प्रतिशोध में ईरान ने यह हमला किया था। इस हमले में ईरान के दो वरिष्ठ जनरलों की मौत हो गई थी। बिना किसी उकसावे के किए इस हमले को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अधिकृत क्यों किया, वह भी एक राजनयिक लक्ष्य पर? क्या इजरायल हमास के साथ संघर्ष के दायरे को और विस्तारित करने की कोशिश कर रहा था तथा एक बढ़ते युद्ध में अन्य देशों को खींच रहा था? क्या उसे यह पता नहीं था कि ईरान के दूतावास पर उसकी कार्रवाई किसी जवाबी कार्रवाई को आमंत्रित करेगी? या इसने ईरान द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया को गलत समझा? इजरायल के साथ सहानुभूति रखने वालों का तर्क होगा कि इजरायल की कार्रवाई अकारण नहीं थी। यह इजरायल के क्षेत्र के भीतर हमास का समर्थन करने वालों को दंडित करना था। सभी लोग जानते हैं कि इजरायल के भीतर हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह और यमन में हौथिस को ईरान का मौन समर्थन है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को विफल करने



**ईरान के विदेश मंत्री ने इजरायल पर इस सुनियोजित हमले को लेकर पड़ोसी देशों को 72 घंटे की चेतावनी दी थी। उधर इजरायल लगभग 99 प्रतिशत मिसाइलों और ड्रोन को रोकने में कामयाब रहा और इसलिए उसका बहुत नुकसान नहीं हुआ। यह परिष्कृत मिसाइलरोधी रक्षा प्रणाली- आयरन डोम के कारण संभव हुआ जिसे इजरायल ने अमेरिकी और ब्रिटिश मदद से बनाया था और इस बार जॉर्डन की धरती पर भी तैनात किया गया था। रक्षा के उन कुछ घंटों के लिए अनुमानित खर्च लागत लगभग 1.1 बिलियन डॉलर थी। इजरायल निश्चित रूप से एक परमाणु सशस्त्र राष्ट्र है जिसने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। ईरान द्वारा इजरायल पर ड्रोन और मिसाइल के असफल हमले को कुछ टेलीविजन और सोशल मीडिया चौनलों ने तृतीय विश्व युद्ध की शुरुआत बताया। शेयर बाजारों में हड़बड़ाहट दिखाई दी।**

और हमास तथा हिजबुल्लाह के समर्थन का बदला लेने के लिए इजराइल ने पहले भी ईरान के बुनियादी ढांचे और सैन्य स्थलों पर हमले किये हैं। ईरान ने भी अपनी परमाणु हथियार क्षमता के निर्माण की गति को बनाए रखा है।


इजरायल निश्चित रूप से एक परमाणु सशस्त्र राष्ट्र है जिसने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। ईरान द्वारा इजरायल पर ड्रोन और मिसाइल के असफल हमले को कुछ टेलीविजन और सोशल मीडिया चौनलों ने तृतीय विश्व युद्ध की शुरुआत बताया। शेयर बाजारों में हड़बड़ाहट दिखाई दी। ईरान की जवाबी कार्रवाई की आशंका में शुक्रवार को ही न्यूयॉर्क का डाउ इंडेक्स 2.4 फीसदी गिर गया था। दुनिया भर में शेयरों में और गिरावट की आशंका है। सोने की कीमत अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है और 2400 डॉलर प्रति औंस के करीब है। भारत में जल्द ही दस ग्राम सोने का मूल्य 80,000 रुपये को पार कर सकता है। जोखिम से बचने वाले उन निवेशकों द्वारा सोने की उच्च मांग की सहज प्रतिक्रिया है, जिन्हें डर है कि अन्य सभी संपत्तियों की कीमतों में भारी गिरावट आएगी। यह संघर्ष मध्य पूर्व से तेल आपूर्ति को बाधित करेगा इसलिए तेल की कीमतें निश्चित रूप से बढ़ेंगी।

माल ढुलाई दरों और हवाई कार्गो के लिए जोखिम प्रीमियम में भी बढ़ेगा जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय व्यापार की लागत में वृद्धि होगी। इस सारे घटनाक्रम का भारत पर तिहरा दबाव पड़ता है। यह हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को कम करता है, विनिमय दर पर दबाव डालते हुए व्यापार घाटे को बढ़ाता है और चूंकि पेट्रोल व डीजल की कीमतें प्रभावित होंगी इसलिए मुद्रास्फीति में वृद्धि का कारण बन सकता है। मार्च में समाप्त होने वाली चौथी तिमाही में मंदी देखी गई थी तथा उस तिमाही के लिए जीडीपी विकास दर 6 प्रतिशत के करीब हो सकती है। निवेशकों का बिगड़ता मिजाज जीडीपी वृद्धि को और भी धीमा कर सकता है हालांकि चुनाव खर्च आम तौर पर जीडीपी को ऊपर उठाए रखता है। यदि वैश्विक आर्थिक मिजाज का अंदाजा लगाया जाए तो व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ठीक उसी तरह जैसे हौथियों के हमलों के कारण लाल सागर के व्यापार मार्ग में व्यवधान ने समुद्री व्यापार की लागत में वृद्धि की है। यह स्थिति भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए नकारात्मक है। खुदरा महंगाई में वृद्धि की खबर भी राहत देने वाली नहीं है तथा तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण और खराब हो सकती है। यही कारण है कि भारतीय रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कटौती नहीं कर सकता है जिससे आवास और वाहन ऋण में मदद मिल सकती थी। और अंत में, बेरोजगारी के बारे में आई रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और मानव विकास संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित हालिया रिपोर्ट ने युवा बेरोजगारी, कौशल असंतुलन और श्रम शक्ति में अभी भी महिलाओं की कम भागीदारी की एक गंभीर तस्वीर चित्रित की है। भारत में वर्ष 2005 से श्रम बल की भागीदारी तथा पुरुषों और महिलाओं की मजदूरी दर में अंतर के संदर्भ में लैंगिक अंतर बढ़ता जा रहा है। यह अंतर कम नहीं हो रहा है, जैसा कि दुनिया के अन्य हिस्सों में देखा जा रहा है। इसके अलावा अनुमान है कि कोविड के बाद करीब 5 करोड़ श्रमिक कृषि क्षेत्र में वापस चले गए हैं जो कम उत्पादकता, कम गुणवत्ता वाली नौकरियों के साथ-साथ अल्प-रोजगार भी प्रदान करता है। रोजगार परिदृश्य में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की आवश्यकता है जो मुख्य रूप से निजी क्षेत्र से आएगा। इसके लिए निवेशकों के विश्वास और नए उद्यमों, व्यवसायों और उद्यमों में बड़े पैमाने पर फंड प्रवाह की आवश्यकता होती है। अकेले सरकार बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन नहीं कर सकती है।

## विचार

# 18वीं लोकसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण क्यों ?

**नित्य चक्रवर्ती**



भारत में 18वीं लोकसभा के चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल को 102 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के साथ चुनाव शुरू हो गए। देश की लगभग 142 करोड़ आबादी में से 90 करोड़ मतदाताओं को कवर करने वाले सात चरण के चुनाव, 543 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के बाद 1 जून को समाप्त होंगे। परिणाम 4 जून को घोषित किये जायेंगे जिसके बाद यह स्पष्ट हो जायेगा कि सत्तारूढ़ भाजपा और एनडीए की ओर से प्रचार अभियान की कमान संभाल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नयी लोकसभा में तीसरा कार्यकाल मिलेगा या नहीं।

इस लेखक को 1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनावों के बाद से सभी लोकसभा चुनावों को देखने का सौभाग्य मिला है - शुरुआत में दस साल की उम्र में कलकत्ता में एक वामपंथी पार्टी के स्वयंसेवक के रूप में। एक कार्यकर्ता के रूप में यह चरण 1969 तक कॉलेज और विश्वविद्यालय के दिनों तक जारी रहा। फिर 1969 से अब तक की भूमिका एक पत्रकार के रूप में लोकसभा चुनावों पर नजर रखने और देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर अभियान को कवर करने की रही है। इस बार भी, 82 वर्ष की आयु में, मैंने तमिलनाडु और पुडुचेरी की यात्रा की है और उसके बाद पश्चिमी जिलों को कवर करते हुए उत्तर प्रदेश की यात्रा की है। मैं कुछ दावे के साथ कह सकता हूं कि 2024 का लोकसभा चुनाव ऐसा होने जा रहा है जिसमें सत्तारूढ़ दल भाजपा की तुलना में विपक्षी दलों के लिए चुनाव मैदान में सबसे खराब असमान अवसर की स्थिति है। यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनावों में भी, समान अवसर के मामले में विपक्ष बेहतर स्थिति में था।

सत्तारूढ़ शासन जिन तीन तरीकों से विपक्ष के समान अवसर को नष्ट कर रहा है, उनमें पहला है-विपक्ष के वित्तीय संसाधनों को निचोड़ना। कांग्रेस पार्टी को इसका मुख्य निशाना बनाया गया है। दूसरा है-विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों, जैसे ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग करते हुए महत्वपूर्ण विपक्षी नेताओं तथा उन्हें धन देने वाले दाताओं के विरुद्ध कार्रवाई करना। तीसरा है-

**सत्तारूढ़ शासन जिन तीन तरीकों से विपक्ष के समान अवसर को नष्ट कर रहा है, उनमें पहला है-विपक्ष के वित्तीय संसाधनों को निचोड़ना। कांग्रेस को इसका मुख्य निशाना बनाया गया है। विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों, जैसे ईडी, सीबीआई व आयकर विभाग का दुरुपयोग करते हुए विपक्षी नेताओं तथा उन्हें धन देने वाले दाताओं के विरुद्ध कार्रवाई करना। प्रधानमंत्री व भाजपा के विचारों का प्रचार करने के लिए मीडिया, विशेषकर टीवी चौनलों पर पूर्ण नियंत्रण करना जो विपक्ष के कार्यक्रमों और विचारों को बुरी तरह से दिखाए।**

प्रधानमंत्री और भाजपा के विचारों का प्रचार करने के लिए मीडिया, विशेषकर टीवी चौनलों पर पूर्ण नियंत्रण करना जो साथ-साथ विपक्ष के कार्यक्रमों और विचारों को बुरी तरह से दिखाये।यह रणनीति सोच-समझकर बनाई गई रणनीति है और इसका कार्यान्वयन 2019 के चुनावों के बाद पीएम नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से शुरू हुआ।

अभी, बड़ी आबादी वाले दो अन्य देशों-दक्षिण अफ्रीका और मैक्सिको में भी राष्ट्रीय चुनाव अभियान चल रहा है। दक्षिण अफ्रीका में 29 मई को और मैक्सिको में 2 जून को मतदान होने जा रहा है। तीन महाद्वीपों एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले तीनों देशों में चुनाव परिणाम एक ही सप्ताह में सामने आयेगे। इन दोनों देशों में अभियान चरम पर है लेकिन कहीं भी विपक्षी दलों ने उनके खिलाफसत्तारूढ़ शासन द्वारा किसी छापे का आरोप नहीं लगाया है। दक्षिण अफ्रीका में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष सिरिलरामाफोसा को रूढ़िवादी विपक्ष से बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन वह लोकतंत्र के खेल के नियमों के तहत प्रचार कर रहे हैं। मेक्सिको में भी यही स्थिति है।

वामपंथी राष्ट्रपति ओब्राडोर, जिन्हें एएमएलओ के नाम से जाना जाता है, संविधान के अनुसार नये राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को रास्ता देने के लिए पद छोड़ रहे हैं। एएमएलओ की स्वीकार्यता अपने चरम पर है। गठबंधन मोरेना आराम से जीतने की स्थिति में है। विपक्षी दलों को बड़ी पूंजी का समर्थन प्राप्त है लेकिन उन्होंने कभी भी एएमएलओ सरकार द्वारा किसी भी अलोकतांत्रिक कदम उठाये जाने की शिकायत नहीं की। लोकसभा चुनाव और भारत में लोकतंत्र सूचकांक में गिरावट पश्चिम के साथ-साथ ब्रिक्स सदस्यों के बीच भी चर्चा का विषय है। 7अक्टूबर के युद्ध के बाद नरेंद्र मोदी को शुरू में उनके इजरायल समर्थक रुख के लिए ब्रिक्स सदस्यों से फटकार मिली। अब, उनके अभियान भाषणों और ईडी द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ-साथ चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी की संपत्ति को निचोड़ने को ब्रिक्स देशों के राजनीतिक नेताओं द्वारा तिरस्कार के साथ देखा जा रहा है। भारत को श्लोकतंत्र की जननीय कहने वाले प्रधानमंत्री मोदी को एक ऐसे नेता के रूप में देखा जा रहा है जो विपक्ष के लोकतांत्रिक अधिकारों पर अंकुश लगा रहा है। कई पश्चिमी राजनीतिक विश्लेषक कह रहे हैं कि 2024 का लोकसभा चुनाव भारत में आखिरी स्वतंत्र चुनाव हो सकता है। वे सही नहीं हैं।

निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोबारा आने से सत्तावादी प्रवृत्तियां मजबूत होंगी और भाजपा और संघ परिवार को हिंदू राष्ट्र के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है लेकिन यह आसान काम नहीं होगा। भारतीय लोगों के पास लोकतंत्र के पक्ष में अपनी पसंद का प्रयोग करने की अंतर्दृष्टि है। उन्होंने इसे 1977 के लोकसभा चुनाव के दौरान दिखाया। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि विपक्षी इंडियागुट भाजपा के खिलाफ कितने प्रभावी ढंग से लड़ता है।

## मकड़जाल में फंसकर वित्तीय जोखिम उठाते आईपीएल दर्शक

**डॉ. रमेश ठाकुर**

आईपीएल कमाई के लिहाज से ऐसा छप्परफाड़ धन वर्षा वाला खेल हो गया है, जहां चारों ओर से पैसा बरसता है। वर्किंग क्रिकेटरों से लेकर पूर्व क्रिकेटर, इवेंट आयोजक, बीसीसीआई, टीवी चैनल्स, स्टेडियम प्रबंधक और क्रिकेट से जुड़े स्टॉफ और स्पोर्ट्स कंपनियां मालामाल हो रही हैं। इस खेल में पैसा कमाने का अब एक और नया अध्याय जुड़ गया है, जिसका नाम है-ड्रीम-11 क्विज। जो इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के 17वें संस्करण में खूब चर्चा में हैं।

युवाओं में आईपीएल देखने की दीवानगी से कहीं ज्यादा इस क्विज को खेलने में रुचि बढ़ी है। इसे मॉर्डन जमाने का जुआ भी कहें, तो शायद गलत नहीं होगा? इस क्विज को खेलने की युवाओं में ऐसी लत लग गई है जिसमें वह लगातार वित्तीय जोखिम उठा रहे हैं। इसके चक्कर में लोग कर्जदार हो रहे हैं और पैसों के चलते आपसी रिश्ते भी बिगड़ रहे हैं। कुछ दिन पहले की ही खबर है, जहां गाजीपुर जिले के दर्जनों स्कूली बच्चों ने ड्रीम-11 को खेलने के लिए अपने घरों से मोबाइल फोन चुराए और पैसे उसमें लुटा दिए। ऐसा ही एक मामला देहरादून से सामने आया, जहां ड्रीम-11 खेलने के चक्कर में पति-पत्नी के बीच जमकर मारपीट हो गई और मामला थाने तक पहुंच गया। ऐसे मामले देशभर से बहुत तेजी से सामने आ रहे हैं। धंधे-मुनाफे की बात करें तो कोरोनाकाल-2020 में 181 करोड़ और 2021 में 329 करोड़ रुपये की कमाई हुई। 2022 में 141.86 करोड़ और 2023 में 188 करोड़ रुपये कंपनी ने इस चमत्कारी क्विज से कमाए। ये ऐसा लालची खेल है जिसे अच्छे से पता है कि चुंगल में सबसे पहले कौन फंसेगा। मैच के दौरान ये ड्रीम-11 खेल युवाओं को 39 रुपये से लेकर 59 रुपये में करोड़पति बनने का दावा करता है। लालच में आकर युवा मैच देखने के बजाय खेल के नियामानुसार ऑनलाइन निर्धारित धन राशि देकर ड्रीम इलेवन में अपनी टीमें बनाते हैं। ये खेल कम उम्र के युवाओं के मस्तिष्क में घर कर गया है जिससे वो मानसिक बीमार भी बनते जा रहे हैं। खेल के चक्कर में देश के अनगिनत लोग कंकाल भी होते जा रहे हैं।

टीनएजर्स में इसकी ज्यादा लत है। अब तो इस खेल में युवाओं के अलावा बुद्धिजीवी वर्ग भी खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। वो भी पैसे लगाकर बर्बाद हैं। लोगों में करोड़पित बनने का लालच ऐसा सवार है कि एक नहीं, बल्कि कई टीमें बनाकर अपने पैसे बेकार कर रहे हैं। हालांकि, कम ही लोग जानते हैं कि माई टीम-11 और ड्रीम-11 दोनों भारतीय फैंटेसी स्पोर्ट्स मार्केट की प्रमुख कंपनियां हैं। दोनों प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को पुरस्कार के रूप में वास्तविक नकद की पेशकश करके ऑनलाइन क्रिकेट खेलने का लालच देती हैं और अपनी ओर आकर्षित करके उन्हें लुभाते हैं। अगर कायदे से देखें तो सिर्फ ठगी के सिवाए और कुछ नहीं हैं इन क्विज में? गौरतलब है, ड्रीम-11 क्विज अपने शुरुआत से ही विवादों में है। इससे संबंधित कई अप्रिय घटनाएं भी घटीं। 2017 में एक याचिका इस पर प्रतिबंध लगाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई थी। कोर्ट ने माना था कि ड्रीम-11 खेलने के लिए खेल से जुड़ी स्किल, ज्ञान और खेलने वाले पर निर्भर करता है कि वो खेले या नहीं? कोर्ट ने रोक लगाने से इनकार कर दिया था। उसके बाद रास्ता साफ हो गया। अब स्थिति ये है, ड्रीम-11क्विज युवाओं को करोड़ों की लालच देकर बेतहाशा धन कमाने पर उतर गई है।

क्विज का प्रचार इस वक्त आईपीएल से कहीं ज्यादा है। न्यूज चैनल हों या मनोरंजन के अन्य संसाधन, सबमें इसका प्रचार दिखाई पड़ता है। बड़े से बड़ा खिलाड़ी-अभिनेता ड्रीम-11 का विज्ञापन कर रहा है। इसलिए युवाओं में करोड़पति बनने का कीड़ा और तेजी से काटने लगा है। हालांकि, विज्ञापन कें अंत में बकायदा बताया भी जाता है कि 'खेल में वित्तीय जोखिम है, इसकी लत लग सकती है। बावजूद, इसके ये आफत दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रही है। मजे की बात तो ये भी है, ड्रीम-11 को खुलेआम बढ़ावा दिया जा रहा है और वित्तीय जोखिम भी बताते हैं। प्रत्यक्ष रूप से देखें तो इसमें सीधे-सीधे पैसों की बर्बादी के सिवाए कुछ और नहीं? ऐसे खेलों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित लगना ही चाहिए।



## राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। सम्बन्धों की मधुरता हेतु आपस में विास कायम करें।

**बृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुन :-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्क :-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः-** नये कायरे में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा।

**कन्या :-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुला :-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिए व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा। प्रयासरत क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक :-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनु :-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें। कार्य क्षेत्र में नये आसारों से उत्साहित होंगे।

**मकर :-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। कोई अवरोधित काम के प्रति मन विशेष रूप से चिन्तित होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# सिविल अधिकारियों की जिम्मेदारी और कठिनाई पर चर्चा जरूरी

**हृदयनारायण दीक्षित**




भारतीय प्रशासनिक सेवा ने बड़ा लम्बा सफर तय किया है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक प्रशासन का मुख्य लक्ष्य लोकहित ही रहा है। उनकी योग्यता और प्रतिभा बेजोड़ रही है। लेकिन तमाम ज्ञान गरिमा से युक्त होने के बावजूद वे भारतीय जनमानस के आत्मीय हित साधक नहीं बन सकते। प्रशासन और भारतीय जनता के मध्य दूरी है। प्रशासन एक तरह से स्थाई कार्यपालिका है। इसके कामकाज में आमजनों के साथ सम्पर्कों में संवेदनशीलता का अभाव देखा गया है।

संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था, हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है। पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है।

ऋग्वेद के समाज की सबसे छोटी इकाई कुटुम्ब या परिवार थी। परिवार का सबसे वरिष्ठ कुटुम्ब का प्रधान संचालक होता था। घर के मुखिया की बात सब लोग मानते थे। अनेक परिवारों से मिलकर बनने वाली राजनीतिक इकाई ग्राम थी। राजनीतिक दृष्टि से ग्राम का प्रमुख ग्रामणी कहलाता था। वह स्वयं ग्राम का प्रशासनिक अधिकारी भी था। अनेक ग्रामों से बनी बड़ी इकाई विश कहलाती थी। विश के प्रशासनिक अधिकारी को विशपति कहते थे। विश से बड़ी इकाई जन होती थी। जन के संचालक प्रशासनिक अधिकारी को गोप कहा जाता था। गोप प्रायः राजा ही होते थे। ऋग्वैदिक समाज में गणतंत्र भी थे। राजा निरंकुश नहीं था। राजा राज्याभिषेक के समय प्रजा के हित में काम करने की शपथ लेता था। राजा को जवाबदेह बनाने वाली दो लोकतांत्रिक संस्थाएं भी थीं। इन्हें सभा और समिति कहा गया। लुडविग ने लिखा है, समिति जनसाधारण की संस्था थी। सभा वरिष्ठों की संस्था थी। उस समय के नियम सबको मान्य थे। नियम या विधि को ऋग्वेद में धर्म कहा गया है। ग्रिफ्थ ने धर्मन का अनुवाद लॉ या लॉज किया है। ग्राम में न्याय करने के लिए ग्रामवादिन नाम की न्यायायिक संस्था भी थी। वैदिक काल के बाद सिन्धु घाटी की सभ्यता का समय (2250 ईसापूर्व से 1750 ईसापूर्व तक) आता है। व्हीलर और पिगट के अनुसार मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के राज्य ठीक से संचालित थे। सिन्धु सभ्यता में सड़कें सुनियोजित थी। जल निकासी की व्यवस्था थी। अनुमान किया जाता है यहां नागरिक संस्थाएं थीं। पिगट के अनुसार व्यवस्थित निर्माण कार्य से अनुमान लगता है कि यहां नगर पालिकाएं जैसी संस्थाएं भी रही होंगी। सम्पूर्ण सिन्धु क्षेत्र में प्रशासन व्यवस्थित था। उत्तर वैदिक काल में शक्तिशाली राजाओं का उदय दिखाई पड़ता है। उत्तर वैदिक काल में प्रशासनिक काम करने वालों की संख्या बड़ी है। महाभारत में बड़े राज्यों का उल्लेख है। चन्द्रगुप्त मौर्य के काल में भारत ने पहली बार राजनैतिक एकता हासिल की। यह विशाल साम्राज्य था। चन्द्रगुप्त मौर्य स्वयं में योग्य प्रशासक थे। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मैगस्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख व यूनानी साहित्य में मौर्य शासन व्यवस्था की तमाम जानकारी हैं। भारतीय प्रशासन के विकास में मौर्य शासन के अनेक तत्व हैं। भारत परम्परा प्रिय देश है। यहां के समाज में कालवाह्य को छोड़ने और कालसंगत को जोड़ने की क्षमता रही है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक लोक प्रशासन को जनोन्मुखी बनाने के प्रयास चलते रहे हैं। आदर्श राजव्यवस्था के संवेदनशील प्रशासन के विवरण कौटिल्य के अर्थशास्त्र में मिलते हैं और महाभारत में भी। कौटिल्य संवेदनशील प्रशासन के व्याख्याता हैं। वाल्मीकि की रामायण में श्रीराम की आदर्श राजव्यवस्था के उल्लेख हैं। वाल्मीकि द्वारा लिखी आदर्श राजव्यवस्था काल्पनिक नहीं है। तुलसीदास ने आज से 450 वर्ष पहले रामचरितमानस लिखी थी। रामचरितमानस में भी आदर्श राजव्यवस्था की खूबसूरत झांकी है।

**संविधान सभा में अनेक सदस्यों ने अंग्रेजीराज के सिविल ढांचे को समाप्त करने की मांग की थी। सरदार पटेल ने कहा था, हमने इनके साथ कठिन समय में काम किया है। मेरे ख्याल से इन्हें बनाए रखना जरूरी है। पटेल ने स्वतंत्र भारत के सिविल अधिकारियों की पहली खेप को 21 अप्रैल को 1947 में सम्बोधित किया था। यह एक महत्वपूर्ण क्षण था। इसीलिए इस तिथि को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से 77 वर्ष बीत गए। संवेदनशील प्रशासन राष्ट्रीय अपरिहार्यता है। उत्कृष्ट प्रशासन प्राचीन काल से ही किसी न किसी रूप में समाज के लिए जरूरी रहा है। भारत का वर्तमान प्रशासन प्राचीन काल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विकास है। इसका प्राचीनतम स्वरूप ऋग्वैदिक काल में भी मिलता है।**


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# इंटर में सोनाली व हाईस्कूल में रुद्रप्रताप रहे अव्वल

- परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं को परिजनों सहित गुरुजनों ने दी बधाई



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

यूपी बोर्ड का शनिवार को परीक्षा फल घोषित कर दिया गया और चरखारी के छात्र छात्राओं ने इस बार हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में टाप किया। इंटर में चरखारी की सोनाली ने बाजी मार तो हाईस्कूल में रुद्रप्रताप अव्वल रहे। शनिवार को घोषित हुए परिणामों में हाईस्कूल में चरखारी के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कलेज के रुद्रप्रताप सिंह ने 96.83 अंक हासिल कर जिला टाप किया।

इसी विद्यालय के कपिल यादव ने 96.67 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया। भवानीदीन राठौर इंटर कालेज जैतपुर की प्रतीक्षा ने 95.83 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह जनतंत्र इंटर कालेज कुलपहाड़ के नितिन अनुरागी ने 95.67 अंक लाकर चौथा स्थान पाया। वहीं चौधरी सुंदर सिंह इंटर कालेज बरबई के अभिनव कुमार व राकेश अनुरागी राजकीय इंटर कालेज सुगिरा 95.33 अंक लाकर पांचवे स्थान पर रहे। राजकीय हाईस्कूल शिवहार की लवली ने 94.67 अंक हासिल कर छठवा स्थान हासिल किया। इसी तरह राजकीय हाईस्कूल लमौरा की छात्रा प्रिंसी 94.50 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रही। वहीं इंटरमीडिएट के निकले रिजल्ट में सोनाली वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज चरखारी ने 96.60 अंक लाकर जिला टाप किया।

पं रामखिलावन द्विवेदी इंटर कालेज पहरा के हीरेंद्र सिंह ने 95.20 अंक हासिल कर दूसरा, अटल ज्योति इंटर कालेज जैतपुर के सक्षम सोनी ने 95 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर महोबा की सृष्टि गुप्ता ने 94.80 अंक लाकर चौथा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह जनतंत्र इंटर कालेज के रेहान ने 94.60 अंक हासिल कर पांचवा स्थान हासिल किया। इसी विद्यालय की भावना गोस्वामी ने 94.60 अंक हासिल कर पांचवा स्थान हासिल किया। यहीं की अंशिका सिंह ने 94.40 अंक हासिल कर छठवां स्थान हासिल किया। शनिवार को घोषित हुए हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणामों में इंटर में छात्र व हाईस्कूल में छात्र ने सबसे ज्यादा नंबर हासिल कर अपने माता पिता व गुरुजनों का नाम रोशन किया। उनकी सफलता को लेकर परिवार के लोगों में खुशी की लहर दोड़ गई है और सभी ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। बेहतर नंबर हासिल करने वाले छात्र छात्राएं खुशी से झूम उठे और वह सरकारी नौकरी में जाकर देश सेवा करना चाहते है। सभी ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अग्निकांडों में किसानों को हुआ हजारों का नुकसान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र के अलग-अलग दो स्थानों पर लगी आग से किसानों का भूसा व फसलें जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। हालांकि किसानों को अग्निकांडों से हजारों का नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने मुआवजे की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेला खालसा में किसानों द्वारा फसल कटाई के बाद खेत में पड़ा भूसा व गेहूं के ढेर में आग लग गई। धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब आधा दर्जन से अधिक किसानों करनपाल, हरदयाल, राजकिशोर, हरिचरन, रामपाल, जागे कुशवाहा, मानसिंह, मिहीलाल आदि के खेत पड़ा भूसा व कटी फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। इसी तरह थाना अजनर अन्तर्गत भगारी गांव के किसान उमेश दीक्षित के खेत में कटाई के बाद खेतों पर गेहूं की फसल रखी हुई थी, जिसमें किसी कारण से आग लग गई। जिसकी सूचना फायर स्टेशन कुलपहाड़ को दी गई। जब तक दमकल की टीम पहुंचती, तब तक लोगों की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया। पीड़ित किसान उमेश दीक्षित ने बताया कि खेत में रखा 5 कुन्तल गेंहू व 7- 8 कुन्तल भूसा जल गया है। उनका कहना कि पिछले वर्ष भी गांव के एक नशेड़ी द्वारा ऐसे ही घटना को अंजाम दिया गया था।

इस बार भी रंजिशन आग लगाने की बात कही गई है।



- कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत हुआ अग्निकांड

## खबरें एक नजर में

### रिक्शा चालक को लाठी से पीटकर किया लहूलुहान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** कुलपहाड़ कस्बा के मुहाल हटवारा निवासी देवीदीन कुशवाहा ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि वह 17 अप्रैल की सुबह 9 बजे वह रिक्शा में सवारी बैठाकर बागौल रोड पर जा रहा था। रास्ते में कुलपहाड़ के ही वार्ड नं- पांच निवासी भानसिंह ठाकुर ने उसे रोका और गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसने लाठी से हमला कर उसे घायल कर दिया। जिससे उसके शरीर में गंभीर चोटें आयी। धमकी दी कि यदि किसी से शिकायत की तो अच्छा नहीं होगा। देवीदीन ने बताया कि वह आपराधिक किस्म का है। उसने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी भानसिंह ठाकुर के विरुद्ध धारा 323, 504 व 506 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आत्महत्या का किया प्रयास

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली के धमना गांव निवासी हमीद अहमद(40) पुत्र बसीर अहमद ने शनिवार को शराब के नशे में दरवाजा बंद कर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया।युवक को स्वजनों ने कमरे की खिड़की तोड़ फांसी के फंदे से नीचे उतारा और आनन फानन में सीएचसी ले गए। डॉ अखिलेश सिंह ने बताया कि युवक की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

### मासूम के साथ बलात्कार का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के एक मोहल्ले में 10 वर्षीय लड़की के साथ एक युवक ने बलात्कार का प्रयास किया। वहीं आरोपी पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के फतेपुर निवासी एक पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी 10 वर्षीय पुत्री दरवाजे में खेल रही थी जिसे पड़ोस का ही रहने वाला प्रमोद पुत्र वरदानी बहला फुसलाकर अपने साथ कमरे में ले गया और दरिंदगी की घटना को अंजाम देने लगा हालांकि इस दरमियान जब लड़की ने शोर शराबा किया तो वह मौके से भाग निकला। वहीं पुलिस ने घटना पर संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### नाबालिग को भगाने के मामले पुलिस ने शुरु की जांच

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिग लड़की को दूसरे गांव का एक युवक बहला भगा ले गया है, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री को रीवन गांव निवासी ऊदल पुत्र छोटा बहला फुसलाकर भगा ले गया है और इस घटना के तीन दिन बीत चुके हैं। काफी खोजबीन करने के बाद जब लड़की का कहीं अता-पता नहीं चला तो उन्होंने पुलिस को तहरीर सौंपीं है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक परिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है।

### प्राईवेट सवारी वाहनों तीन दिवसीय सर्वे शुरू

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** रोडवेज परिवहन की मंडलीय टीम ने शासनादेश के मुताबिक पहली मर्तवा आज से तीन दिवसीय पूरे चित्रकूटधाम मंडल में चलने वाले सवारी प्रायवेट वाहनों व उनमें बैठने वाली सवारियों का सर्वे शुरु कर दिया है। यह सर्वे बेहद गुप्त ढंग से किया जा रहा है। सर्वे की रिपोर्ट शासन को भेज दी जायेगी शासन इस मामले में क्या फैसला करता है। इसको लेकर तरह तरह की अटकले लगायी जा रही है। रोडवेज डिपो हमीरपुर के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक(एआरएम) आरपी साहू ने बताया कि इन दिनों हर जिले में सवारी प्रायवेट वाहनों की संख्या बेहद बढ़ रही है। इससे रोडवेज का बहुत आर्थिक नुकसान हो रहा है। यहा तक कि वाहनों की फिटनेस न होने के कारण वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है। शासन ने यह निरीक्षण औचक व बेहद गोपनीय ढंग करा रही है। इस टीम में आरएम टीआई व उच्चाधिकारी शामिल है,आरएम चित्रकूटधाम मंडल के अगुवाई में यह सर्वे किया जा रहा है। कौन टीम किस रोड में खड़ी होकर सवारी वाहनों का सर्वे करेगी। सर्वे 22 अप्रैल तक चलेगा तीन दिन में चारों जिलों का सर्वे हो जायेगा। टीम में केवल रोडवेज के उच्चाधिकार ही शामिल है। अचानक होने वाले सर्वे से विभाग के आला अफसर भी आश्चर्य चकित है। किसी भी सवारी वाहनों से टीम का कोई सदस्य बात नही करेगा केवल एक स्थान में खड़े होकर वाहन संख्या व उसमे बैठने वाली सवारियों का विवरण नोट किया जायेगा। शासन का मकसद क्या है इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को भी नही है। पूरे प्रदेश से सर्वे रिपोर्ट पहुचने के बाद शासन क्या फैसला करेगा, यह बाद में जानकारी हो पायेगी। इधर ज्यादातर जिलों में रोडवेज बस स्टाप के बगल से प्रायवेट वाहन सवारियां भरकर ले जाते है,डबल स्टोरी की बसे विना नियम कानून के जिले में धड़ल्ले से चल रही है एआरटीओ व पुलिस इसमे कोई नकेल नही कस पा रही है। जब कि इनके पास केवल कान्ट्रैक्ट कैरिज का परमीशन होता है ये बसे हर स्थान से सवारियां नही भर सकती है,जिससे रोडवेज विभाग का काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है इस बात को लेकर शासन स्तर काफी दिनों से चिंतन हो रहा था। अनुमान है कि शासन कोई बड़ा फैसला लेने की जुगत में है।

### आग की चपेट में आईं किसानों की फसलें

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आग लगने से सात किसानो की 28 बीघा खेत मे लगी गेंहू की फसल जली, आग लगने की वजह फिलहाल स्पष्ट नही हो सकी।दमकल कर्मियों द्वारा ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। भरथना क्षेत्र अंतर्गत नगला निवार गांव के सामने स्थित खेतो में दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया,खेत मे पकी खड़ी गेंहू की फसल से आग की लपटें उठती देखकर आसपास मौजूद किसानो व ग्रामीणों ने फायर बिग्रेड को सूचना और आग बुझाने में जुट गए।सूचना पर दमकल कर्मियों द्वारा मौके पर पहुँचकर ग्रामीणों की मदद से लगभग आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया जानकारी के अनुसार आग से हरनाम सिंह निवासी निवार 12 बीघा,अशोक कुमार निवासी निवार 3 बीघा,सतीश कुमार नगला गजा 4 बीघा,उमेश चंद्र नगला गजा 2 बीघा,शंकर लाल बंसियापुर 3 बीघा, बहादुर सिंह बंसियापुर 2 बीघा। श्रीवती पत्नी बहादुर सिंह बंसियापुर 2 बीघा की गेंहू की फसल जल कर क्षतिग्रस्त हो गई।

# पति ने की दूसरी शादी, मारपीट का आरोप

- राठ हमीरपुर का निवासी हैं आरोपी पति
- न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने पांच लोगों पर लिखवा मुकदमा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

युवक ने अपनी पहली पत्नी को धोखा देते हुए दूसरी शादी कर ली। इसकी भनक जब महिला को हुई तो उसने विरोध किया। इसके बाद पति ने परिजनों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी और किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी पति सहित पांच आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506 व 494 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हमीरपुर जनपद के राठ के मुहल्ला पठनऊपुरा हाल मुकाम मुहल्ला सुभाषनगर निवासी वंदना पत्नी शैलेंद्र सिंह परिहार ने न्यायालय में दायर किए वाद में बताया कि उसका शैलेंद्र से विवाह करीब 20 साल पहले हुआ था। उनके दो संताने भी है। शैलेंद्र सिंह विद्युत विभाग महोबा में काम करता था और दोनों लोग किराए का मकान लेकर रहते थे। कुछ दिन पूर्व शैलेंद्र सिंह ने अपना तबादला राठ के लिए करा लिया और महोबा से राठ जाने लगा। उसके परिजनों ने 26 फरवरी 2020 को शिवानी पुत्री भूरे सिंह से उसका विवाह करा दिया और उसे बतौर पत्नी राठ में रख लिया। अगस्त 2023 में उसे इसकी जानकारी हुई तो उसने राठ जाकर इसकी पुष्टि की। शैलेंद्र व शिवानी की शादी का कार्ड हासिल किया। विरोध करने पर पति ने उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। 23 अगस्त 2023 को थाना महिला पुलिस ने उसे नोटिस देकर बुलाया पर वह नहीं आया।

नवंबर 2023 में ये लोग उसके घर सुभाषनगर आए और उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। धमकी दी कि यदि कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे। पुलिस को सूचना दी गई पर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से अवगत कराया गया पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। वंदना ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय आदेश पर पुलिस ने आरोपी पति शैलेंद्र सिंह, उसकी मां विमला, दूसरी पत्नी शिवानी सिंह, रिंकू परिहार व भूरे सिंह के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506 व 494 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के निर्देश, शिकायत के लिए मो. नं. जारी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

- नियमानुसार दंडनीय कार्रवाई के निर्देश

जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह ने अवगत कराया है कि अक्षय तृतीया पर बाल विवाह को रोके जाने हेतु व्यापक प्रबंध किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित समस्त खंड विकास अधिकारियों समस्त थानाध्यक्ष व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति तथा सदस्य किशोर न्याय बोर्ड आदि विभिन्न विभागीय अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वह अक्षय तृतीया के दिन 10 मई को अपने अधिकार क्षेत्र में होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए अपने अधीनस्थों को निर्देशित करें तथा जनपद में उक्त दिवस को बाल विवाह रूपी सामाजिक कुरीतियों को रोकने में सफल हो सकें। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार की कोई घटना आपके अधिकार क्षेत्र में घटित होती है तो इसकी सूचना तत्काल उनके मोबाइल नंबर 75180 24056 पर या सोहन गुप्ता संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के मोबाइल नंबर 9286613689 या महिला हेल्पलाइन 181 या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर उपलब्ध कराएं ताकि समय रहते बाल विवाह पर प्रभावी रोकथाम एवं संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार दंडनीय कार्रवाई की जा सके।

### कक्षा सातवी का छात्र स्कूल से गायब, पुलिस जांच में जुटी

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे के चरखारी रोड स्थित एक प्राइवेट स्कूल से छुट्टी होने बाद कक्षा सातवीं का छात्र घर नहीं पहुंचा। छात्र के घर न पहुंचने पर स्वजनों ने खोजबीन की। लेकिन उसका पता नहीं चला। छात्र के पिता ने पुलिस से लिखित शिकायत की है।अकौना गांव निवासी राहुल सिंह ने पुलिस को बताया कि राठ कस्बे के चरखारी रोड? स्थित उर्मिला देवी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा सातवीं का छात्र है। शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे उसका 13 वर्षीय पुत्र विवेक राजपूत उर्फ टिंकू घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। दोपहर करीब एक बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह घर नहीं पहुंचा। बताया जब वह देर शाम वह घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश की गई। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुत्र के गायब होने पर स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। छात्र की तलाश की जा रही है।

# इंटर की दीक्षा ने किया जिला टॉप, प्रियंका रहीं दूसरे स्थान पर



**राठ/कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के परिणाम शनिवार को घोषित हुए। परिणाम आते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी खिल गई। स्कूल, कॉलेजों में मिठाई खिलाकर छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.सत्यनारायण सिंह परिहार ने बताया हाईस्कूल में राममिलन 94.5, कृष 93.67, आकाश 93.33, विनय 93.33 फीसदी अंक पाकर जिले की टॉप टेन सूची में दर्ज है। वहीं सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज के हाईस्कूल के छात्र निखिल कुमार ने 93.33 फीसदी अंक पाकर अव्वल रहा। वहीं इंटरमीडिएट में चित्रगुप्त इंटर कालेज की छात्रा दीक्षा राजपूत ने 95.6 फीसदी अंक पाकर जिले में टॉप किया। वहीं जीआरवी की मांडवी सैनी 94.40, सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज के राहुल बबेले 94.20, जीआरवी इंटर कालेज के छात्र आयुष गुप्ता 94.20, बीएनवी इंटर कालेज के विनय कुमार ने 93.8 फीसदी अंक पाकर जिले का नाम रोशन किया। वहीं मां शारदा इंटर कालेज की छात्रा आराधना 91.4, गीतांजलि त्रिपाठी 90.8 फीसदी अंक पाए। शिक्षकों ने छात्राओं को माला पहना कर मुंह मीठा करा कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कुरारा। इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में दूसरा स्थान पाने वाली छात्रा प्रियंका निषाद कुरारा कस्बा स्थित श्री कंचनलाल सगुणा इंटर कालेज की छात्रा है। प्रियंका ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में दूसरा स्थान पाया है।प्रियंका कस्बे से करीब 13 किलोमीटर दूर भौली गांव नई निवासिनी है। प्रियंका के पिता कमल निषाद खेती किसानी करते है वही माता साधना गृहणी है। प्रियंका के एक बहन प्रांशू है जो बीएससी कर रही है व एक भाई है हिमांशु जिसने इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा दी थी जिनमे उसने भी 86.5 प्रतिशत अंक हासिल किए है।प्रियंका के पास मोबाइल नही है घर मे एक मोबाइल है उसी में वो भी कभी कभी सोशल मीडिया की जानकारी कर लेती है प्रियंका ने बताया कि उनका कोई सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, ट्विटर या व्हाट्सएप में कोई अकाउंट नही है। प्रियंका ने अपनी इस सफलता के पीछे माता पिता व गुरुजनों का आशीर्वाद बताया। उसने बताया कि विद्यालय के अलावा घर पर भी करीब पांच घंटे की पढ़ाई के बाद ये सफलता मिली है। सफलता के बाद घर मे खुशी का माहौल है। वही प्रियंका आगे एमबीबीएस की पढ़ाई करना चाहती है।

# दहेज हत्या से संबंधित वांछित आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

- जिले के थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने की कार्रवाई

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत उपनिरीक्षक देवेंद्र पाण्डेय थाना महोबकंठ द्वारा धारा 498-ए व 304-बी व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वांछित आरोपी राघवेन्द्र धोबी पुत्र लल्लूराम निवासी ग्राम घुटई महोबकंठ मृतका का देवर को मुखबिर की सूचना पर तेलीपहाड़ी मोड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद उसे जेल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक प्रकरण से संबंधित अन्य तीन वांछित आरोपियों मृतका के पति, सास व ससुर को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक देवेंद्र पांडेय, कां कुंवरपाल शामिल रहे। पुलिस के अभियान से आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# अबकी बार 400 पार : केशव प्रसाद मौर्य

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




- भाजपा प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया ने किया नामांकन
- इटावा लोकसभा सीट पर इस बार फिर कमल खिलने जा रहा : डॉ. राम शंकर कठेरिया

इटावा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ राम शंकर कठेरिया ने आज कलक्ट्रेट पहुंच कर जोशो खरोश के साथ जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

लोकसभा इटावा से भाजपा प्रत्याशी एंव पूर्व सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. राम शंकर कठेरिया के नामांकन सभा मे हुंकार भरते हुए मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा देश मे एक बार फिर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व बहुमत की सरकार बनने जा रही है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. राम शंकर कठेरिया ने कहा कि इटावा लोकसभा सीट पर इस बार फिर कमल खिलने जा रहा है। इस अवसर पर मंच पर मौजूद रहकर मुख्य अतिथि का पटका एवं पगड़ी पहनाकर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा एवं विधानसभा संयोजक गोपाल मोहन शर्मा ने स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद मानवेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी कमलावती सिंह,, मंत्री अजीत पाल, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, चेयरमैन पूर्व महामंत्री, मंडल अध्यक्ष मंच पर मौजूद रहे। अध्यक्षता हरी किशोर तिवारी ने की।

### परशुराम सेवा समिति मेधावियों को सम्मानित करेगी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** परशुराम सेवा समिति उ.प्र. हाईस्कूल व इण्टर मीडियेट के मेधावियों को सम्मानित करेगी।

परशुराम सेवा समिति उ.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील सम्राट व महामंत्री जयशिव मिश्रा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि हाईस्कूल व इण्टर मीडियेट 2024 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा 7 प्रदेश अध्यक्ष डा. सम्राट ने आगे बताया कि छात्र-छात्रायें अपने आधार कार्ड व अंक पत्र की फोटो कापी व एक फोटो 15 मई तक प्रदेश कार्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में जमा कर दें।

# मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से की मतदान करने की अपील

- छात्र-छात्राओं ने लगाये घर-घर में संदेश दो, वोट दो वोट दो के नारे

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय कस्बा महेवा स्थित लोकमान्य रूरल इंटर कॉलेज महेवा की स्काउट/गाइड टीम एवं महेवा स्वीप टीम द्वारा नगर में संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता रैली निकाली, रैली का शुभारंभ प्रधानाचार्य लोकमान्य रूरल इंटर कॉलेज महेवा डाक्टर शिवशंकर त्रिपाठी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया, इस दौरान रैली में छात्र /छात्राओं द्वारा घर घर में संदेश दो, वोट दो वोट दो के नारे लगाकर नगर को गुंजायमान कर दिया वहीं संभ्रांत लोगों, व्यापारियों को आमंत्रण पत्र भी दिए। कार्यक्रम में जिले से आई स्वीप टीम में ब्लॉक गाइड कैप्टन अर्चना चौधरी, स्काउट मास्टर नीरज सिंह दोहरे, स्वीप टीम सहप्रभारी चन्द्र जीत सिंह, अभिषेक कुमार, रेखा सोनी ने मुख्य बाजार में आम जनता को आमंत्रण पत्र देकर आगमी चुनाव में वोट देने की अपील की। मतदाता जागरूकता रैली को सफल बनाने में गाइड कैप्टन मंजुलता, स्काउट कैप्टन राजकुमार सहित प्रवक्ता डाक्टर लवकुश जाटवानी, हेमचंद्र सिंह ,शिव शंकर यादव ,मुकेश कुमार, गीता, आयुषी, अंजली, शत्रुघ्न तोमर, भगवान दास, अनुराग पाल आदि सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बच्चों को हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करना चाहिए : एसपी सिटी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपनी मेहनत और लगन से छात्र छात्राओं को हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।यह उद्गार सेंटमेरी इन्टर कालेज के प्रांगण में आयोजित 56वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी ने कक्षा 6,7,8,9 व कक्षा 11 के 170 मेधावी छात्र छात्राओं को परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए व्यक्त किए।



शनिवार को सेंटमेरी इन्टर कालेज में मेधावियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी ने सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सेंटमेरी इन्टर कालेज के अनुशासन की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा सभी बच्चों को यातायात के नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया और साथ ही साथ ट्रेफिक नियमों की विस्तृत जानकारी दी। सेंटमेरी इन्टर कालेज के प्रिंसिपल फादर जोबी जोसेफ,मैनेजर फादर बिन्सन व वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन ने मुख्य अतिथि एसपी सिटी का बुके व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सेंटमेरी कालेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।शिक्षिका दीपाली सक्सेना ने वेलकम स्पीच दी।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विनीत लाल ने किया।

### युवक की ट्रेन से टकराकर मौत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** औरैया जनपद के युवक की ट्रेन से टकराकर मौत हो गई। रात्रि में एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 22 वर्ष थी दुरंतो एक्सप्रेस की चपेट में आकर मृत्यु हो गई। किलोमीटर संख्या 1137/18 -16 डाउनलाइन के पास तीन टुकड़ों में उसका शव मिला। उप निरीक्षक द्वारा मृतक की शिनाख्त आसपास के लोगों से कराई गई तभी थोड़ी देर बाद एक व्यक्ति रवि पुत्र मेहरबान निवासी ग्राम खासुआ थाना कुदरकोट जिला औरैया ने अपने भाई सुमित कुमार पुत्र मेहरबान सिंह निवासी खासुआ थाना कुदरकोट जिला औरैया उम्र 22 वर्ष के रूप में पहचान की है। मृतक का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु कार्यवाही की गई है।

# सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे ने शहर में मांगे वोट

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

आइएनडीआइए गठबंधन समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे ने शहर के बैरुनटोला, पथवरिया, बरहीपुरा, जटपुरा, आलमपुरा, पोस्ती खाने में डोर टू डोर जनसंपर्क करते हुये कहा कि इस बार जनता परिवर्तन चाह रही है महंगाई और बेरोजगारी से लोग परेशान हैं जनता परिवर्तन को एक उम्मीद की नज़र से देख रही है।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि संविधान की रक्षा के लिए आप सभी को मतदान के दिन निकलना होगा। अब तक आप लोगों ने अच्छे दिन के बादे सुने हैं, सरकार बदलकर ही अच्छे दिन आयेंगे रोज़गार, मंहगाई पर लगाम प्राथमिकता होनी चाहिये। कंपैनिग में सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, उदयभान यादव, फिरोज अंसारी, मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, टंटी यादव, आदित्य गोविंद, नफ़ीसुल हसन अंसारी,आप जिला महामंत्री इक़रार अहमद, प्रवीण कुशवाहा, पल्लव दुबे, एस एम मुस्तक़ीम, सभाषद दिलशाद अंसारी, मनोज राणा बाल्मिक, आलोक दीक्षित, आशीष दीक्षित, मुस्तक़ीम अंसारी, मिक्की त्रिपाठी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# भारत-नेपाल सीमा पर शीघ्र शुरू होगा 83 किमी लंबी सड़क निर्माण का कार्य

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**एसएसबी** की 9वी एवं 50वीं बटालियन की 21 बार्डर आउट पोस्ट को जोड़ेगी सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण यह सड़क, 03 बीओपी का कार्य पहले ही पूरा, 18 पर तेजी से चल रहा का काम विफलता की ओर मुंह मोड़ चुकी भारत-नेपाल सीमा की सामरिक सीमा पर सड़क बनने का कार्य जो पिछले तीन साल से रूका हुआ था उसे पूरा करने के लिए विधिक बाधओं को दूर कराते हुए डीएम ने कई चक्र की बैठकों के बाद सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया है और यह कार्य पूरा कराने के लिए जल्द ही गति पकड़ेगा। जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने पहले से प्रस्तावित 83 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य की समस्त बाधाएं एवं औपचारिकताएं पूर्ण करा ली हैं और सड़क निर्माण का कार्य जल्द ही शुरू होने जा रहा है। यह सड़क प्रदेश के 07 जिलों पीलीभीत, लखीमपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महराजगंज सहित 07 जिलों की 594 किमी लम्बाई को जोड़ेगी जिसमें जनपद बलरामपुर में कंचनपुर-गंधेलका तक कुल 83 किमी लम्बी सड़क बनेगी। बताते चलें कि सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से जुड़े गांवों को 83 किमी अच्छी सड़क मिलने जा रही हैं, जिससे वन क्षेत्रों व सीमा निगरानी सख्त और मजूबत होगी साथ ही थारू जनजाति के लोग मुख्य धारा जुड़ते हुए विकास के भागीदार भी बन सकेगें साथ ही वन माफियाओं पर प्रभावी नकेल कसी की जा सकेगी। गौरतलब है कि इस सड़क के निर्माण का कार्य वन विभाग से एनओसी न मिलने के कारण 7.4 किमी निर्माण के बाद कार्य तीन साल पहले रूक गया था। प्रकरण संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने वन विभाग और अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग बार्डर एरिया के साथ बैठक कर निर्माण कार्य में आने वाली समस्त दिक्कतों को पिछले 05 माह में कई चक्र की बैठकें कीं तथा शासन स्तर पर भी पैरवी करते हुए समस्याओं को दूर कराया और शनिवार 20 अप्रैल को सड़क निर्माण के लिए भूमि खरीद के लिए दर निर्धारण एवं अन्य कार्यवाहियां करने के आदेश पारित कर दिये हैं। जिलाधिकारी के आदेश के क्रम विभागों द्वारा सरेखण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। जिलाधिकारी सिंह ने बताया कि इसमें वन्य जीव संरक्षित क्षेत्र में 35.20 किमी, रिजर्व फारेस्ट एरिया में 47.80 किमी शेष गैर वन्य क्षेत्र में सड़क का निर्माण होगा। इससे 452 वर्ग किलोमीटर में फैले सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के बेशकीमती पेड़ों की निगरानी में आसानी होगी तथा सीमा सुरक्षा के दृष्टिगत सीमरा सुरक्षा बलों को मजबूती मिलेगी। गौरतलब है कि इंडो-नेपाल बार्डर सड़क निर्माण परियोजना से केंद्र के गृह मंत्रालय ने प्रस्ताव मंजूरी दी है। इसमें सशस्त्र सीमा बल 9 वीं व 50वीं वाहिनी की 21 चौकियां जुड़ेंगी। इस सड़क से पहले 7.2 किलोमीटर सड़क का निर्माण सिद्धार्थनगर जिले से बलरामपुर सीमा तक हो चुका है। जिससे तीन एसएसबी की चौकियां जुड़ी हैं। अब 18 चौकियों को भी मार्गो से जोड़ा जाएगा। नए मार्ग के बनने से सड़क की लंबाई 90.3 किलोमीटर हो जाएगी। इंडो नेपाल बार्डर लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड-1 ने निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह सड़क कंचनपुर से गंधेला नाका तक बनेगी।

### तीन भागों में होगा सड़क का निर्माण कार्य

सड़क का निर्माण तीन चरणों में होगा। पहले भाग में 35.200 किलोमीटर लंबी सड़क पर 329.80 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। दूसरे भाग में 354.12 करोड़ रुपये से 37.355 किमी. लंबी सड़क का निर्माण होगा। तीसरे भाग में 10.5 किमी. सहित कुल 83.050 किमी सड़क निर्माण पर 770.24 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### जिलाधिकारी के निर्देशन में हो रहा भूमि अधिग्रहण व वन क्षेत्र संरक्षण कार्य

शनिवार 20 अप्रैल 2024 को जिलाधिकारी द्वारा दर निर्धारण का आदेश पारित करने के बाद वन विभाग, पीडब्लूडी और एसएसबी द्वारा भूमि अधिग्रहण व वन क्षेत्र का सर्वे किया जा रहा है। गैर वन भूमि दो गांवों में है। दोनों गांवों में कुल 1.1 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करके किसानों को 75 लाख रुपये का मुआवजा दिये जाने का आदेश डीएम ने अधिकारियों को दिया है। दोनों गांवों क्रमशः पिपरा संडवा में 0.675 हेक्टेयर व परसरामपुर में 0.417 हेक्टेयर भूमि का क्रय किया जाएगा। दोनों गांवों के 37 किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

### जिलाधिकारी ने संयुक्त सर्वे में पेड़ों की भी गिनती शामिल करने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी सिंह ने संयुक्त सर्वे टीम को निर्देश दिये थे कि संयुक्त सर्वे में वन क्षेत्र का सर्वे व पेड़ों की गिनती भी शामिल की जाय। संयुक्त निरीक्षण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। 26 किमी. लंबाई में पेड़ों की गिनती पूरी हो चुकी है। सड़क निर्माण कार्य जो तीन साल पहले रूक गया था अब उसे शीघ्र पूरा कराने का शीघ्र शुरू करा दिया जाएगा।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने को तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**



**लोकसभा** सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशन में मतदान कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रथम प्रशिक्षण एमपीपी इंटर कॉलेज में आयोजित हो रहा हैं।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण में 4460 पीठासीन अधिकारी एवं मतदान कार्मिक प्रथम को मतदान कराने की बारीकियां मास्टर ट्रेनरों द्वारा दी गई। प्रशिक्षण के प्रथम एवं दूसरे दिन 1720 पीठासीन एवं मतदान कार्मिक प्रथम को 2 पालियों 10=30 से 1=00 एवं 2=00 बजे से 4=30 बजे प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमे की मतदान कार्मिकों ने मॉक पोल,विभिन्न रजिस्टर एवं प्रारूप को भरे जाने,ईवीएम एवं वीवीपैट से वोट कराए जाने की बारीकियां प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान प्रथम दिन कुल 17 मतदान कार्मिक एवं दूसरे दिन 21 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहें। डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के अनुपालन में बिना किसी वैध कारण एवं जानबूझकर प्रशिक्षण से अनुपस्थित मतदान कार्मिकों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई के साथ-साथ विभागीय कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।

# एसएसवी के दो छात्रों ने बढ़ाया जिले का मान

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के शनिवार को घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में एसएसवी इंटर कॉलेज के दो छात्रों ने जिले की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन कर दिया है। इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम की सूची में विद्यालय के छात्र अनुपम जायसवाल और अनुराग भट्ट ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने इंटर की परीक्षा में 95 फ़ीसदी अंक प्राप्त करने के साथ जिले की मेरिट सूची में छठा स्थान पाने वाले अनुपम जायसवाल और उनके पिता शिक्षक सुशील जायसवाल को विद्यालय में मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जिले की मेरिट सूची में सातवां स्थान पाने वाले अनुराग भट्ट को भी शुभकामनाएं दीं और उज्जवल भविष्य की बधाई दी। प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी ने बताया कि विद्यालय के 366 छात्रों ने हाई स्कूल की जबकि 361 छात्रों ने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत है। इस दौरान डॉ तिवारी ने कहा कि होनहार विद्यार्थी अलग होते हैं। उनकी प्रतिभा से ही विद्यालय गौरवान्वित होता है।विद्यार्थियों का हौसला अफजाई करने के दौरान विद्यालय के शिक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार मिश्रा,रवि प्रकाश श्रीवास्तव,शशांक मिश्रा,शैलेंद्र सागर मिश्रा और विवेकानंद पाण्डेय सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। छात्रों ने खुशी में एक दूसरे को कंधों पर उठाया और मिठाई खिलाकर व गले मिलकर बधाई दी।

### दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर)।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार के निर्देशन में जनपद बलरामपुर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव एवं क्षेत्राधिकारी उतरौला प्रमोद कुमार सिंह यादव के निकट पर्यवेक्षण में बीते शनिवार कोतवाली उतरौला पुलिस टीम उपनिरीक्षक किसलय मिश्र मय हमराह हेडकांटेबल चन्द्रभान सरोज व हेडकांटेबल रमेश शर्मा द्वारा थाना कोतवाली उतरौला पर पंजीकृत मु0अ0स0 79/2024 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 डी0पी0 एक्ट से सम्बन्धित वंछित अभियुक्त सालिक राम पुत्र ओम प्रकाश उम्र करीब 27 वर्ष, निवासी ग्राम मंगत डेरा चिक्कूडीह रामपुर बगनहा थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर को भड़वाजोत नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

# नगर आयुक्त ने किया नाले की सफाई का निरीक्षण

**अयोध्या।** शनिवार को नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा नगर निगम सीमान्तर्गत अवधपुरी वार्ड स्थित नाले की सफाई का निरीक्षण किया गया।उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित नालों की सफाई का कार्य 31 मई तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये है, जिसके क्रम में नालों की सफाई का कार्य प्रारम्भ कराया गया है। जलभराव वाले क्षेत्रों के चिन्हित करते हुए समुचित जल निकासी के निर्देश दिये गये है।नगर आयुक्त श्री शर्मा ने बताया कि वर्षा सन्निकट होने के कारण नाला सफाई का कार्य टेल इन्ड (निकासी की तरफ से) प्रारम्भ कराया गया है।इसमें एक मीटर से अधिक चौडे नालों का निर्माण विभाग के माध्यम से व एक मीटर से कम चैड़े,मझोले नालों की सफाई का कार्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराया जा रहा है।इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यो का सतत पर्यवेक्षण करते हुए कार्ययोजना तैयार करते हुए नालों की सफाई का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये है।नालों की सफाई के पूर्व व उपरान्त की जियो टैग फोटोग्राफ भी संकलित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।इसके अतिरिक्त सम्बन्धित वार्ड के पार्षद से सहयोग/सुझाव प्राप्त करते हुए नालों की तलीझाड़ सफाई कराये जाने के निर्देश दिये गये है।जल भराव के क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए समुचित जल निकासी कराये जाने के निर्देश दिये गये है।निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय,सहायक अभियन्ता राजपति यादव,अवर अभियन्ता विनोद पटेल,सफाई एवं खाद्य निरीक्षक देवी प्रसाद व राकेश कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सहायक निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**उतरौला (बलरामपुर)।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसडीएम उतरौला/सहायक निर्वाचन अधिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने क्षेत्र के तमाम मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र पर गन्दा शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था व बिजली आपूर्ति में गड़बड़ी पाए जाने पर बेसिक शिक्षा विभाग व बिजली विभाग तथा नपाप उतरौला के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार ने बेसिक विधालय गजपुर ग्रिन्ट,इट ई रामपुर के अमानतडीह, शाहपुर इट ई, भरवलिया में बने शौचालय काफी गन्दा व चोक पाए गए। नगर पालिका परिषद उतरौला क्षेत्र के 26 मतदान केन्द्र का शौचालय गन्दा एवं खराब पाया गया।?बेसिक विधालय नेवादा के नल से गन्दा पानी आ रहा था। बेसिक विधालय गोकुला माफी में लगा नल खराब पाया गया। बेसिक विधालय मानापार बहेरिया में बिजली का कनेक्शन नहीं पाया गया। बेसिक विधालय बभनी बुजुर्ग में लगे सोलर के खराब होने से बिजली आपूर्ति बंद पड़ी है।

### दुद्धी को जिला बनाने की मांग को लेकर कचहरी गेट पर प्रदर्शन

**दुद्धी, सोनभद्र।** दुद्धी को जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में शनिवार को दोपहर करीब 1 बजे कचहरी गेट पर अधिवक्ताओ ने जमकर प्रदर्शन किया।वक्ताओं ने कहा कि जनपद सोनभद्र दुद्धी क्षेत्र से अत्यधिक दूरी पर स्थित है । यह पूरा क्षेत्र नक्सल प्रभावित,औद्योगिक बहुल्य,आदिवासी बहुल्य है। इसको विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए तत्काल दुद्धी को नया जिला घोषित कर देना चाहिए। बता दे की लंबे समय से दुद्धी को जिला बनाने की मांग के परिपेक्ष्य में आंदोलन व धरना प्रदर्शन के माध्यम से पुरजोर ढंग से उठाई जा रही है। शासन और प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर नजर नहीं आ रही है। कहा कि उत्तर प्रदेश में कई ऐसे जिले बने हैं जो प्रस्तावित जिला दुद्धी से काफ़ी छोटे हैं चाहे वह जनसंख्या में हो या क्षेत्रफल में। दुद्धी को जिला नहीं बनाएँ जाने से यहां के आदिवासियों को जिला मुख्यालय आने जाने में काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इस मौके सिविल बार संघ के अध्यक्ष विष्णु कांत तिवारी, जिला बनाओ संघर्ष समिति के महासचिव प्रभु सिंह कुशवाहा छोटेलाल अग्रहरी,सत्यनारायण यादव,शिवशंकर प्रसाद अरुणोदय जौहरी,उदय लाल, अमरावती,रविंद्र यादव,आशीष कुमार गुप्ता,संतोष कुमार,अभिनाथ यादव,,राकेश कुमार,अजय रतनेन्द्र जायसवाल,संजय यादव,श्रीचंद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, कई घर जलकर राख

**उतरौला (बलरामपुर)।** विकास खण्ड उतरौला क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा महुआ धनी मे आज सुबह लगभग 9 बजे तक अज्ञात कारणों से लगी आग ने पुरे गांव में खूब तांडव मचाया, आग की लपटे ऐसा चित्कार कर रही थी मानो सब कुछ निगल जाएंगी, हर तरफ़ अफरा तफरी मच गई,। लोगो का, गेंहू, भूसा, पशु आश्रय स्थल, लकड़ी साइकिल, पानी मशीन जो भी आग के रास्ते में आया वो सब कुछ राख हो उठा। अजीत चौधरी, राकेश चौधरी का भूसा, चारपाई, छप्पर का घर, पानी चलाने वाला पाइप और घर में रखा हुआ 6 कुंतल गेंहू भी जल कर राख हो गया, मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड वालो ने मोर्चा संभाला तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। क्षेत्रीय लेखपाल रमेश चंद्र मौके पर पहुंच गए नुकसान का आकलन करके अग्रिम कार्यवाही हेतु रिपोर्ट संबंधित आधिकारी को भेज दिए हैं।

### औरेखी में दरवाजे पर पशु बंधे होने पर महिला से मारपीट

**जालौन (उरई)।** दरवाजे पर बंधे पशु को लाठी डंडों से मारने एवं मना करने पर घर में घुसकर महिला के साथ गाली, गलौज कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़ित महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी विनीता पत्नी नारायण सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके घर के दरवाजे पर पशु बंधा था। तभी वहां पप्पू, सुमित निवासी अज्ञात अपने तीन साथियों के साथ वहां आए और पशु को लाठी डंडों से मारने लगे। पशु को पिटता देख उसने उन सभी को पशु को मारने से मना किया। उसके बात सुनते ही उक्त सभी उसके साथ मारपीट करने लगे। जब वह बचने के लिए घर के अंदर गई तो वह भी अंदर आ गए और गाली, गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसे काफी चोटें आई हैं। तभी उसके चिल्लाने पर आसपास के लोगों का आता देख सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल विमलेश कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल नगर के मोहल्ला काजी निवासी मुर्शिद (28) व पप्पू अली का 17 वर्षीय पुत्र इरफान, क्षेत्र के गांव नुनेरा निवासी राधेश्याम का 9 वर्षीय पुत्र गोविन्द व नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी अंकित 24 वर्ष मार्ग दुर्घटना मे घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अंकित को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### कार-ईरिक्शा की टक्कर में घायल रिक्शा चालक की मौत

**जालौन (उरई)।** तीन दिन पूर्व तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी थी। हादसे में कार व ई रिक्शा दोनों खंदक में जा गिरे थे। जिसमें ई रिक्शा सवार एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। पीड़ित बेटे ने कार चालक के खिलाफकोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम सरावन निवासी पप्पू कुशवाहा की मोपेड खराब थी। जिसे सही कराने के लिए वह बीती 17 अप्रैल को मोहल्ला रावतान निवासी विवेक कुमार के ई रिक्शा पर लादकर जालौन ला रहे थे।

# विद्यापीठ एकेडमी के छात्र हर्ष कुमार ने हासिल किया जिले में पांचवां स्थान



**कर्मा।** पांपी करकी माइनर स्थित विद्यापीठ एकेडमी (कोचिंग क्लासेज) के छात्रों ने मारी बाजी, इंटर मीडिएट के छात्र हर्ष कुमार पिता सरोज कुमार (93.4त्न)अंक प्राप्त कर जनपद में पांचवा और कोचिंग में प्रथम स्थान और शुशील मौर्य पिता कमला प्रसाद मौर्य 90.6 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किए हैं। हाईस्कूल में भी कोचिंग के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेहरून निशा पिता आजाद अंसारी ने 89.67त्नअंक हासिल कर प्रथम स्थान ,विश्वजीत मौर्य पिता उमेश मौर्य ने 88.3त्न अंक प्राप्त कर दूसरा और अमरजीत कांत निराता पिता अजीत कांत निराला ने 83.4त्न अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किए हैं सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और विद्यापीठ एकेडमी को दिया हैं,वही कोचिंग के संचालक अंशुमान मौर्य,संदीप कुमार और शैलेंद्र कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए साथ ही बताए की यह सफलता संस्थान के सभी अध्यापक मुबारक अली,जय हिन्द चौहान,राहुल कुमार,मुन्ना लाल,राम अवध कुशवाहा के मेहनत का फल हैं,अंशुमान मौर्य ने बच्चो को और मेहनत कर उच्च शिक्षण संस्थानों में जाने के लिए प्रेरित किए और हर संभव सहायता करने की बात कही।

# गुरूद्वारा इण्टर कालेज में हाईस्कूल व इण्टर का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**चोपन/ सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**



**शनिवार** को उत्तर प्रदेश हाईस्कूल व इण्टर मिडिएट बोर्ड की परीक्षा का रिजल्ट घोषित हुआ जिसमें गुरूद्वारा इण्टर कालेज के हाईस्कूल का रिजल्ट 91.82प्रतिशत व इण्टर का परिणाम 92 प्रतिशत व विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शानदार रहा वहीं गुरूद्वारा इण्टर कॉलेज मे हाईस्कूल मे आकृति सिंह पुत्री अजय कुमार सिंह ने 91.83प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कृतिका कुमारी पुत्री पुरूषोत्तम लाल ने 90.33प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व शैफ हुसैन पुत्र मो.शाहिद हुसैन ने 90प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। गुरूद्वारा इण्टर कालेज में इंटरमीडिएट परीक्षा में मानवीकीय वर्ग मे श्रेया जायसवाल पुत्री सन्तोष कुमार जायसवाल ने 77.06प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान , दिव्यानी पाण्डेय पुत्री प्रशान्त पाण्डेय 76.02प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व आस्मीन पुत्री अब्दुल हकीम 76प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया । वहीं वाणिज्य वर्ग में मेघना चक्रवर्ती पुत्री सोमा चक्रवर्ती 88.6प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अनुष्का पुत्री महेन्द्र प्रजापति ने 73.4प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व काजल मोदनवाल पुत्री शीतला प्रसाद ने 72.6प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान वर्ग में दिलीप कुमार पुत्र विमल प्रसाद ने 86.04प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रिचा गुप्ता पुत्री अर्जुन साव ने 80.04प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व स्मृति कुमारी पुत्री शिवेन्द्र कुमार साहनी ने 79.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया 7 इस दौरान गुरुद्वारा इण्टर कॉलेज के अध्यक्ष सरदार सुलख्खन सिंह, प्रबंधक सरदार सतनाम सिंह व प्रधानाचार्य धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और सहयोगी शिक्षकों को धन्यवाद दिया साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के अभिभावकों के सक्रिय योगदान की सराहना भी की।

### बुजुर्गों पर शांतिभंग की कार्रवाई, कालपी कोतवाली पुलिस बैकफुट पर

**कालपी (जालौन)।** 80 वर्ष के बुजुर्ग शान्ति पूर्ण चुनाव में बाधा बन सकते हैं जी हा पुलिस ने ऐसी आशंका जाहिर की है। शुक्रवार को पुलिस ने ऐसे कई लोगों को नोटिस भी जारी किए हैं। मामला सामने आते ही पुलिस बैकफुट पर है और कार्यवाही वापस करने की बात कह रही है। विदित हो कि प्रशासन चुनाव शान्ति पूर्ण एवं निष्पक्ष कराये जाने के क्रम में अन्य तैयारियो के साथ क्षेत्र के दबंग, अपराधिक तथा सक्रिय राजनैतिक भागीदारी करने वालो को पाबन्द करती है जिससे चुनाव में किसी प्रकार की बाधा न आये इतना ही नही कुछ लोगों को तो मतदान परिसर के पास जाने से रोकने के लिए लालकार्ड भी दे दिया जाता है हालाकि इसके लिए निर्वाचन आयोग के कुछ नियम और कायदे भी है जिसके तहत 60 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों के खिलाफ ऐसी कार्यवाही नही होनी चाहिए लेकिन पुलिस कभी कभार इन दिशा निर्देश का भी पालन नही करती है ऐसे ही कुछ मामले रामगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में सामने आये हैं।

**परीक्षाफल** — हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों परीक्षाओं में एसआर विद्यालय का रहा दबदबा

# एसआर बालिका कालेज की छात्रा राधिका ने प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया

- उत्कृष्ट परीक्षाफल के लिये छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत रंग लाईः अशोक राठौर

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**




**उप्र माध्यमिक** शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा घोषित हुये हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में एसआर इंटर कालेज एवं एसआर बालिका इंटर कालेज उरई का परिणाम उत्कृष्ट रहा। परीक्षा परिणाम के बारे में विद्यालय के प्रबंधक अशोक राठौर ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में 153 छात्रायें तथा 208 छात्र जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा में 199 छात्रायें तथा 282 छात्र शामिल हुये थे जिसमें से हाईस्कूल में 151 छात्रायें, 207 छात्र तथा इंटर में सभी 199 छात्रायें, 277 छात्र उत्तीर्ण हुये। इस प्रकार से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का संयुक्त परीक्षाफल 99 प्रतिशत रहा। जबकि इंटरमीडिएट की छात्रा राधिका गुप्ता ने 500 में से 480 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, जनपद में चौथा एवं प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया।

इंटरमीडिएट में शामिल सभी 481 छात्र-छात्राओं में से 357 छात्र-छात्रायें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये इसमें से 123 छात्र-छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर ऑनर्स तथा हाईस्कूल में शामिल 361 छात्र-छात्राओं में से 325 छात्र-छात्रायें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये इसमें से 145 छात्र-छात्राओं ने ऑनर्स श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। जबकि इंटरमीडिएट में छात्रा राधिका गुप्ता ने 500 में से 480 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, जनपद में चौथा एवं प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय स्तर पर इंटरमीडिएट में राधिका गुप्ता 480, मोहिनी जादौन 473, मेहेर प्रतीक 465, आलोक राठौर 461, सूर्याशु प्रजापति 459, सुप्रिया प्रजापति 458, जानवी सेंगर और खुशी सोनी ने 454, खुशनुमा ने 450 अंक प्राप्त किये। जबकि हाईस्कूल में अंशुल प्रजापति 567, अभिषेक पाल 551, रिया सिंह परमार 550, वारिस 549, राधिका सिंह और सत्यम 547, सोहिनी जादौन 542, आयुषपाल 541, प्रिया सोनी 540 अंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया। सफल सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक अशोक राठौर, चेयरमैन डा. सीपी गुप्ता, प्रधानाचार्य रमाकांत द्विवेदी, बालिका कालेज की प्रधानाचार्या मंजू गुप्ता सहित सभी शिक्षकगणों ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं।

# ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी व राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों की मौजूदगी में संपन्न

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**लोकसभा** सामान्य निर्वाचन - 2024 को स्वतंत्र , निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने तथा भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद सिंह एवं मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो की मौजूदगी में संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद के कुल चारो विधानसभा में स्थित 1723 बूथ के सापेक्ष सी0यू0 व बू0यू0(ईवीएम) का 125 प्रतिशत तथा वीवीपैट का 136 प्रतिशत का प्रथम रेंडमाइजेशन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो की मौजूदगी में आज किया गया। प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत ईवीएम एवं वीवीपैट का विधानसभा निर्धारण हो गया हैं। प्रथम रेंडमाइजेशन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के सभी प्रश्नों का अच्छी तरह से समाधान किया । राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि पूरी तरह से संतुष्ट रहे एवं सभी से पूरी संतुष्टि पर प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार,अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद तिवारी,समस्त एसडीएम/एआरओ, डीपीआरओ/ प्रभारी अधिकारी ईवीएम एवं वीवी पैट , समस्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### युवक को सांप ने डसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव रसीदपुर निवासी रामवीर (25) को जहरीले सांप ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैने अपने पुत्र तारिक हुसैन के गलत चाल-चलन व क्रियाकलापों के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें।

**वेवी वानो पत्नी जाबिर हुसैन निवासी शमशेर खानी, थाना मऊदरवा, फर्रु0**



# पूर्व सांसद ने फीता काटकर किया समाजवादी पार्टी कार्यालय का उद्घाटन

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज





**समाजवादी** पार्टी कार्यालय का फर्रुखाबाद रोड स्थित उद्घाटन किया गया। जिसका फीता पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने फीता काटकर समाजवादी पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि आप सबके नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं आप लोग चुनाव अभियान में जट जाएं और राष्ट्रीय अध्यक्ष को जिताने का काम करें। हर एक कार्यकर्ता नेता अपने-अपने घरों से निकलकर गांव, गली में घूम घूम कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए वोट मांगें और सभी से अपील करें की अखिलेश यादव चुनाव स्वयं लड़ रहे हैं इनको कन्नौज लोकसभा से इतने भारी मतों से ज़िताओ की लोकसभा में केंद्र में एक इतिहास बना जाये। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को पुलिस परेशान कर रही है अगर हमारा कार्यकर्ता परेशान किया गया तो चुप नहीं बैठेंगे भाजपा पश्चिम में एक सीट नहीं जीत रही है हम लोग संविधान बचाने के लिए लड़ रहे है और कन्नौज लोकसभा अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं इनको इतनी भारी मतों से जीतना है कि भाजपा के छक्के छूट जाए कोई दोबारा अखिलेश यादव के सामने चुनाव लड़ने को तैयार न रहे और पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी हर नेता हर कार्यकर्ता सम्मान की बात है और गठबंधन बहुत मजबूत है ऐसे में सभी नौजवान कार्यकर्ता नेता सभी मिलकर अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करें नगर पालिका परिषद के प्रत्याशी रहे उमर फारूख उर्फ बंटी ने कहा कि हम सब मिलकर बूथ को मजबूत करना है और हर घर से वोटर निकाल कर बूथ तक पहुंचाना होगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथ मजबूत होंगे। बाबा राम प्रकाश यादव, दीपू चौहान, जय कुमार तिवारी, पूर्व अध्यक्ष समधन नकिम खान, विकास शर्मा, सत्येंद्र दुबे, गौरव दुबे, सभासद शमशाद खानै नुद्दीन, खान, पूर्व प्रधान अकिल खान, शैलेंद्र सिंह बबल ठाकुर, अयाज खान, आलोक यादव, नीरज नुद्दीन खान, वसीम उर्फ लाला, रफी अनवर, मुशर्रफ फिरदौस, आलम हाजी, याद मोहम्मद, सोनू जाटव ,वकील खान, आकाश शक पिंकी कश्यप ,अशोक चौहान, अच्छे खान ,विनोद यादव, गुड्डी चौहान, अजय सिंह, कुशल वर्मा, मुस्कुरा हसन, पर टिका प्रधान छोटे, ठाकुर मनोज अग्रवाल, उत्कर्ष गुप्ता, गुलफान ,मुकेश कुशवाहा, मोहित यादव ,रोहित यादव, चंद्रजीत यादव एडवोकेट, वसीम कुरेशी, नहीम खान, मुन्ना अंसारी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार दुबे आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रकांत यादव आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हाईस्कूल में गर्विता ने 92.16 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में किया टॉप

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल का परीक्षाफल माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हुआ। परिणाम आते ही कस्वा समेत आस पास के क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यार्थियों ने अपने-अपने परीक्षा परिणाम देखे। कस्वा स्थित ए.पी.जी. हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा गर्विता मिश्रा ने 92.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। अतुल सिंह ने 91.50 प्रतिशत द्वितीय, प्रांशु सिंह ने 91.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक विवेक पाठक ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रबंधक विवेक पाठक ने कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। मेहनत व लगन से किया गया कार्य कभी व्यर्थ नही जाता।

# खबरें चलते-चलते

### विद्युत कनेक्शन को लेकर हुई तकरार देवर ने भाभी को पीटा

**जालौन (उरई)।** बिजली के कनेक्शन को लेकर देवर ने भाभी के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित महिला ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपी देवर के खिलाफकार्रवाई की है। जालौन निवासी उमादेवी ने पुलिस को बताया कि उनका देवर बबलू लाइट के कनेक्शन को लेकर उनसे विवाद कर रहा था। जब उन्होंने समझाने की कोशिश की तो वह गाली, गलौज करने लगा। मना करने पर उसने मारनीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी देवर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तमंचाधारी युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जालौन (उरई)।** किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े युवक को चौकी पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी युवक के पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। चौकी प्रभारी दामोदर सिंह को सूचनास मिली कि गल्ला मंडी के पास एक संदिग्ध युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखते वहां से भागने का प्रयास कर रहे युवक को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली गई तो युवक के पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

### मौरम खाली करते डम्फर पलटा

**जालौन (उरई)।** लौना रोड पर मौरंग खाली कर रहा डंपर अचानक से सड़क पर पलट गया। हादसे के वक्त कोई मौजूद न होने के चलते घटना टल गई। बाद में क्रेन बुलाकर डंपर को सड़क से हटाया गया। लौना रोड पर एक डंपर सड़क किनारे मौरंग खाली कर रहा था। तभी अचानक मौरंग खाली करते समय डंपर का संतुलन बिगड़ गया और डंपर सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त सड़क पर कोई मौजूद नहीं था। यदि डंपर के पास कोई मौजूद रहता तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। हालांकि डंपर को खाली कर रहे चालक बाबू को मामूली चोटें आई हैं। वहीं, डंपर पलटने के चलते दूसरे वाहन निकालने में कुछ देर के लिए परेशानी हुई। इसके बाद क्रेन बुलाकर डंपर को वहां से हटाया गया।

### शराब के नशे में दो लोगों के बीच हुई मारपीट

**जालौन (उरई)।** शराब पीकर दो लोगों के बीच झगड़ा हो गया। गाली, गलौज व हाथापाई की सूचना ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदवां निवासी पवन कुमार व बादल कुमार के बीच शराब पार्टी का प्रोग्राम बना। दोनों ने पहले तो जमकर शराब पी। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और गाली, गलौज शुरू हो गई। गाली, गलौज के बाद उनके बीच हाथापाई होने लगी। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफकार्रवाई की है।

### सब्जी मंडी में कूड़े के ढेर में लगी आग, बमुश्किल व्यापारियों ने बुझाई

**जालौन (उरई)।** थोक फल व सब्जी मंडी में किसी व्यक्ति ने कूड़े के ढेर में जलती हुई बीड़ी सिगरेट फेंक दी। जिससे कूड़े के ढेर में आग लग गई। मौके पर मौजूद व्यापारियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष ने एसडीएम को मांग पत्र देकर की है। बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन ने एसडीएम अतुल कुमार को मांगपत्र देकर बताया कि थोक फल व सब्जी मंडी में साफसफाई व कूड़ा उठाने की व्यवस्था ठेकेदार द्वारा की जाती है। ठेकेदार नियमित कूड़ा नहीं उठाते हैं। जिसके चलते मंडी में कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। गर्मी के मौसम के चलते आगजनी घटनाएं होती हैं। शुक्रवार को किसी व्यक्ति ने बीडी सिगरेट पीकर उसे कूड़े के ढेर पर फेक दिया। जिसके चलते कूड़े के ढेर में आग लग गई। वहां मौजूद व्यापारियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# निर्वाचन से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण तत्काल किया जाये: जिला निर्वाचन अधिकार

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्यों की समीक्षा बैठक में अफसर को दिए आवश्यक दिशा निर्देश
- मतदाता कार्मिकों को लाने-ले जाने हेतु 650 छोटी एवं 350 बड़ी बसों की व्यवस्था की जायेगी




कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**जिला निर्वाचन** अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन की सम्पूर्ण तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में कहा कि बूथ केंद्रों की व्यवस्थाएं अच्छी होनी चाहिए। दिव्यांग मतदाताओं से वार्ता करने के उपरांत 77 बूथ ऐसे चिन्हित किये गये है, जहाँ पर व्हीलचेयर की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि 224 क्रिटिकल बूथ चिन्हित है द्य चिन्हित बूथों पर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये द्य उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल कन्नौज, तिर्वा, छिबरामऊ में पेयजल, टॉयलेट आदि की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। कहा कि पूर्व के निर्वाचनों में पाया गया है कि खान-पान की समाग्री खरीददारी हेतु लोग इधर - उधर भटकते हुए पाये गये,जिसको ध्यान में रखते हुए इस बार उन्होंने मतगणना स्थल मंडी परिसर कन्नौज में जलपान की व्यवस्था हेतु एक स्टॉल लगवाएं जाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि मतदाता कार्मिकों को लाने-ले जाने हेतु 650 छोटी एवं 350 बड़ी बसों की व्यवस्था की जायेगी। कहा कि बसों के फिटनेस की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता कार्मिक बीमार न हो इसलिए उन्हें मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण तत्काल किया जाये । कोई भी शिकायत पेंडिंग नहीं रहनी चाहिए। कहा कि निर्वाचन से संबंधित थानो में अनुमतियों में किसी प्रकार का विलम्ब न हो। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीणांचल के पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर डीएम ने दिये निर्देश

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**लोकसभा** सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा द्वारा संयुक्त रुप से इंग्लिश मीडियम कन्या प्राइमरी स्कूल बूथ संख्या 256 व कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय बूथ संख्या 257 सरावन का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मतदान के दृष्टिगत बूथों पर की गई व्यवस्थाओं जैसे विद्युतीकरण, बाउंड्रीवाल, पानी की व्यवस्था, शौचालय, रैम्प एवं साफ-सफाई आदि का जायजा लिया गया तथा मतदान केंद्र पर सुरक्षा संबंधी व आदि व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। लोक सभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के सम्बन्ध में भी संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मौजूद ग्राम वासियों से चर्चा करते हुए कहा कि यहां के मतदाताओं को सत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करें साथ ही ऐसे लोग जो गांव से अन्य जनपदों या राज्यों में रोजी रोजगार हेतु बाहर गये है उन सभी मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित कर मतदान के दिन बुलाकर अवश्य मतदान करायें। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# ईओ ने गौशाला का औचक निरीक्षण कर दिये निर्देश



गौशाला का निरीक्षण करते ईओ अनिल पंडित — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**स्थानीय नगर** पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी द्वारा पालिका द्वारा संचालित अस्थायी गौशाला का औचक निरीक्षण किया गया। जिससे गौशाला कर्मियों में हडकम्प मच गया। अधिशासी अधिकारी ने गौशाला के अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

शनिवार को अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित नें प्रधान लिपिक आरपी सिंह के साथ पालिका द्वारा संचालित अस्थायी गौशाला के निरीक्षण दौरान ग्रीष्म ऋतु से गोवंशों के बचाव के लिये व्यवस्थाएं देखी गई। जिसमें गोवंशों को गर्मी से बचाव हेतु समुचित व्यवस्थाएं पाई गई। गौशाला में आग से बचाव हेतु फायर बिग्रेड का नंबर दीवारों पर अंकित पाया गया। गोदाम में भूसा एवं दाना का स्टॉक पाया गया। गोवंशों को नियमित रूप से नहलाए जाने एवं रात्रि के समय चौकीदार को गौशाला में रुकने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतिदिन निराश्रित पशुओ के चारे पानी व स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाये। इस दौरान गौशाला इंचार्ज प्रसन्नजीत मिश्रा, केयर टेकर रमेश चंद्र, ऊधन सिंह, चौकीदार रूपेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं: केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**छिबरामऊ विधानसभा** के केंद्रीय चुनाव कार्यालय मैं बूथ अध्यक्ष सम्मेलन मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, राज्य मंत्री असीम अरुण ,पूर्व राज्य मंत्री विधायक अर्चना पांडे, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया ओंकार शाक्य, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, ने संबोधित किया। केंद्रीय चुनाव कार्यालय में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा का 21 किलो की माला बनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ,राज्य मंत्री असीम अरुण, पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, सांसद सुब्रत पाठक, ने संबोधित किया । भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ता युद्ध पर काम कर 13 मई को ज्यादा से ज्यादा तादाद में वोट डाल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें। पुनः तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री बनाएं, कन्नौज लोकसभा से सुब्रत पाठक को दूसरी बार लगातार लोकसभा भेजें कार्यक्रम में बूथ अध्यक्षों के अलावा महिला मोर्चा के पदाधिकारी के भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ईओ ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने व स्वच्छता में सहयोग की अपील की

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



भ्रमण कर नागरिकों को मतदान के लिये प्रेरित करते ईओ अनिल पंडित

**शासन** के निर्देश पर ज़िलाधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 02 राजेंद्र नगर में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने पालिका कर्मियों के साथ भ्रमण कर नागरिकों को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि राष्ट्र की आर्थिक सुद्रणता एवं विकास के लिये मतदान की अहम भूमिका होती है। शनिवार को वार्ड संख्या 02 में जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित गोष्ठी में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित द्वारा नागरिकों से सफाई व्यवस्था में सहयोग देने तथा गीला एवं सूखा कूड़ा अलग अलग प्रदान किए जाने के लिये प्रोत्साहित किया। इसके बाद उन्होनें मतदान करने की अपील करते हुये नागरिकों को आमंत्रण पत्र प्रदान कर मतदान के लिये आमंत्रित करते हुये कहा कि प्रत्येक नागरिकों का दायित्व है कि वह मतदान करे। क्योकि मतदान से मजबूत लोकतन्त्र की स्थापना की जा सकती है। अंत में मतदाता शपथ के साथ गोष्ठी का समापन किया गया। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, जनार्दन मिश्रा, मनोज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा, मोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण चुनाव के मद्देनजर 2044 लोगों को किया जा चुका पाबंद

**कालपी (जालौन)।** निष्पक्ष चुनाव के लिए पुलिस की कवायद शुरू हो गई है जिसके तहत अभी तक तहसील क्षेत्र मे 2044 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए अभी लगभग 1 माह का वक्त है लेकिन पुलिस ने शान्ति पूर्ण चुनाव कराने की कवायद शुरू कर दी है जिसके तहत कालपी कोतवाली पुलिस ने 107/16 के 470 कदौरा थाना पुलिस ने 448 तो आटा थाना पुलिस ने अभी 240 लोगों को पाबंद किया है इसके अलावा चुर्खी थाना पुलिस ने 328 लोगों की सूची एसडीएम को भेजी है तो सिरसा कलार पुलिस ने 558 लोगों से शान्तिपूर्ण मतदान में बाधा की आशँका व्यक्त की है। सूत्रों की माने तो अभी पुलिस की यह कार्यवाही शुरू हुई है और पाबन्द हुए लोगों की संख्या कई गुना ज्यादा होने की सम्भावना है हालाकि अभी मतदान में देरी होने की वजह से महज 444 लोगों ने जमानत कराई है। एसडीएम हेमंत पटेल के अनुसार पाबंद किये गये लोगों को बंधपत्र भरना आवश्यक है अन्यथा किसी बबाल होने की स्थित में उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो सकती है।

# ट्रक की टक्कर से चार महिलाओं की मौत, 24 घायल





छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

नामांकरण से वापस लौट रहे हैं ट्रैक्टर की टक्कर ट्रक से हुई जिससे ट्रॉली पलटने से चार की मौत हो गयी तथा 24 घायल हो गये । कन्नौज के थाना छिबरामऊ क्षेत्र में स्थित गांव कुंवरपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की पुत्री थाना बिछ्वां के गांव बेलधारा में ब्याही है। उनकी पुत्री ने 10 दिन पहले पुत्र को जन्म दिया था। शुक्रवार को उसका नामकरण संस्कार था। वीरेंद्र सिंह अपने स्वजन के साथ ट्रैक्टर ट्राली से गांव बेलधारा गए थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सभी लोग ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर वापस घर लौट रहे थे। भोगांव क्षेत्र में द्वारकापुर के पास ट्रैक्टर की लाइट खराब हो गई।

चालक ने ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और लाइट की मरम्मत करने लगा। तभी पीछे से आए ट्रक ने ट्राली में टक्कर मार दी। जिससे ट्राली पलट गई। ट्रॉली में बैठी फूलमती पत्नी अवधेश, रमाकांति पत्नी दफेदार, संजय देवी पत्नी राजेश की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जब कि 25 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां द्रोपदी देवी पत्नी विशुन दयाल दयाल की मृत्यु हो गई। सभी मृतक और घायल गांव कुंवरपुर छिबरामऊ के निवासी हैं।

# जिले की इंटरमीडिएट मेरिट में कल्पना व उपासना एवं हाईस्कूल में प्रियम राठौर ने पाया प्रथम स्थान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**माध्यमिक** शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल व इंटर का रिजल्ट आउट होने के बाद बच्चों ने अच्छे अंक लाकर बाजी मारी। हाईस्कूल में 86.99 प्रतिशत जनपद का रिजल्ट रहा। वहीं इंटरमीडिएट में 85.15 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण रहे। यूपी बोर्ड की वर्ष 2024 जनपद की हाईस्कूल परीक्षा का रिजल्ट 86.99 प्रतिशत रहा। जबकि इंटर मीडिएट परीक्षा फल 85.15 प्रतिशत रहा। परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों ने खुशी का इजहार किया। इस वर्ष इंटरमीडिएट की प्रदेश की मैरिट में जनपद की दो छात्राओं ने स्थान पाकर जिले का गौरव बढ़ाया है। स्वराजवीर इंटर कालेज कमालगंज की छात्रा कल्पना राठौर तथा एसडी इंटर कालेज राजपुर की छात्रा उपासना यादव ने संयुक्त रुप से 500 में से 481 अंक हासिल करके इंटरमीडिएट की प्रदेशीय मैरिट लिस्ट में 9वां स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री सतेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष दुबे ने प्रदेश मैरिट में स्थान प्राप्त करने वाली इंटर की दोनों छात्राओं को बधाई दी है। जनपद में हाईस्कूल की परीक्षा में एसबीएस इंटर कालेज भोपत पट्टी के प्रियम राठौर ने 600 में से 573 अंक लाकर 95.50 प्रतिशत अंक के साथ जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। स्वराजवीर इंटर कालेज की कल्पना राठौर तथा एसडी इंटर कालेज राजपुर की छात्रा उपासना यादव ने 500 में से 481 (96.20 प्रतिशत) अंक अर्जित कर जिले की मैरिट में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं जनपद के एके इंटर कालेज धूरीहार के 6 छात्र टॉपटेन में चयनित हुए है। जिसमें नगला जब्ब पुठरी निवासी विक्रम सिंह के पुत्र अतुल कुमार ने 500 में से 471 अंक लाकर 94.20 प्रतिशत के साथ जनपद में छठी रैंक प्राप्त की है। होनहार विद्यार्थी का परिवार साधारण है। छात्र अतुल कुमार ने बताया कि मैं सिविल सर्विसेस की तैयारी कर आगे देश की सेवा करना चाहता हूं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्र को बधाई दी, साथ ही परिवार के लोगों में खुशी व उत्साह के साथ मिठाई खिलाकर छात्र को आशीर्वाद दिया।


छात्र अतुल कुमार को मिठाई खिलाते परिवार के लोग — समृद्धि न्यूज

## हाईस्कूल टॉपटेन सूची में आकर विद्यार्थियों ने जिले का बढ़ाया मान

जनपद के टॉपटेन सूची में इंटर मीडिएट में कल्पना राठौर 96.20 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम रही। उपासना यादव 96.20 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय रही। वहीं दूसरे रैंक हासिल करने वाले अजय कुमार ने 95.80 प्रतिशत अंक हासिल किये। तृतीय रैंक में अरुनिमा सिंह ने 95.60 प्रतिशत अंक हासिल किये। तृतीय रैंक में रानी 95.60 अंक लायी। चौथी रैंक में 95 प्रतिशत अंक लाकर वैष्णवी शुक्ला रही। पांचवीं रैंक काश्फा फातिमा 94.60 प्रतिशत अंकर लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छठी रैंक में अमर प्रताप सिंह 94.20 प्रतिशत, अतुल कुमार 94.20 प्रतिशत, प्रतीक राजपूत राजपूत 94.20, दिव्यांशी कटियार 94.20 प्रतिशत, तनू 94.20 प्रतिशत अंक हासिल किये है। सातवीं रैंक पर भूमि मिश्रा 94 प्रतिशत, सुमन लता 94 प्रतिशत, मुस्कान 94 प्रतिशत अंक पाये है। आठवी रैंक पर लक्ष्य कसेरा ने 93.80 प्रतिशत, आकाश कुमार ने 93.80 प्रतिशत अंक पाये है। नौवीं रैंक प्राप्त करने वाली छात्रा मुस्कान ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है। हाईस्कूल की टॉपटेन की सूची में 95.50 प्रतिशत अंक पाकर सरस्वती विद्या मंदिर श्याम नगर के प्रियम राठौर प्रथम रहे। द्वितीय रैंक पर अयान अंसारी ने 95.17 प्रतिशत अंक के साथ रहे। तृतीय रैंक पर अंशिका 95 प्रतिशत अंक के साथ रही। चौथी रैंक पर वंशिका शर्मा 94.50 प्रतिशत रही। साथ ही रिद्धी गुप्ता 94.50 प्रतिशत अंक के साथ चौथी रैंक पर रही। पांचवीं रैंक पर प्रिंस कुमार 94.33 प्रतिशत अंक पर रहे। राघव ने भी 94.33 प्रतिशत अंक लाकर पांचवीं रैंक हासिल की। छठी रैंक पर रिया देवी ने 94.17 प्रतिशत, अरुषी राजपूत ने 94.17 प्रतिशत, ख्वाशिश राजपूत ने 94.17 प्रतिशत, माही सिंह 94.17 प्रतिशत, सिद्धी गुप्ता 94.17 प्रतिशत अंक के साथ छठी रैंक पर रही। सातवीं रैंक सक्षम पांडेय 94 प्रतिशत अंक पाये। जाह्नवी यादव ने 94 प्रतिशत अंक पाकर सातवीं रैंक हासिल की। अवनीश शाक्य ने 93.83 अंक पाकर आठवी रैंक हासिल की। ओजस्वी मिश्रा ने 93.83 प्रतिशत अंक पाकर आठवीं रैंक हासिल की। अनुष्का ने 93.67 अंक पाकर नवीं रैंक हासिल की। 10वीं रैंक प्राप्त करने वाले अर्पित राजपूत ने 93.33 प्रतिशत अंक हासिल किये। हाईस्कूल में टॉपटेन विद्यार्थियों के लिए विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य एवं परिवार के लोगों ने जनपद का नाम रोशन करने के लिए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एसपीजीआर इंटर कालेज के विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लाकर फहराया परचम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**माध्यमिक** शिक्षा परिषद द्वारा शनिवार को इंटरमीडिएट व हाईस्कूल का रिजल्ट जारी हुआ। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक लाकर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। बेवर रोड भाऊपुर खुर्द बघार स्थित एसपीजीआर इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। चेयरमैन डा0 राजीव कुमार पाठक, डायरेक्टर विनीता पाठक, प्रधानाचार्या सुभ्रा पाठक ने अच्छे अंक लाकर उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

इंटर मीडिएट में आदर्शिका 85.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही। 82 प्रतिशत अंक लाकर सुमित कुमार द्वितीय रहे। 77.2 प्रतिशत अंक लाकर आजम खान तृतीय रहे। 77.2 प्रतिशत अंक लाकर प्रबल कटियार भी तृतीय स्थान पर रहे। वहीं हाईस्कूल में अनुराग सिंह 89.83 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम रहे। अंश राज त्रिपाठी ने 83 प्रतिशत अंकर लाकर द्वितीय रहे। वहीं 82.66 प्रतिशत अंक लाकर श्वेता यादव ने विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं की सफलता पर उन्हें बधाई दी।


एसपीजीआर इंटर कालेज के उत्तीर्ण विद्यार्थी — समृद्धि न्यूज

## जमीनी विवाद में दंपति को पीटा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद में महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला काजी टोला निवासी शमा का चार माह पूर्व जमीन को लेकर पड़ोसी कल्लन उर्फ सगीर अहमद से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर उसने भाइयों कबीर अली, शकील अली व साथी अफजाल उर्फ गुड्डू मास्टर के साथ मिलकर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। बचाने आए पति फहीम अली के साथ भी मारपीट कर दी। जिससे दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। पीड़िता ने शनिवार सुबह थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने चारों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# चोरों ने मिड-डे-मील का 80 किलो गेहूं किया गायब

राजेपुर, समृद्धि न्यूज

**कंपोजिट विद्यालय** बदनपुर में चोरों ने ताला तोड़कर मध्याह्न भोजन का गेहूं पार कर दिया। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत गांव बदनपुर में शुक्रवार की रात चोरों ने ताला तोड़कर विद्यालय में रखा गेहूं लगभग 80 किलो चोरी कर लिया। 20 अप्रैल सुबह विद्यालय पहुंची प्रधानाध्यापिका सुनीता चौहान ने जब मेनगेट का ताला खोलकर अंदर पहुंची तो देखा विद्यालय के कमरों के ताले टूटे हुए हैं जिसमें रखे हुए गेहूं फर्श पर बिखरे पड़े हुए थे। चोर लगभग 80 किलो गेहूं चोरी कर ले गए। इसकी जानकारी सुनीता चौहान ने ग्राम प्रधान रामवीर व खंड शिक्षा अधिकारी अनूप सिंह को दी। ग्राम प्रधान रामवीर की सूचना पर पहुंची 112 डायल ने जांच पड़ताल की। डायल 112 की पुलिस ने थाना पुलिस को घटना से अवगत कराया।


जांच पड़ताल करती पुलिस

# खबरें चलते-चलते

## शादी समारोह से लौट रहे युवक की बाइक फिसलने से मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विवाह समारोह से रात्रि में वापस लौट रहे व्यापारी की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गयी। जिससे वह गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गया और रात भर सड़क पर पड़ा रहा। सुबह जब उसे देखा गया, तो वह मृत मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अताईपुर मोहल्ला खटको निवासी जीशान उम्र 35 वर्षीय पुत्र तौफीक नगर के ट्रान्सपोर्ट चौराहे के पास मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान किये है। बीती दिन वह बाइक द्वारा अपने दोस्त तौकीर की बारात मे शामिल होने छावनी फर्रुखाबाद आया था। जहां से रात्रि में वापस लौटते समय टाउनहाल चिलसरा मार्ग पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गयी। जिससे बाइक सवार जीशान गम्भीर रूप से घायल हो गया। वह अचेत अवस्था मे रात भर पड़ा रहा। सुबह होने पर राहगीरों ने जब युवक के शव को पड़ा देखा, तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर जीशान के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुॅचे जीशान के छोटे भाई मीजाव, गालिब, इमरानए सहित पत्नी सैजी का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर उपनिरीक्षक दीपक राजपूत मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। वहीं परिजनो ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और जीशान का शव लेकर घर चले गये। मृतक जीशान कि मां शवाना ने बताया कि उसके वेटे का विवाह लगभग एक वर्ष पूर्व घटियापुर थाना शमसाबाद निवासी सैजी से हुआ था।


जांच पड़ताल करती पुलिस व मौजूद परिजन तथा इन्सेट में मृतक की फाइल फोटो

## पड़ोसी की गुंडई से तंग महिला पलायन करने को मजबूर

- घर के बाहर लिखा मकान बिकाऊ है

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** पड़ोसी की गुंडई से त्रस्त महिला ने अपने मकान के बाहर मकान बिकाऊ है लिख दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी का शांतिभंग में चालान कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत ग्राम अलीगढ़ निवासी नूरी पत्नी अकरुद्दीन के पड़ोसी इरशाद व मुर्शीद पुत्र लालू निवासी अलीगढ़ ने पीड़िता की दीवार पर जबरदस्ती लेंटर डाल दिया। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर नामित व्यक्तियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की तथा कहा कि यहां से पलायन कर जाओ वरना मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जला दूंगा। पीड़िता ने इसकी शिकायत 18 अप्रैल को स्थानीय पुलिस से की। पुलिस द्वारा कोई संतोष जनक कार्रवाई न करने पर 20 अप्रैल को पीड़िता ने अपने दरवाजे पर लिखा कि मकान बिकाऊ है। यह खबर आग की तरह फैल गई। इसकी भनक लगते ही उप निरीक्षक कामिल खान ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर आरोपी का शांतिभंग में चालान कर दिया। उप निरीक्षक कामिल खान का कहना है कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस हर समय तत्पर है। अपराधी कितनी भी राजनीतिक अथवा आर्थिक पहुंच वाला हो किसी कीमत में बक्सा नहीं जाएगा। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है।


घर के बाहर दीवार पर लिखा मकान बिकाऊ है

# बहुजन क्रांति पार्टी के प्रत्याशी ने दाखिल किया पर्चा


नामांकन दाखिल करते बहुजन क्रांति पार्टी के प्रत्याशी रंजीत सिंह

- निर्दलीय प्रत्याशी मान सिंह यादव ने दो सेट खरीदे पर्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बहुजन क्रांति** पार्टी के प्रत्याशी ने अधिसूचना जारी होने के तीसरे दिन अपना नामाकंन पत्र दाखिल कर दिया। फिलहाल अभी तक बसपा, सपा व भाजपा के प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल नहीं किये। शनिवार को कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम धन्सुआ निवासी बहुजन क्रांति पार्टी (मार्क्सवाद अम्बेडकरवाद) के प्रत्याशी रंजीत सिंह पुत्र जीवा लाल ने अपना पर्चा दाखिल कर दिया। अभी भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत, सपा प्रत्याशी डॉ0 नबल किशोर शाक्य व बसपा से प्रत्याशी क्रांति पाण्डेय का नामांकन दाखिल प्रमुख रूप से होना है। जिस पर सभी की नजर बनी हुई है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी मान सिंह यादव पुत्र स्व0 सौदान सिंह निवासी ग्राम खलवारा ने दो सेट पर्चे खरीदे।

# एचटी लाइन से गेहूं की फसल जली

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**हाईटेंशन लाइन** का तार टूटने से किसान की फसल जलकर राख हो गयी। सूचना पाकर मौके की ओर दौड़े ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव चंदनी निवासी पप्पू सक्सेना पुत्र रामदास सक्सेना का खेत गांव से लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर है। जिसमें किसान पप्पू सक्सेना की सात बीघा गेहूं की फसल तैयार खड़ी थी। जिसके ऊपर से हाईटेंशन लाइन का तार निकला हुआ था, जो अचानक टूट कर गेहूं की फसल के ऊपर गिर गया। जिससे फसल धू-धू कर जलने लगी। आग लपटें देख ग्रामीण मौके की ओर दौड़े। चीख पुकार सुनकर गांव चंदनी, दौलतुर, नगला दमोह, इमादपुर के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गये और आग बुझाने का प्रयास करने लगे, तभी किसी ग्रामीण ने सूचना थाना अध्यक्ष नवाबगंज अमोद कुमार को दी। सूचना पाकर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अमोद कुमार ने फायर ब्रिगेड को सूचना की। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत भी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक ग्रामीणों ने पड़ोस में लगी समरसेबल पंप आदि से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक काफी फसल जल चुकी थी। पीड़ित किसान के मुताबिक सात बीघा गेहूं में लगभग एक बीघा गेहूं बचा है, बाकी सब जलकर राख हो गया। थानाध्यक्ष अमोद कुमार तथा अध्यक्ष अनिल राजपूत ने क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दी। सूचना के आधार पर क्षेत्रीय लेखपाल ने बताया की पीड़ित किसान को जल्द ही सरकारी सहायता दिलाए जाने का कार्य किया जाएगा।


निरीक्षण कर वापस आते नगर पंचायत अध्यक्ष व थानाध्यक्ष आदि

## चौकीदार की गेहूं की फसल में लगायी आग मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज।** चौकीदार की गेहूं की फसल में दबंगों ने आग लग दी। जिससे चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी राजाराम गांव का चौकीदार है। उसके गांव के पीछे चार बीघा जमीन में गेहूं की फसल खड़ी हुई थी।18 अप्रैल की रात्रि गांव के ही मनोज पुत्र रामअवतार, राम बेटी पत्नी रामअवतार और राम अवतार ने उसके खेत में पुरानी रंजिश के चलते आग लगा दी। जिससे उसकी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। चौकीदार की तहरीर पर बीती रात तीनों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शादी का झांसा देकर युवती से बनाये शारीरिक संबंध, शादी से किया इनकार

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

- मांग रहे दस लाख, पीड़िता ने आरोपी समेत आधा दर्जन के खिलाफ दी तहरीर
- पीड़िता का पिता दे चुका है छह लाख, आरोपी की दूसरी जगह शादी तय

**कायमगंज कोतवाली** क्षेत्र के ग्राम भुक्सा निवासी एक युवती ने कायमगंज कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र देकर कहा कि वह बीएड कर चुकी है और वर्तमान में एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है। पीड़िता के पिता कैंसर रोग से पीड़ित है। पीड़िता के अनुसार उसके दूर के रिश्तेदार अजय पाल पुत्र सुरेश चंद्र निवासी देवधरपुर थाना कमालगंज का घर पर आना जाना था। पीड़िता के अनुसार अजय पाल स्नातक है तथा पीड़िता के पिता तथा मामा ने अजय पाल के घर जाकर उसकी जमीन व मकान देकर शादी की बात की। इसी दौरान अजय पाल तथा अजयपाल के बड़े भाई अनिल तथा बहन कामिनी उर्फ भगवानश्री पुत्री सुरेश चंद्र, पुत्र झुन्नी लाल द्वारा शादी का रिश्ता तय कर दिया गया। पीड़िता के अनुसार रिश्ता तय होने के बाद अजय पाल का उसके घर पर आना जाना जारी रहा। जो लगभग 4 वर्ष से जारी है। इसी बीच आरोपी ने पीड़िता के पिता से लगभग 6 लाख रुपए लिया। पीड़िता के अनुसार आरोपी उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध भी बनाए। शादी तय हो जाने के कारण पीड़िता सब कुछ सहन करती रही। जब पीड़िता के पिता ने आरोपी के परिजनों से विवाह की तारीख सुनिश्चित करने को कहा, तो इतना सुनते ही आरोपी अजय पाल तथा पिता, आरोपी के बड़े भाई और उसकी बहन भड़क गए तथा अभद्रता करते हुए 10 लाख रुपए की मांग की। साथ ही आंखें तरेरते हुए कहा अगर दस लाख नहीं दिया तो बेटे की शादी दूसरी जगह से कर लेंगे। आरोपियों की इस हरकत से पीड़िता काफी आहत है। लाख समझाने के बावजूद भी आरोपी मानने के तैयार नहीं है। पीड़िता के पिता द्वारा दस लाख देने में असमर्थतता जताने पर आरोपियों ने शादी करने से इन्कार कर दिया। जबकि आरोपी ने दूसरी जगह से विवाह रोक लिया है। शिकायती पत्र के अनुसार 28 अप्रैल को अजय पाल दूसरे गांव ढकरपुर रामपुरा थाना कोतवाली मऊदरवाजा निवासी लाल जीत उर्फ गुड्डू पुत्र राजाराम की लड़की अंजू से विवाह करने बारात लेकर जा रहा है। पीड़ित युवती ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार लगायी है।

बैठक — अभी तक कई बूथों पर नहीं पहुंची व्हीलचेयर, जतायी नाराजगी

# लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों ने कर्मचारियों की ली बैठक

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**लोकसभा** चुनाव की तैयारी को लेकर को लेकर विकास खंड अधिकारी, जिला विकास अधिकारी तथा जिला प्रोवेशन अधिकारी ने रोजगार सेवकों, ग्राम सचिव तथा पंचायत सहायकों की बैठक ली।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर उच्च अधिकारियों के निर्देशन में विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने सामान्य लोकसभा निर्वाचन चुनाव की तैयारी को लेकर विकास खंड कार्यालय सभागार में पंचायत सहायक, ग्राम सचिव तथा ग्राम रोजगार सेवक की बैठक ली। बैठक के दौरान सर्वाधिक जोर स्वच्छता पर दिया गया। वहीं बूथ पर व्हीलचेयर तथा पेयजल व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाने हेतु अधीनस्थों को निर्देश दिए गये। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान सभी ग्राम पंचायत सहायकों से हर बूथ पर व्हीलचेयर उपलब्ध कराए जाने की जानकारी ली। जिसमें कई ग्राम पंचायत में अभी तक व्हीलचेयर की व्यवस्था नहीं कराई जा सकी। जिस पर विकास खंड अधिकारी तथा जिला प्रोवेशन अधिकारी का पर चढ़ गया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वह सोमवार तक हरहाल में व्हीलचेयर की व्यवस्था कर लें। इसके अलावा पेयजल तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारियां प्राप्त की। सभी को बताया की मतदान वाले दिन आने वाले पार्टियों को हरहाल में व्यवस्थित रखने की आप लोगों की जिम्मेदारी है। यदि ऐसा नहीं होता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। वहीं जिला विकास अधिकारी ने भी विकास खंड के सभी ग्राम सचिवों तथा रोजगार सेवकों के साथ बैठक कर चुनाव संबंधी पाठ पढ़ाया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी तथा जिला प्रोवेशन अधिकारी अनिल चंद्रा, विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, ग्राम सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, बृजनंदन लाल, बृजेश यादव, मानवेंद्र प्रताप, सुनील कुमार, मोतीलाल यादव, अरविंद कुमार, नियोजन विभाग से इंदल बाबू सहित क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत सचिव, विकास खंड के कर्मचारी तथा क्षेत्र के सभी रोजगार सेवक व पंचायत सहायक बैठक में मौजूद रहे।


कर्मचारियों की बैठक लेते डीडीओ, बीडीओ व जिला प्रोवेशन अधिकारी — समृद्धि न्यूज

# बूथ कार्यकर्ता ही प्रत्याशी बनकर चुनाव को संचालित करता है: केंद्रीय मंत्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा — समृद्धि न्यूज

**शनिवार को** पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में अमृतपुर विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री डॉ0 बीएल वर्मा ने बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया। उन्होंने कहा बूथ पर लड़ने वाला कार्यकर्ता ही चुनाव में जीत दिलाता है। प्रत्याशी को अपने पूरे क्षेत्र में पहुंचने का समय कब मिलता है, लेकिन बूथ का कार्यकर्ता ही प्रत्याशी बनकर पूरे चुनाव को संचालित करता है। भाजपा कार्यकर्ताओं की एक पार्टी है संगठन में बूथ अध्यक्ष का दायित्व महत्वपूर्ण होता है। संगठन का कार्यकर्ता 365 दिन पार्टी के लिए कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि इन 10 वर्षों में गरीब कल्याण के लिए कार्य किया। कई साहित्यिक निर्णय भी उनकी सरकार में लिए गए जो वर्षों तक याद किए जाएंगे।

जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा संगठन का बूथ मजबूत होगा, तभी चुनाव मजबूत होगा। विपक्ष संविधान खत्म करने की बात करके जनता को भ्रमित कर रहा है, लेकिन विपक्ष जब सत्ताह में था, तब उसने संविधान का कितना सम्मान किया यह जनता सब जानती है। सांसद व प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने कहा जनपद को 24 घंटे बिजली मिल रही है। अमृत योजना के तहत फर्रुखाबाद स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। जाम की सुविधा से मुक्ति दिलाने के लिए दो फ्लाईओवरों का निर्माण किया गया है। अर्जुनपुर पुल का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया कि विधानसभा स्तर पर आयोजित हुए बूथ सम्मेलन के बाद मंडल स्तर पर बूथ सम्मेलन आयोजित होंगे। इस सम्मेलन का संचालन पूर्व शमशाबाद अध्यक्ष विजय गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विधायक सुशील शाक्य, कुलदीप गंगवार, अजय धाकरे, हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, सुनील रावत, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# रस्तोगी इं.का. के लक्ष्य कसेरा व सक्षम पांडे ने टॉपर बनकर जनपद में किया विद्यालय का नाम रोशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



हाईस्कूल व इंटर में टॉपर बच्चों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व शिक्षक

**शनिवार को** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार कन्हैयालाल राम शरण रस्तोगी इंटर कॉलेज के कक्षा 12डी के छात्र लक्ष्य कसेरा ने जिला स्तरीय मेरिट में आठवां स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10ई के छात्र सक्षम पांडे ने जिला लेवल की मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने इन दो बच्चों और अन्य जिनके अच्छे मार्क्स आए उन सबको विद्यालय में बुलाकर फूल माला पहनाककर व तिलक व मुंह मीठा कराके स्वागत अभिनंदन किया। जिसमें सभी शिक्षकों एवं प्रधानाचार्य ने उत्तम अंक प्राप्त सभी छात्रों को बधाई व भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर किरन वर्मा, रमेश कुमार, बिजेंद्र मथुरिया, डा0 यशवंत सिंह, गजेंद्र सिंह चौहान, नीलेश कुमार आदि उपस्थित रहे। वहीं प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने लक्ष्य कसेरा, सक्षम पांडेय को मैरिट में स्थान पाने के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबरें एक नजर में

### सपा अधिवक्ता सभा के विधानसभा वार प्रभारी व सह प्रभारी घोषित



अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह यादव ने लोकसभा चुनाव के अन्तर्गत विधिक एवं कानूनी सहायता हेतु विधानसभावार प्रभारी व सह प्रभारियों को जिम्मेदारी देते हुए उनके दायित्वों को निर्वाह्न हेतु सूची जारी की है। विधानसभा कायमगंज में अधिवक्ता धर्मेन्द्र सिंह यादव प्रभारी, सह प्रभारी मनोज यादव, विपिन कुमार, अनिल यादव को बनाया है। अमृतपुर विधानसभा का प्रभारी अधिवक्ता प्रमोद पाल बने। सह प्रभारी देवेन्द्र सिंह, अमर जीत कश्यप, अशोक पाल, कन्हैया गुप्ता को बनाया गया है। सदर विधानसभा का प्रभारी अधिवक्ता सुनील कनौजिया को बनाया गया है। सह प्रभारी की जिम्मेदारी आकाश शाक्य, रोहित यादव, सार्थक शाक्य, अचल प्रताप सिंह को दी गई है। भोजपुर विधानसभा के प्रभारी अधिवक्ता अक्षय यादव बने, सह प्रभारी अमन वर्मा, तौहीद अफजल, कौशलेन्द्र यादव, कुलदीप यादव को बनाया गया है। सभी प्रभारी, सह प्रभारी अपनी-अपनी विधानसभा में पार्टी के प्रत्याशी को जिताने के लिए काम करेंगे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उ0मा0वि0 सेनापति के बच्चों ने अर्जित की सफलता




सम्मानित होते सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में अध्यनरत छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर जिले में विद्यालय का नाम मान बढ़ाया और विद्यालय के टॉप फाइव में ओजस्वी मिश्रा 95.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं अनुरुद्ध प्रताप सिंह 93 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिवम वर्मा 90.33 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहे। याशिका सक्सेना 90 प्रतिशत अंक पाकर चतुर्थ स्थान पर रही। आयुष मिश्रा 86.33 प्रतिशत अंक पाकर पंचम स्थान पर रहे। राजा पांडे 83.5 प्रतिशत अंक पाकर षष्टम स्थान पर रहे। विराट 83 प्रतिशत अंक पाकर सातवें स्थान पर रहे। विद्यालय के अध्यक्ष शिवविलाश त्रिवेदी, प्रबंधक संजीव चौहान एवम विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर ने छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर माला पहनाकर मिष्ठान खिलाया और मैडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक प्रदीप अवस्थी, बृजपाल सिंह, आलोक सिंह, कृष्ण कुमार, वीरेश कुमार, संजीव शाक्य, शिवकुमार, अनुज चतुर्वेदी आदि आचार्य एवं विद्यालय परिवार के लोग मौजूद रहे और विद्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### तीन लोगों ने पिया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव सिवारा खास निवासी अमित (20), क्षेत्र के गांव मीरगंज निवासी महारानी (25) पत्नी श्याम सुंदर व नगर से सटे गांव प्रेमनगर निवासी सुमन (35) पत्नी रवी ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में तीनों के परिजन अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अमित व सुमन को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### वारन्टी गिरफ्तार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** वाद संख्या 1047/20 धारा 224 आईपीसी से संबंधित वारंटी हसनपाल पुत्र अजुद्दी निवासी लीलापुर थाना अमृतपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर फतेहगढ़ न्यायालय में पेश किया।

# मक्की शाह बाबा के सलाना उर्स में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

▸ सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने दरगाह पर माथा टेक कर किया सम्बोधित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



मक्की शाह बाबा के सालाना उर्स में डा0 नवल किशोर शाक्य, इजहार खान व अकीदतमंद — समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद** क्षेत्र में मीर अजीज उल्लाह शाह मक्की शाह बाबा का सालाना उर्स में अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी। देर रात महफिले समा कब्बाली का आयोजन हुआ। सज्जादानशीन साजिद अली खां की देखरेख में चारदपोशी व गुलपोशी हुई। कमेटी के अध्यक्ष कामरान उर्फ शालू खां, प्रभारी अनिल अवस्थी, सदस्य जमालुद्दीन सिद्दीकी, अकील खान, वकार खां, महफूज खां, मोहम्मद शेर खां, अरशुल खां व मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष इजहार खान आदि लोगों ने व्यवस्था देखी। मक्की शाह बाबा का सालाना उर्स के समापन समारोह में दूर दराज से आये अकीदतमंदों ने अपने परिवार की खुशहाली के लिए माथा टेंकर दुआ मांगी। कमेटी की ओर से सदस्यों ने व्यवस्था का इंतजाम किया। बड़ी संख्या में दुकानदारों ने स्टाल लगाये। झूले की व्यवस्था आदि होने के चलते मेले जैसा माहौल रहा। शांति व्यवस्था के चलते बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा। कब्बाली में बाहर से आये कब्बालों ने अपनी फनकार के साथ समां बांधा। मक्की शाह बाबा की मजार पर हिन्दू-मुस्लिम समाज के लोगों ने माथा टेका। गंगा-जमुना एकता की तहजीब का बिन्दु उभर कर दिख रहा था। कार्यक्रम में पहुंचे सपा के लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने भाग लिया और आये हुए लोगों को सम्बोधित किया। इजहार खान ने व्यवस्था देखते हुए कार्यक्रम में सहयोग किया।

# सिटी गर्ल्स इं.का. में मनाई गयी महावीर स्वामी जयन्ती



महावीर स्वामी जयंती मनाती शिक्षिका — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिटी गर्ल्स इंटर कालेज में महावीर स्वामी जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज दयाल ने कहा कि महावीर स्वामी जैसे महापुरुषों के गुणो को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। शिक्षिका शिवानी प्लोमर ने महावीर स्वामी के बारे में विद्यार्थियों को बताया। ममता ने बोर्ड सजाकर अपना योगदान दिया तथा मीनाक्षी विल्किंसन ने कार्यक्रम की तैयारी में अपना योगदान किया। इस अवसर पर संध्या दयाल, अमन मनीला मैसी, आकांक्षा विल्किंसन, निधि सिंह, कुंव प्रियंका मैसी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कनोडिया बा.इं.का. की छात्रा वैष्णवी व भूमि, रुति ने विद्यालय का नाम किया रोशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



छात्राओं के साथ मौजूद शिक्षिकायें

**मदन मोहन** कनोडिया बालिका इंटर कालेज की छात्रा वैष्णवी शुक्ला ने इंटरमीडिएट में 95 प्रतिशत अंक लाकर जनपद में चौथा स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ, भूमि मिश्रा ने 94 प्रतिशत अंक लाकर सातवां स्थान प्राप्त किया। वहीं हाईस्कूल में रुति तिवारी ने 92.3 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने छात्राओं को माला पहनाकर, तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। प्रबंधक सुनील अग्रवाल ने छात्राओं को पुरस्कृत किया। उप प्रधानाचार्य कुसुमलता, शिक्षिका पूनम शुक्ला, दर्शना शुक्ला, दर्शना आर्या, अर्चना देवी, मनीषा देवी, विजयलक्ष्मी, अर्चना कपूर, ममता शुक्ला, लिपिक प्रदीप कुमार, पंकज औदिच्य व दिलीप ने सभी छात्राओं को आशीर्वाद दिया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# 13 मई को मतदान के महापर्व में परिवार के साथ लें भाग: भारती मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



हस्ताक्षर अभियान में भाग लेती महिलायें — समृद्धि न्यूज

**जिला निर्वाचन** अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में तथा सहायक नोडल अधिकारी स्वीप बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद के आदेशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को बूथ संख्या 26 ग्राम महमदपुर करसान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मतदाता प्रभारी भारती मिश्रा ने उपस्थित ग्राम वासियों को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि इस विशाल लोकतंत्र की रक्षा करना हम सब का नैतिक कर्तव्य है और इस लोकतंत्र की रक्षा हम अपने मतदान के द्वारा ही कर सकते हैं। इसलिए आने वाली 13 मई को हम सब अपने परिवार, रिश्तेदार एवं पड़ोसियों के साथ जाकर मतदान के इस महापर्व को प्रसन्नता पूर्वक मनाएं। अपना मत अवश्य दें। प्रदीप पाल ने ग्राम वासियों से अपील की कि मतदेयस्थल उनके गांव के समीप ही है, समझदारी यह है कि प्रातः ही अपना मतदान कर ले और स्याही लगी अंगुली अन्य ग्रामवासियों को दिखाकर उन्हें भी मतदान हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर गौरव सक्सेना, संदीप पांडे, प्रियंका दुबे, पूनम, निर्मला, सविता, मौर्य श्री, धन देवी, वीरमति, दुर्गा देवी, नन्ही, अमित, सरोजिनी, सरला, यज्ञ श्री, फूलमती, मुन्नी देवी, जबर सिंह, रचित, लालाराम, विनोद कुमार, आसाराम, परशुराम, रघुनंदन, उदयवीर, राजवीर, गुलाब सिंह, बृजेश कुमार, मुनीश, जय सिंह, संजू, रामलली आदि ने शपथ लेकर मतदान करने का संकल्प लेते हुए हस्ताक्षर किए।

# तालीमे निस्वा की चौथी पर गौसे आलम कॉन्फ्रेंस का आयोजन

▸ आलिमा बनी दो बच्चियों को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



तालीमे निस्वा की चौथी पर मौजूद मौलाना

**मदरसा फैजाने** गौसुलवरा तालीमे निस्वा की चौथी एक रोजा अजीमुश्शान गौसे आलम कॉन्फ्रेंस व रिदाए फजीलत मोहल्ला घेरश्यामू खां में देर रात महिलाओं का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें दो बच्चियां आलिमा बनी उन बच्चियों को सम्मानित किया गया। इरम सवा कुलसूम को और बाद नवाजे इशा गौसे आजम कॉन्फ्रेंस हुई। जिसकी सरफरस्ती हजरत मौलाना सय्यद मोहम्मद अनस मियां विलग्राम शरीफ ने मुकर्रिरे खुसूसी आले रसूल सय्यद मोहम्मद अमीनुल कादरी मालेगांव महाराष्ट्र ने अपनी तकरीर में कहा कि कुरान व कम्प्यूटर के तालमेल से होगी। तरक्की तभी होगी, आदी रोटी खाइए और बच्चों को पढ़ाइये। समय के साथ चलना होगा। इल्म दीनी और दुनियावी होना बहुत जरुरी है। एक हाथ में कुरान और एक हाथ में कम्प्यूटर होना बेहद जरुरी है। इल्म रोशनी है, जिहालत अंधेरा है। इस्लाम में तामील पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया, लेकिन इसके बाद भी मुस्लमान तामील में पिछड़ जा रहे है। कहा वही कौम तरक्की करती है जिनके बच्चों के हाथों में कलम हुआ करती है इसलिए इल्म हासिल कर खुद की और मुल्क की तरक्की में भागीदार बने। मुफ्ती नजीब मंजरी ने कहा कि इल्म हासिल करें और शायरों ने कलाम पेश किये। शायरे इस्लाम सय्यद हैदर अली, हजरत मौलाना इस्राईल मसूदी, शादाब रजा कानपुरी, मदरसा प्रबंधक हाफिज मोहम्मद सहीमुद्दीन ने आलिमा बनी बच्चियों को सम्मानित किया और उनको अपनी दुआओ से नवाजा। जलसे में आने वाले सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर अयाजुद्दीन सिद्दीकी, तौसीफ रजा, शोबी, जुनैद, शफीक, मोहम्मद खां, मसरी खां, शोएल खां, हिशाम सहीद, आमिर खां, डा0 आसिफ खां, हाफिज अनवर आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# पुलिस ने गुमशुदगी की तहरीर मिलने के कुछ ही घंटों में किशोर को किया बरामद

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज**

**खाकी ने** गुमशुदी की तहरीर मिलने के कुछ ही घंटे बाद बच्चे को बरामद कर परिजनों को सकुशल सौंप दिया। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत गांव बदनपुर निवासी लालू ने अपने 15 वर्षीय पुत्र आजाद के गुम होने की तहरीर 20 अप्रैल को थाना पुलिस को दी। तहरीर मिलने के बाद क्राइम इंस्पेक्टर कामिल खान ने में फोर्स के साथ बच्चे की खोजबीन शुरू की। कुछ घंटे के बाद चाचूपुर तिराहा पर एक ठेली के पास से बच्चे को बरामद कर थाने ले आए। घर से भागने के संबंध में पूछताछ करने पर आजाद ने बताया कि मैं कक्षा 6 का विद्यार्थी हूँ। आर्थिक तंगी के चलते हमारे मां-बाप ने शिक्षण कार्य बंद करवा दिया। इसी बात को लेकर मां ममता से शाम को कहासुनी हो गई थी। जिससे नाराज होकर मैं घर से भाग आया था। क्राइम इंस्पेक्टर कामिल खान ने आजाद के पिता को बुलवाकर बेटा आजाद को सौंप दिया। साथ ही कक्षा 6 की पूरी पढ़ाई की जिम्मेदारी 1 वर्ष के लिए ली। साथ ही शिक्षा के बारे में जागरुक करते हुए लालू को बताया कि बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करें। आज की शिक्षा से उनका कल भविष्य उज्जवल हो सके।

# चौपाल लगाकर युनूस अंसारी ने सपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



चौपाल लगाकर महिला को सम्बोधित करते युनूस अंसारी

**समाजवादी पिछड़ा** वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद युनूस अंसारी ने लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के समर्थन में चौपाल लगाकर वोट मांगे। सदर विधानसभा के ग्राम अमेठी में देर रात्रि अपनी टीम के साथ पहुंचे युनूस अंसारी ने प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के समर्थन में चौपाल लगाकर वोट मांगे। उन्होंने समाजवादी पार्टी की उपलब्धियां बतायी। युनूस अंसारी ने कहा कि आज हर समाज का व्यक्ति रोजगार के लिए परेशान है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। भाजपा के इशारे पर सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष को डराया, धमकाया जा रहा है। संविधान खतरे में है, उसे बचाना है। उनके सम्बोधन के दौरान बड़ी संख्या में महिलायें भी मौजूद रही। इस दौरान जाहिद, गुड्डू, अब्दुल रहमान, राजा, गणेश वर्मा, अरविन्द कुशवाहा, रामकिशन बाथम, धर्मेन्द्र यादव, हरिकिशन शाह, मनोज कुशवाहा आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# किसान क्रांति दल से भाकियू नेता ने लोकसभा चुनाव लड़ने का किया एलान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**



वार्ता करते भाकियू नेता — समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन भानू गुट के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी ने फर्रुखाबाद की लोकसभा सीट पर दावा ठोकते हुए प्रत्याशिता की दौड़ में पर्चा खरीदा है। उन्होंने किसान क्रांति दल से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। शनिवार को अमृतपुर थाना क्षेत्र के गांव चपरा निवासी अमन अवस्थी युवा जिला महामंत्री भाकियू के निवास पर प्रेस वार्ता में कहा कि जनपद में विकास के नाम पर पानी फेर दिया है।

उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे व ग्रीन फील्ड को लेकर भाजपा के पदाधिकारीयों ने जनपद की जनता को गुमराह किया है। इसके साथ-साथ जनता व किसानों का भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार शोषण किया गया। इसी के साथ-साथ गंगा के दोनों तरफ बांध बधने को लेकर भी उन्होंने बड़ा बयान दिया। कहां जनपद के जनप्रतिनिधियों के सामने किसान कई साल से बाढ़ से जूझ रहे हैं और किसानों को अभी भी छुट्टा जानवरों से निजात नहीं मिली। इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया, जबकि जनपद में एक सांसद एक एमएलसी व एक जिलाध्यक्ष चार विधायक हैं उसके साथ.साथ एक जिला पंचायत अध्यक्ष भी हैं उसके बावजूद भी फर्रुखाबाद में विकास नहीं हुआ यह बहुत ही निंदनीय बात है। उसी को देखते हुए भाकियू भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की उपस्थिति में किसान क्रांति दल का नामांकन जल्दी ही फर्रुखाबाद में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रह्मदत्त द्विवेदी गंगापार क्षेत्र की जनता व पूरे जनपद का ध्यान रखते थे। फर्रुखाबाद से चुनाव लड़ा जाएगा और चुनाव चिन्ह भोजन से भरी थाली रहेगी। इस दौरान मनोज सिंह, आशीष कुमार यादव, अरुण कुमार सिंह, अमन अवस्थी, अनुराग, कल्लू, शिवरतन राजपूत आदि मौजूद रहे।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सुजानपुर भाजपा महिला मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित महिला सम्मेलन में कहा

# देश को मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए न कि मजबूर

समृद्धि न्यूज



**हमीरपुर।** देश को मजबूत प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र भाई मोदी मिले हैं। देश की जनता को मजबूत प्रधानमंत्री चाहिए ना कि मजबूर प्रधानमंत्री। देश की जनता तय करें कि देश को विकसित भारत बनाने वाला प्रधानमंत्री चाहिए या देश को विदेश में जाकर नीचा शर्मसार करने वाला प्रधानमंत्री चाहिए। यह बात केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर ने सुजानपुर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन में बतौर और मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने घमडीय गठबंधन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि देश को विकसित और आगे बढ़ाने की बात अगर कोई करता है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और देश को नीचा दिखाने का कोई काम करता है तो वह राहुल गांधी और घमांडीय गठबंधन है। राहुल गांधी कभी देश हित में बात नहीं करते यह वही राहुल गांधी है जो विदेशों में जाकर भारत का नाम शर्मसार करते हैं ।

### ओपीएस पर कर्मचारियों को गुमराह कर रहे जयराम ठाकुर : कांग्रेस

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चंद्रशेखर ने कहा है कि पुरानी पेंशन स्कीम मामले में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर फ़िल्मी संगत की रंगत चढ़ गई है और वह तथ्य भी भूल गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों की पुरानी मांग को पूरा करते हुए पहली ही कैबिनेट बैठक में पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल की और हिमाचल प्रदेश अपने मूल स्वरूप में पुरानी पेंशन को बहाल करने वाले देश का पहला राज्य बना। जबकि अब नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर कर्मचारियों को गुमराह करने के लिए तथ्यहीन बातें कर रहे हैं।

### जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री से किया सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनावी दौरे को ध्यान में रखते हुए सवाल पूछे हैं। प्रधानमंत्री कल मध्य प्रदेश के चुनावी दौर पर थे, तब भी कांग्रेस हमलावर थी। शनिवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र के नांदेण में चुनावी दौरे पर हैं, तब कांग्रेस एक बार फिर से हमलावर हो उठी है। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने भी प्रधानमंत्री से कुछ सवाल किए हैं, जिसे कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर टैग करते हुए रेल मंत्री पर तंज कसा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के नांदेड़ और परभणी में सभा को संबोधित करने जा रहे हैं। उनसे हमारे सवाल यह हैं कि क्या प्रधानमंत्री भाजपा के राज्यसभा सदस्य अशोक चव्हाण को जेल में डालने का अपना वादा निभाएंगे? मराठवाड़ा में सूखे और पानी की कमी से निपटने के लिए भाजपा के पास क्या योजना है? नांदेड़ मंडल में भारतीय रेलवे इतनी ख़राब स्थिति में क्यों है? जयराम रमेश के इस बयान को सोशल मीडिया एक्स पर टैग करते हुए प्रियंका गांधी वाड्रा ने तंज कसते हुए एक्स पर कहा, आशा है कि वह पीआर रेलवे मंत्री को साथ लाएंगे। उन्होंने आगे लिखा है, क्या पूर्व रेल मंत्री और मुंबई उत्तर के उम्मीदवार के रूप में पीयूष गोयल हमें बताएंगे कि रेल बुनियादी ढांचे के उन्नयन में केंद्र द्वारा राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र की उपेक्षा क्यों की जा रही है? क्या वर्तमान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव प्रचार से अवकाश लेंगे और जवाब देंगे?

# भाजपा के रामशंकर ने किया नामांकन, डिप्टी सीएम केशव ने चार सौ पार जीतने का किया दावा

▸ सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर काम कर रही सरकार

समृद्धि न्यूज



**इटावा।** इटावा लोकसभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार रामशंकर कठेरिया ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मोतीझील ग्राउंड पर एक नामांकन सभा का आयोजन किया गया। इस नामांकन सभा में उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल हुए। नामांकन सभा में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने हिस्सा लिया।

केशव प्रसाद मौर्य ने यूपी में अस्सी सीट और देश में चार सौ से ज्यादा सीट जीतने का दावा किया। उन्होंने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस का राजनैतिक भविष्य खतरे में है। आज पूरे देश की जनता नरेंद्र मोदी के साथ है। देश की जनता विकास चाहती है।

भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर काम कर रही है। नामांकन सभा में शामिल हुए यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस बार भाजपा उत्तरप्रदेश में अस्सी सीट और पूरे देश में चार सौ से ज्यादा सीट जीतने जा रही है। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस का राजनैतिक भविष्य खतरे में है। इसलिए यह लोग संविधान खतरे में है, ऐसा कहते हुए हर जगह घूम रहे हैं। देश की जनता ने इन्हें नकार दिया है। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर काम कर रही है और इसी के चलते पूरे देश की जनता नरेंद्र मोदी के साथ है। इस बार प्रदेश में अस्सी और पूरे देश में चार सौ से अधिक सीट भारतीय जनता पार्टी जीत रही है।

# रांची में आज एक मंच पर जुटेंगे इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता

एजेंसी

**रांची।** इंडिया गठबंधन के टॉप लीडर्स रविवार 21 अप्रैल को रांची में एक मंच पर इकट्ठा होंगे। यहां धुर्वा इलाके के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन किया गया है।

बताया गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, राजद के तेजस्वी यादव, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप के सांसद संजय सिंह, नेशनल कांफ्रेंस के फारुख अब्दुल्ला, सीपीआई एमएल के दीपांकर भट्टाचार्य, झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन सहित 12 टॉप लीडर्स रैली को संबोधित करेंगे। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन घोषित-अघोषित तौर पर इस रैली की मुख्य मेजबान हैं। झारखंड के कई शहरों में लगाई गई होर्डिंग्स में उनकी तस्वीरें छाई हुई हैं। ऐसे में इस रैली को हेमंत सोरेन की गैरमौजूदगी में कल्पना सोरेन को झारखंड में गठबंधन के मुख्य चेहरे के तौर पर स्थापित-प्रचारित करने के जलसे के तौर पर भी देखा जा रहा है। गठबंधन की पार्टियों का दावा है कि रैली में पांच लाख से ज्यादा लोग जुटेंगे। उलगुलान का आदिवासी भाषाओं में अर्थ क्रांति होता है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि इस रैली में जुटने वाले लोग ÷दही-चूड़ा खाएंगे और भाजपा को भगाएंगे÷ का संदेश लेकर पूरे राज्य में जाएंगे। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी ने इसे परिवारवादी और भ्रष्टाचार के आरोपी को महिमामंडित करने वाली रैली करार दिया है। रैली को लेकर जारी पोस्टरों पर भारतीय जनता पार्टी और झामुमो के बीच जुबानी जंग चल रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सही मायने में इसे उलगुलान रैली नहीं, बल्कि आदिवासी अपमान महारैली कहा जाना चाहिए।

### सलमान के घर पहुंची बिश्नोई के नाम बुक की गई कैब, युवक गिरफ्तार

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों लगातार सुर्खियों में छाए हुए हैं। अभिनेता के घर पर गोलीबारी मामले में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, अब मुंबई की बांद्रा पुलिस ने सलमान खान के फैन को गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर मजाक करना सुपरस्टार के फैन को भारी पड़ गया है। दरअसल, फैन ने गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर से बिश्नोई के नाम पर कैब बुक की थी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान रोहित त्यागी के रूप में हुई है। वह 20 साल का है और यूपी के गाजियाबाद का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि सलमान खान के घर से बांद्रा पुलिस स्टेशन के लिए लॉरेंस बिश्नोई के नाम से दो बार कैब बुक करके, उसे कैंसिल करने वाले युवक को, मुंबई पुलिस ने कविनगर थाना क्षेत्र के गोविंदपुरम से पकड़ा है।

# 2019 में कांग्रेस को वोट दिया होता तो कोटा बन गया होता पीएफआई का गढ़ : शाह

एजेंसी



**कोटा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर आपने 2019 में कांग्रेस को वोट दिए होते तो कोटा पीएफआई का गढ़ बन जाता। मोदी को वोट दिया तो पीएफआई का सफाया कर दिया। कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी है। गहलोत सरकार ने पांच साल तक ईआरसीपी को आगे नहीं बढ़ने दिया। भजनलाल सरकार ने तीन महीने में ही ईआरसीपी का काम आगे बढ़ा दिया।

हर गांव-ढाणी में ईआरसीपी का पानी पहुंचाने की मोदी की गारंटी है। शाह शनिवार को कोटा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले शाह भीलवाड़ा पहुंचे थे। यहां भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में विजय संकल्प महासभा को संबोधित किया था। इस सभा के माध्यम से शाह ने भीलवाड़ा जिले की जहाजपुर, मांडलगढ़, आसींद, मांडल, शाहपुरा, सहाड़ा, भीलवाड़ा और बूंदी जिले की हिंडोली विधानसभा को साधा। यह सभा जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र के शक्करगढ़ में हुई। शाह ने कहा कि हमने बहुमत का उपयोग गरीबी को हटाने में किया, देश को सुरक्षित बनाने में किया, अर्थतंत्र को 11वें से 5वें नंबर पर लाने में किया।

जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता जिंदा है, हम आरक्षण को हटाने नहीं देंगे। ये कांग्रेस पार्टी वाले झूठ फैला रहे हैं। देश के अर्थतंत्र को दुनिया में तीसरे नंबर पर लाने का काम नरेन्द्र मोदी करेंगे। जब 200 रुपये की मटकी भी लेने जाए तो टकोरा लगाकर देखते हैं तो फिर देश का खजाना किसे सौंपना है, इसका पूरा ध्यान रखकर वोट करना। बिरला को जिता कर लोकसभा भेजिए, हम कोटा-बूंदी को देश का नंबर 1 लोकसभा क्षेत्र बनाएंगे। शाह ने कहा कि गहलोत पूरा राजस्थान छोड़कर अपने बेटे को जिताने में लगे हुए हैं। हम 400 पार की बात करते हैं तो कांग्रेस के पेट में दर्द होता है। ये झूठ के सरदार है। उन्होंने कहा कि कोटा की साड़ी और कोटा स्टोन को दुनियाभर में जीओ टैग दिलाने का काम भी भाजपा ने किया है। राहुल बाबा कहते थे अनुच्छेद-370 मत हटाओ, खून की नदियां बह जाएगी। ये मोदी की सरकार है, खून की नदियां तो छोड़ो, कंकड़ चलाने की मजाल नहीं है किसी की। शाह ने कहा कि कोटा-बूंदी वालों बिरला को दिया गया एक-एक वोट, सीधा मोदी के अकाउंट में जमा होने वाला है। पहले चरण में सभी सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। 25 सीटों पर हैट्रिक लगाने का काम कोटा-बूंदी वालों को करना है।

## खबरें एक नजर में

### बेतिया में सात करोड़ की चरस समेत तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया।** पड़ोसी देश नेपाल से सात करोड़ अंतरराष्ट्रीय मूल्य की चरस लेकर बेतिया पहुंचे तीन तस्करों को बेतिया नगर पुलिस की टीम ने सुप्रिया रोड व बस स्टैंड में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी शुक्रवार की देर शाम की गयी है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया कि पुलिस टीम ने दो जगहों पर छापेमारी कर 35.766 किलो चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में इनरवा थाना के इनरवा बाजार निवासी फैयाज मियां (45), सिरिसिया थाना के भीखमपुर निवासी संजय पटेल (38) तथा सहोदरा थाना के बैरिया बाजड़ा निवासी सुरेश यादव (38) शाामिल है। इनके पास से तीन बाइक व दो मोबाइल बरामद हुए है। एफआईआर दर्ज कर तीनों को न्यायायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। एसपी को गुप्त सूचना मिली कि सुप्रिया रोड में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले इकट्ठा हुए है। सूचना के आधार पर एसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित किया। टीम ने सुप्रिया रोड में छापेमारी कर फैयाज मियां व संजय पटेल को गिरफ्तार किया। इनके पास से 31.766 किलो चरस बरामद हुआ। उसके बाद बस स्टैंड में छापेमारी कर सुरेश यादव को पकड़ा गया। इसके पास से बाइक व चार किलो ग्राम चरस बरामद हुआ। पश्चिम चंपारण ज़िला मे चरस तथा गांजा अफीम के कारोबार में काफ़ी तेज़ी आई है जिसपर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

### कांग्रेस नेता तजिंदर सिंह बिट्टू भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली।** पंजाब के कांग्रेस नेता तजिंदर सिंह बिट्टू ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने के कुछ घंटों बाद शनिवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। श्री बिट्टू यहां भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर श्री बिट्टू ने कहा, 卐मैंने कांग्रेस पार्टी में लगभग 35 साल बिताए हैं और आज मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी मुद्दों से भटक गयी है। मैं किसी के खिलाफ नहीं बोलना चाहता। मैं पंजाब की भलाई के लिए भाजपा में शामिल हो गया।卐 उन्होंने आगे कहा, 卐भाजपा पंजाब के विकास और यहां के लोगों के लिए बेहतर विकल्प है। मैं पंजाब के लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास करने का आग्रह करता हूं।卐 श्री बिट्टू ने आज ही हिमाचल प्रदेश के प्रभारी सचिव के साथ ही कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

### हमारा मुकाबला बीजेपी या उसकी ए-बी टीम से नहीं : उमर

**पुलवामा।** नेकां ने देरि मुर्रन पुलवामा में एक सार्वजनिक रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान पार्टी उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला, श्रीनगर लोकसभा सीट के प्रत्याशी आगा सईद रौहल्लाहा, जिला अध्यक्ष पुलवामा मोहि–उद–दीन मीर, पूर्व विधायक खलील बंद और असदुल्ला इलाही ने लोगों को संबोधित किया। रैली के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमारा मुकाबला अब बीजेपी और उसकी ए और बी टीमों से नहीं है, बल्कि दक्षिण कश्मीर में हमारे करीबी सहयोगियों में से एक से है। उमर ने यह बात पीडीपी का नाम लिए बगैर की और माना कि उनका मुकाबला पीडीपी के साथ ही है।

### टेस्ला प्रमुख एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित

**नई दिल्ली।** अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला प्रमुख एलन मस्क ने भारत दौरा कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। मस्क 22 अप्रैल को भारत आकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे। पिछले हफ्ते ही मस्क ने एक्स हैंडल पोस्ट पर खुद भारत दौरे की पुष्टि की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले की जानकारी रखने वाले शख्स ने एलन मस्क का भारत दौरा टलने की पुष्टि की है। हालांकि, इसके कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। टेस्ला और भारत सरकार ने इस पर अब तक कोई बयान जारी नहीं किया है। माना जा रहा है कि मस्क की भारत यात्रा टेस्ला की पहली तिमाही के प्रदर्शन से संबंधित सवालों का जवाब देने के लिए 23 अप्रैल को अमेरिका में एक कॉन्फ्रेंस कॉल के कारण टाली गई है।

### नए क्रिमिनल लॉ समाज के लिए ऐतिहासिक : सीजेआई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने तीन नए आपराधिक कानूनों को ऐतिहासिक बताया। सीजेआई ने ये भी कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में अहम बदलाव के लिए तैयार है। ये बदलाव तभी सफल होंगे, जब जिन पर इन्हें लागू करने का जिम्मा है, वे इन्हें अपनाएंगे। इन नए कानूनों ने आपराधिक न्याय के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। ये ऐतिहासिक इसलिए हैं, क्योंकि कोई भी कानून क्रिमिनल लॉ जैसा रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित नहीं करता। सीजेआई ने दिल्ली में एक कॉन्फ्रेंस इंडियाज प्रोग्रेसिव पाथ इन द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में ये बातें कहीं। कार्यक्रम में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मेहता मौजूद थे। तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता इस साल एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। इन कानूनों के बिल को संसद ने 21 दिसंबर 2023 को पास कर दिया था।

# चुनाव के बाद भी हिंसा की घटनाओं से पश्चिम बंगाल का कूचबिहार तनावपूर्ण

एजेंसी



**कोलकाता।** कूचबिहार के कई इलाके शनिवार को भी तनावपूर्ण रहे, जबकि शुक्रवार शाम को लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद उत्तरी बंगाल जिले के कुछ हिस्सों में चुनाव बाद हिंसा भड़क उठी। वह जिला, जहां अप्रैल 2021 में राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान एक ही दिन में गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई थी, शुक्रवार को जब मतदान चल रहा था, तब वह चुनाव संबंधी हिंसा का केंद्र बिंदु बना रहा।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया है कि दिनहाटा में उनके एक कार्यकर्ता के घर में तोड़फोड़ की गई और उनके पिता की भी पिटाई की गई, जबकि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दावा किया कि उनके कम से कम नौ कार्यकर्ताओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टीएमसी के गुंडों ने हमला किया। उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा ने कहा कि हमारे एक पंचायत सदस्य को दिनहाटा-द्वितीय ब्लॉक में पीटा गया था। शारीरिक रूप से अक्षम होने के बावजूद भी उन्हें नहीं बख्शा गया। मामले से परिचित लोगों ने कहा कि सीतलकुची में, मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद शुक्रवार रात एक भाजपा कार्यकर्ता के घर के सामने देशी बम फेंके गए। कोई घायल नहीं हुआ. पुलिस ने दिनहाटा के खार करिया गांव में कुछ कच्चे बम बरामद किए। गीतालदाहा से भी झड़प की खबर है। 10 अप्रैल, 2021 को सीतलकुची में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जब जिले में विधानसभा चुनाव हो रहे थे। जहां पथातुली गांव में एक कथित राजनीतिक झड़प में पहली बार मतदान करने वाले 17 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई, वहीं लगभग 15 किमी दूर जोरेपटकी गांव में केंद्रीय बलों की गोलीबारी में गांव के चार युवक मारे गए। शुक्रवार को चांदमारी, भेटागुड़ी, सीतलकुची, सीताई और माथाभांगा जैसे कुछ इलाकों में झड़पें हुईं।

### बैतूल में हादसा : बस पलटने से पुलिस व होम गार्ड के 21 जवान घायल

**बैतूल।** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में शनिवार तड़के एक बस के पलट जाने से उसमें सवार पुलिस और होम गार्ड के 21 जवान घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ये जवान चुनावी ड्यूटी करने के बाद राज्य में अपने गृह जिले राजगढ़ लौट रहे थे, तभी भोपाल-बैतूल राजमार्ग पर बरेठा घाट के पास उनकी बस पलट गई। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) शालिनी परस्ते ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के करीब चार बजे हुई। उन्होंने कहा, ''बस में कुल 40 जवान सवार थे जिनमें से पांच पुलिसकर्मी और बाकी होम गार्ड के जवान थे। ये जवान छिंदवाड़ा में चुनावी ड्यूटी करने के बाद राजगढ़ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में बस पलट गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल आठ कर्मियों का इलाज बैतूल के जिला अस्पताल में किया जा रहा है और मामूली रूप से घायल कर्मियों का उपचार शाहपुर अस्पताल में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रास्ते में आए एक ट्रक से टकराने से बचने के क्रम में बस पलट गई।

# अपनी पहचान की तलाश में 'रुसलान' फिल्म का ट्रेलर मुंबई में हुआ लॉन्च

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** मच अवेटेड फिल्म रूसलान से सामने आया दमदार डायलॉग, खूबसूरती से ट्रेलर के सार को खुद में लिए हुए हैं। इसे शुक्रवार को मुंबई में रिलीज किया गया ट्रेलर में फिल्म की कहानी की झलक देखने मिलती है, जिसमें नायक को हम खुद की खोज करते हुए देखते हैं। लीड रोल, जिसे आयुष शर्मा ने निभाया है, वह अपनी पहचान की खोज के लिए एक अथक यात्रा पर निकलता है, जिससे उसकी दुनिया बिखरने का खतरा पैदा हो जाता है।

डायरेक्टर करण एल. बुटानी की विजनरी कहानी के साथ-साथ शानदार विजुअल और थ्रिल करने वाले एक्शन सीन्स भी हैं, जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखते हैं। फिल्म में सुश्री मिश्रा को लीड एक्ट्रेस पेश किया गया है, जहाँ वह एक्शन फॉर्म में नजर आने वाली हैं। रूसलान में एक्शन और सस्पेंस के अलावा, गहरी बातें, मुद्दे हैं जो पहचान और मकसद पर बात करते हैं। यही वह चीजें हैं जो दर्शकों को फिल्म से जोड़ती हैं। बेहद दमदार कहानी और दिल को छू लेने वाले विजुअल्स के साथ रूसलान का ट्रेलर दर्शकों को अपनी कुर्सी के किनारे बैठने पर मजबूर करता है। आयुष शर्मा कहते हैं, मेरा दिल बेसब्री से इंतज़ार कर रहा है क्योंकि हमने दुनिया के सामने रूसलान का ट्रेलर पेश कर दिया है। एक्टर्स सुश्री मिश्रा ने हमें बताया, एक एक्टर के तौर पर रूसलान का हिस्सा बनना चैलेंजिंग और ग्रोथ से भरा एक रोमांचक सफ़र रहा है। हमारे ट्रेलर के रिलीज़ के साथ, मैं दर्शकों को हमारे द्वारा बनाई गई दुनिया की एक झलक दिखाने के लिए उत्साहित हूँ।

# सरकारी अनदेखी ने फेरा किसानों की मेहनत पर पानी : भूपेंद्र हुड्डा

एजेंसी



**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बारिश के चलते मंडियों में अव्यवस्था को लेकर शनिवार को सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की अनदेखी ने एकबार फिर किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। बार-बार मांग के बावजूद सरकार ने मंडियों में न सुचारू खरीद की और न ही बारिश से फसल को बचाने के लिए तिरपाल व बारदाने की व्यवस्था की।

शनिवार को जारी एक बयान में हुड्डा ने कहा कि किसान कई-कई दिनों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं और सरकार पोर्टल का झुंझुना बजा रही है। मंडियों में नियमित खरीद व उठान की कोई व्यवस्था नहीं हुई। उठान नहीं होने के चलते किसानों को भुगतान भी नहीं हो रहा है। 72 घंटे के भीतर भुगतान का दावा करने वाली सरकार की हकीकत एकबार फिर उजागर हो गई है। उन्होंने कहा कि मंडी में काम करने वाले कारोबारियों ने बताया कि गेहूं उठान का टेंडर सिस्टम लगभग फेल हो चुका है। जिन ट्रांसपोर्टर्स को टेंडर दिया गया है, उनके पास पर्याप्त मात्रा में गाड़ियां ही नहीं है। इसलिए आढ़तियों को फसल उठवाने के लिए मजबूरी में ट्रांसपोर्टर्स को रिश्वत देनी पड़ रही है। किसान और आढ़ती ही नहीं, सरकार ने मजदूरी की दरों में भारी कटौती करके, मजदूरों पर भी बड़ी मार मारी है। हुड्डा ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा पहले से दी गई चेतावनी के बावजूद सरकार आंखें बंद करके सोती रही।

# चारधाम के लिए अब तक हुए 1066157 पंजीकरण

▸ केदारनाथ धाम के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। केदारनाथ धाम के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है।

10 मई से शुरू होने वाली यात्रा में केदारनाथ धाम के लिए सबसे अधिक पंजीकरण तीर्थयात्रियों ने कराया है। केदारनाथ के लिए अब तक तीन लाख 52 हजार 879 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। दरअसल,चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए 19 अप्रैल शाम छह बजे तक कुल 1066157 पंजीकरण हुए हैं। चारधाम और हेमकुंड साहिब के लिए 159054 तीर्थयात्री प्रतिदिन पंजीकरण करवा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 15 अप्रैल सुबह सात बजे से प्रारंभ किए गए थे। चारधाम यात्रा पंजीकरण में यमुनोत्री के लिए 193998, गंगोत्री के लिए 200996, केदारनाथ के लिए 352879, बद्रीनाथ के लिए 304243 और हेमकुंड साहिब के लिए 14041 पंजीकरण हुए हैं। अब तक हुए पंजीकरण में टूरिज्म केयर उत्तराखंड मोबाइल ऐप से 137649 एवं वेबपोर्टल से 832705 तो व्हाट्सएप से 95803 पंजीकरण हुए हैं। पंजीकरण के लिए ये विकल्प तीर्थयात्रियों के लिए काफी आसान है। उत्तराखंड में 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। 10 मई को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। अक्षय तृतीया पर 10 मई को ही मां गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के भी कपाट खुलेंगे। जबकि भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुलेंगे। यात्रा के लिए सरकारी स्तर पर सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### चारधाम यात्रा के लिए टोल फ्री नंबर से भी पंजीकरण की सुविधा

चारधाम यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई है। पंजीकरण के लिए नाम, मोबाइल नंबर के साथ यात्रा करने वाले सदस्यों का ब्यौरा, निवास स्थान का पते के लिए आईडी देना आवश्यक है। पंजीकरण के लिए पर्यटन विभाग की वेबसाइट registrationandtouristcare.uk.gov.in पर लॉग इन करना होगा। व्हाट्स एप नंबर–8394833833 पर यात्रा (yatra) लिखकर मैसेज करके भी पंजीकरण कराया जा सकेगा। जो यात्री वेबसाइट पर पंजीकरण नहीं कर पाते हैं, उनके लिए पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर 0135–1364 जारी किया है। इस नंबर पर कॉल करने पर पंजीकरण की सुविधा दी गई है।

# हिमाचल प्रदेश में कलियुगी और अधर्मी सरकार : कंगना रनौत

एजेंसी




**मंडी।** मंडी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत का शनिवार को नाचन विधानसभा के चैलचौक और बल्ह के रिवालसर में भव्य स्वागत और रोड शो हुआ जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री एवम नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। यहां एक रोड शो के बाद सब्जी मंडी में जनसभा को संबोधित करते हुए कंगना रनौत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की हिमाचल में अधर्मी और कलियुगी सरकार चल रही है और इस सरकार को हर हाल में सत्ता से बाहर करना है।

कंगना रनौत ने कहा कि सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू यह बयान देते हैं कि उन्होंने 97 प्रतिशत हिंदू विचारधारा वाले प्रदेश में अपनी सरकार को स्थापित किया है। इससे ही स्पष्ट हो जाता है कि उनकी हिंदुत्व को लेकर क्या सोच है। ये अधर्मियों की सरकार है और ये सनातन विरोधी हैं जबकि दूसरी तरफ़ भारतीय जनता पार्टी की रामराज्य की अवधारणा को सत्य साबित करने वाली केंद्र सरकार है जो हर वर्ग का कल्याण कर नित नए विकास के आयाम सत्यापित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि एक जून को मतदान के माध्यम से जहां केंद्र में भाजपा की सरकार बनाएं वहीं प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनाने में अपना अहम योगदान दें।